

■ प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से बाजार धड़ाम - 12



■ सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि - 12



■ कांग्रेस, वामदलों अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत - 13



■ पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका - 14


आज का मौसम 38.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.24 सूर्यास्त 06.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:20 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 14 मई 2026, वर्ष 7, अंक 41, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## सीबीएसई 12वीं रिजल्ट में बेटियों का फास्ट ट्रैक

- 85% से ज्यादा छात्र सफल, पहली बार 'ऑन स्क्रीन' जांची गईं कॉपियां
- नतीजों में पिछले साल से 3% की गिरावट, 1.63 लाख छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस साल कुल 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

हालांकि, पिछले साल के मुकाबले इस बार उत्तीर्ण प्रतिशत में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि छात्र अपना रिजल्ट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट या डिजिलॉकर पर देख सकते हैं। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का सफलता प्रतिशत 82.13 रहा। वहीं, ट्रांसजेंडर श्रेणी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा।



सीबीएसई इंटर का रिजल्ट आने पर बरेली के एक स्कूल में खुशी से झूमे बच्चे।

### रिजल्ट के मुख्य आंकड़े

- 90% से अधिक अंक : 94,028 छात्र (कुल का 5.32%)
- 95% से अधिक अंक : 17,113 छात्र (कुल का 0.97%)
- कंपार्टमेंट श्रेणी : 1,63,800 छात्र (पिछले साल से 2% अधिक)

### पहली बार डिजिटल मूल्यांकन, 15 जुलाई को पूरक परीक्षा

सीबीएसई ने इस साल एक बड़ा तकनीकी बदलाव करते हुए पहली बार 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' के जरिए 12वीं की उत्तर-पुस्तिकाओं का पूर्ण रूप से डिजिटल मूल्यांकन किया। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, जिन छात्रों की कंपार्टमेंट आई है या जो किसी एक विषय में अपना स्कोर सुधारना चाहते हैं, वे 15 जुलाई से शुरू होने वाली अनुपूरक परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

## मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन, शरीर पर चोट के छह निशान

### मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से मौत की बात आ रही सामने

- योगी ने घर जाकर दी श्रद्धांजलि असम से दोपहर बाद लौटीं पत्नी व भाजपा नेता अपर्णा यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव (38) का बुधवार सुबह करीब छह बजे निधन हो गया। उन्हें सुबह गंभीर हालत में लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में केजीएमयू में डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह 'मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' यानी फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने के कारण कार्डियो-रेस्पिरेटरी कोलैप्स बताई गई है। रिपोर्ट में शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं।

प्रतीक यादव, स्व. मुलायम सिंह यादव और साधना गुप्ता के पुत्र थे। उनके निधन की खबर फैलते ही मुलायम सिंह यादव के परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रतीक यादव की पत्नी भाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव दो दिन से आसाम दौरे पर थीं, सूचना मिलते ही, वह दोपहर बाद फ्लाइट से लखनऊ पहुंची। पति का शव देख विलख पड़ी। इसके पहले सुबह प्रतीक के बड़े भाई सपा प्रमुख अखिलेश यादव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रतीक जीवन में बड़ा काम करना चाहते थे और उनका इस तरह अचानक चले जाना बेहद दुखद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को प्रतीक यादव के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समेत तमाम मंत्रियों ने पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव समेत परिवार के तमाम सदस्य और प्रतीक के साथियों के आंसू नहीं थम रहे थे। प्रतीक कुछ समय से फेफड़ों से जुड़ी बीमारी से भी जूझ रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर आवास लाया गया।



प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### चोट पर उठ रहे सवाल, विसरा सुरक्षित

प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं, जिनमें ज्यादातर चोटें छाती, दाहिने हाथ, कोहनी और कलाई के आसपास पाई गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीर पर मिले चोट के निशान कंट्यूजन प्रकृति के हैं। इनमें कुछ चोटें पांच से सात दिन पुरानी जबकि दो चोटें लगभग एक दिन पुरानी बताई गई हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी चोटें एंटीमॉर्टम यानी मृत्यु से पहले की हैं। चिकित्सकों ने स्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए पल्मोनरी थ्रोम्बोटिक मटेरियल सुरक्षित रखा है, जबकि विसरा को केमिकल एनालिसिस के लिए संरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मौत का प्राथमिक कारण फेफड़ों में बड़े स्तर पर रक्त का थक्का बनना माना गया है, जिससे अचानक कार्डियो-रेस्पिरेटरी सिस्टम फेल हुआ। हालांकि अंतिम निष्कर्ष विसरा और अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

### ब्रीफ न्यूज

#### अमूल - मदर डेयरी का दूध 2 रुपये लीटर महंगा नई दरें आज से लागू

**नई दिल्ली।** देश के दो सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने बुधवार को दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों की नई दरें गुरुवार से प्रभावी हो जाएंगी। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले एक साल में किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में करीब 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस बढ़ी हुई लागत के आंशिक बोझ को ही उपभोक्ताओं पर डाला गया है। अमूल ब्रांड का संचालन करने वाली संस्था जीसीएमएमएफ ने भी देश भर में अपनी सभी श्रेणियों में दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने के लिए किसानों से खरीद की बढ़ी लागत को ही जिम्मेदार ठहराया है।

#### तमिलनाडु: बागियों के दम पर टीवीके सरकार ने जीता विश्वासमत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चार दिन पहले सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में गठित तमिलगा वेत्री कषगम सरकार ने बुधवार को विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन में सरकार के पक्ष में 144 और विरोध में केवल 22 मत पड़े। यह जीत टीवीके सरकार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के 25 बागी विधायकों (सी वे षनमुगम और एसपी वेलुमणि सहित) द्वारा पक्ष में मतदान करने से मिली। द्रमुक के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया, जबकि अन्नाद्रमुक अध्यक्ष एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के गुट के 22 सदस्यों ने सरकार के विरोध में वोट डाला। (विस्तृत देश-दुनिया पर)

#### केरल के मुख्यमंत्री की घोषणा आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल ने केरल के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर अंतिम दौर की मंत्रणा की। पार्टी नेतृत्व इस फैसले की घोषणा गुरुवार को करेगा। खरगे के आवास '10 राजा जी मार्ग' पर दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने नेता चुनने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया था।

## मोदी के काफिले में वाहनों की संख्या घटी, बस से यात्रा करेंगे जनप्रतिनिधि

### प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद कई मुख्यमंत्रियों ने भी वाहनों की संख्या में कमी की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने और मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील करने के कुछ दिन बाद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद भाजपा-शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री की हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान उनके काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम की गई है। एसपीजी के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों को बरकरार रखा गया है। हैदराबाद में रविवार को मितव्ययिता उपायों के संबंध में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में कारों की संख्या को कम कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने, जहां भी संभव हो, अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी अपना काफिला घटा दिया है।

प्रधानमंत्री की अपील के बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सरकारी वाहनों की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बसों, ट्रेनों या अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अपनाने को कहा गया है। महाराष्ट्र सरकार ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि आधिकारिक यात्रा के लिए विमान का इस्तेमाल करने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अनुमति ली जाए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने घोषणा की कि वह गुजरात में हेलीकॉप्टर और विमानों से यात्रा करने के बजाय ट्रेन, राज्य परिवहन की बसों और सार्वजनिक परिवहन के संसाधनों से यात्रा करेंगे। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने प्रधानमंत्री की अपील के बाद अपनी प्रस्तावित अमेरिका यात्रा रद्द कर दी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपने काफिले के वाहनों की संख्या स्वयं कम करके आधी कर दी है और जरूरी होने पर ही आधिकारिक यात्रा करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उन्होंने अपने काफिले का आकार कम कर दिया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता की अपील को ध्यान में रखते हुए काफिले में वाहनों की संख्या कम कर दी।

## यूपी में मंत्री-विधायक मेट्रो, बस, ई-रिक्शा और साइकिल अपनाएं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग का संदेश देते हुए सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मंत्रियों से अपनी वाहन फ्लीट 50 प्रतिशत तक कम करने को भी कहा। योगी ने मंत्रिमंडल को आदर्श बनाने की नसीहत देते हुए विदेश दौरे पर छह माह तक रोक के साथ हाइब्रिड बैठकों, डिजिटल कार्यसंस्कृति और 'वर्क फ्रॉम होम' पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों से भी मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, साइकिल व कारपूलिंग अपनाने की अपील की।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बुधवार को पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यशैली को अधिक अनुशासित, जवाबदेह और ऊर्जा-संवेदनशील बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। मंत्रीगण सप्ताह में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें। उन्होंने शासन एवं प्रशासनिक कार्यों में बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित करने को कहा।

### सप्ताह में दो दिन हो वर्क फ्रॉम होम

मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने को कहा। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया।

### घरेलू स्थलों पर आयोजित हों शादी व अन्य समारोह

मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी-विवाह एवं अन्य समारोहों के लिए घरेलू स्थलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि अनावश्यक व्यय पर रोक और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले। कहा कि मंत्रीगण उपहार स्वरूप उन्हीं वस्तुओं का उपयोग करें, जिनका निर्माण प्रदेश में होता है।

## सोना-चांदी आयात दोगुने से ज्यादा महंगा इम्पोर्ट ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत

- रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचे रुपये को संभालने की कवायद, घरेलू बाजार में बढ़ेंगे दाम

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को रोकने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) को 6 प्रतिशत से सीधे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, प्लैटिनम पर भी टैक्स 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। नई दरें तत्काल प्रभावी हो गई हैं। इसके दायरे में सोने-चांदी के डोरे, सिक्के और अन्य वस्तुएं भी आएंगी।

देश में कच्चे तेल के बाद सोने का आयात सबसे ज्यादा होता है, जिससे बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बाहर जा रही है और रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। सरकार के इस कदम से घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल आने के आसार हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में देश के भीतर सोने और चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के साथ 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके चलते देश के कुल आयात में सोने-चांदी की हिस्सेदारी 11.8% से बढ़कर सीधे 14% हो गई है।

दुनिया में चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश में सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग के लिए किया जाता है, जिसके भुगतान में भारी मात्रा में डॉलर का इस्तेमाल होता है।

### सोना 8,550 और चांदी 20,500 रुपये तेज

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## नीट पेपर लीक : देशव्यापी एक्शन में सीबीआई, 3 राज्यों से 5 गिरफ्तार

- एनटीए मुख्यालय पहुंची टीम ब्योरा खंगाला
- 3 मई को हुई परीक्षा रद्द, 23 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बुधवार को देशव्यापी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने जयपुर से तीन, गुरुग्राम से एक और महाराष्ट्र के नासिक से एक व्यक्ति को दबोचा है।

सीबीआई की टीमों ने देश के कई शहरों में बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जांच के पहले ही दिन सीबीआई की टीम ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय का दौरा किया। वहां टीम ने नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज एकत्र किए और जांच प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से लंबी पूछताछ की। पेपर लीक के पुख्ता आरोपों के बाद सरकार ने 3 मई को आयोजित हुई इस परीक्षा को रद्द कर दिया था। इस साल नीट-यूजी 2026 के लिए देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 केंद्रों पर लगभग 23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनका भविष्य इस परीक्षा के रद्द होने से अधर में लटक गया है।

सीबीआई की छापेमारी के दौरान संदिग्धों के ठिकानों से मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए हैं। इन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा जा रहा है ताकि उन मैसेजिंग ऐप्स और नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके जिनके जरिए प्रश्न पत्र बांटे गए थे। नासिक से गिरफ्तार 30 वर्षीय आरोपी शुभम खैरनार को स्थानीय अदालत से 'ट्रांजिट रिमांड' मिलने के बाद पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।

उसे राजस्थान पुलिस के इनपुट पर नासिक पुलिस ने हिरासत में लिया था। सीबीआई इस मामले की शुरुआती जांच कर रही राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह के साथ लगातार समन्वय स्थापित कर नेटवर्क को खंगाल रही है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि कई अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है।

## आंधी-पानी का कहर : मुरादाबाद- बरेली मंडल में 13 लोगों की मौत

- बरेली में चार, शाहजहांपुर में दो संभल में दो, बदायूं में पांच की मौत
- लखीमपुर खीरी में एक और भदोही में 6 मरे

संवाददाता, बरेली/ मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुधवार को तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। बरेली और मुरादाबाद मंडल में 13 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में एक और भदोही में 6 लोगों के मरने की खबर है।

बरेली जिले के भमौरा के ग्राम नितोई निवासी गोमती (76) पत्नी स्व. पूरनलाल अपनी बेटी के घर जा रही थीं। इसी दौरान तेज आंधी चलने लगी। वह बचने को पप्पू के घर की दीवार के किनारे खड़ी हो गईं। दीवार की ईंटें गोमती के सिर पर आ गिरीं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ग्राम हर्रामपुर निवासी संजय सक्सेना की बेटी देवकी बगीचे में थी। तेज आंधी से बचने के लिए वह आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। पेड़ टूट गया और दबकर देवकी की मौत हो गई। आंवला क्षेत्र के ग्राम बेहटा जुनून में भी आंधी ने कहर बरपाया। टिन शेड गिरने से लिपि (61) मलबे में दब गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नंदगांव में घर की कच्ची दीवार गिरने से भैंसेराम (55) की जान चली गई।

बदायूं जनपद के कोतवाली बिसौली क्षेत्र में रानेट पुल पर डंपर पर पेड़ गिरने से चालक की मौत हुई। इसी क्षेत्र के गांव सिद्धपुर केथौली में झोपड़ी की दीवार गिरने से मलबा में दबकर दो बच्चियों की मौत हो गई, जबकि एक महिला और बच्ची घायल हो गए। बिल्सी मार्ग पर मलइया वाले बाबा के पास गुलाब बाग निवासी युवक के ऊपर पेड़ गिरने से मौत हुई। फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम तर्कपरौली में बारिश से बचने को कुछ ग्रामीण पाकड़ के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पेड़ जड़ समेत उखड़ गया। जिसके नीचे दबने से एक महिला की मौत हो गई।

शाहजहांपुर कटरा क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली के खंभे गिरने से दो बाइक सवारों की मौत हो गई।



आंधी से बरेली के आंवला क्षेत्र में जड़ से उखड़ गया विशाल पेड़।

मुरादाबाद मंडल के संभल जनपद के कैला देवी थाना क्षेत्र में महिला समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आंधी के चलते कई गांवों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर टूटकर गिर पड़े, पेड़ उखड़कर सड़कों पर आ गए तथा मकानों और टीन शेडों को भारी नुकसान पहुंचा। लखीमपुर खीरी के थाना मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया कढ़िले में दीवार और लिंटर गिरने से गृहस्वामी की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा घायल हो गए। भदोही जिले में तेज आंधी और बारिश से छह की मौत हो गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र कुमार मौर्य के अनुसार अब तक छह लोगों की मौत की जानकारी मिली है, लेकिन संख्या बढ़ सकती है।

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS (intake - 250) - Through NEET | (10+2 PCB) | 4½+1 Year |
| 02 | MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET | MBBS | 3 Year |
| 03 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 05 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 07 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 09 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 10 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | BDS (intake - 100) - Throught NEET | (10+2 PCB) | 4+1 Year |
| 11 | MDS (intake - 38) Through MDS NEET | BDS | 3 Year |
| 12 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 13 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 14 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 15 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 17 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 18 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 19 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 20 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 21 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 22 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 25 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 26 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 27 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 28 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 29 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 30 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 31 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 32 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 33 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 34 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

### Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

| | | | |
|---|---|---|---|
| 77 | BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60) | Through NEET (10+2 PCB) | 4½+1 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

## शहर में आज

- भाजपा महानगर के द्वारा सपा सांसद की टिप्पणी के विरोध में धरना प्रदर्शन कलक्ट्रेट परिसर में 11 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### जनगणना और एनपीआर अपडेट को जागरूकता का आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए) ने नागरिकों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। एमएचईए के अध्यक्ष नावेद उर रहमान ने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की योजनाओं और संसाधनों के निर्धारण का आधार है। उन्होंने उद्योग जगत, व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवारों और कर्मचारियों को जागरूक करें और सही जानकारी समय पर दर्ज कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर को जनगणना में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

# पेट्रोल खर्च पर अंकुश को आगे आए भाजपा जनप्रतिनिधि

## मुख्यमंत्री की पहल पर भाजपा नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने शुरू की पहल, पार्टी कार्यकर्ताओं व नागरिकों से भी अपील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा महानगर अध्यक्ष ने सप्ताह में दो दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने की जताई मंशा

**अमृत विचार :** ईंधन के अपव्यय को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल के बाद उससे कदमताल करते हुए भाजपा के जनप्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारी भी आगे बढ़ने लगे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष ने सप्ताह में कम से कम दो दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने की दिशा में स्वयं कदम बढ़ाया। वह बुधवार को सिविल लाइंस स्थित अपने आवास से बैटरी रिक्शा में बैठकर बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे।

अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में गहराए ईंधन संकट और अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश की जनता से ईंधन का अपव्यय रोकने, एक साल तक शादी विवाह या अन्य किसी आयोजन के लिए सोने के आभूषण न खरीदने, बैठकों को वर्चुअल करने आदि की अपील की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट की बैठक कर अपने सहित सभी मंत्रियों के फ्लीट को आधा कर ईंधन बचाने, सरकारी व अन्य संस्थाओं में बैठकों व मीटिंग को भौतिक रुप से न कर वर्चुअल मीटिंग करने की पहल को आगे बढ़ाया। अब इससे कदमताल करने के लिए भाजपा पदाधिकारी व जन प्रतिनिधि भी आगे आ रहे हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला सिविल लाइंस स्थित अपने आवास से बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय बैटरी रिक्शा से गए। इसकी लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं में चर्चा रही। भाजपा महानगर अध्यक्ष ने अपने साथ ही पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं से भी प्रधानमंत्री की अपील व मुख्यमंत्री की पहल को देशहित में समर्थन देने की अपील की। कहा कि सप्ताह में कम से कम दो बार अपने कार्यालय, व्यापार अथवा दैनिक कार्यों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं बैटरी रिक्शा का उपयोग अवश्य करें।


ई रिक्शे से जाते भाजपा महानगर अध्यक्ष।

### शिक्षकों की मांग, जनगणना पर भी लागू हो नियम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईंधन का अपव्यय रोकने की प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत करते हुए शिक्षकों का कहना है कि जनगणना भी आनलाइन कराई जाए। फील्ड में जाने पर शिक्षकों को भी वाहन में ईंधन भराना पड़ेगा, जिससे ईंधन की खपत बढ़ने के साथ देश की मुद्रा भी खर्च होगी। ऐसे में जनगणना के संबंध में होने वाली बैठकें वर्चुअल होने के साथ ही जनगणना को भी अधिकतम आनलाइन मोड में ही कराना उचित होगा।

### सत्ता पक्ष के विधायकों व अन्य जन प्रतिनिधियों पर भी नजर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री की अपील और मुख्यमंत्री की पहल के बाद भारतीय जनता पार्टी के जन प्रतिनिधियों पर भी लोगों की नजर है। इसका कितना गंभीरता से पालन किया जाएगा या केवल रस्म अदायगी होगी, इसके पर लोगों की निगाहें हैं। हालांकि अन्य जन प्रतिनिधि भी वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में प्रधानमंत्री की अपील को देशहित में जरूरी बता रहे हैं। स्वयं के साथ दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं।

### जनता को गुमराह कर रहीं भाजपा सरकारें व उनके नेता



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के नागरिकों से ईंधन का अपव्यय रोकने, एक साल तक सोना न खरीदने सहित अन्य अपील को समाजवादी पार्टी दिखावा मानती है। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री हों या अन्य भाजपा नेता व सरकार के मंत्री इनकी करनी व कथनी में अंतर है। पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के चुनाव के समय इन्हें वैश्विक ईंधन संकट की याद क्यों नहीं आई। यही नहीं प्रधानमंत्री की अपील के बाद भी भाजपा सरकारों के नेता मंत्री लंबे काफिले से भ्रमण कर रहे हैं। दरअसर इनका मकसद पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस आदि की कीमतें बढ़ानी हैं। इसके लिए माहौल बनाया जा रहा है।



" प्रधानमंत्री स्वयं इसका पालन कर रहे हैं। वैश्विक परिदृश्य की दृष्टि से यह अत्यंत आवश्यक है। मैं स्वयं सामाजिक जीवन में तामझाम व दिखावे से दूर रहता हूं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग से ईंधन खर्च कम होगा। वर्तमान परिस्थितियों में सभी को प्रधानमंत्री की अपील का पालन करना चाहिए।

–डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त
विधान परिषद सदस्य



" मेरे पास एक ही वाहन है। उसी का प्रयोग करता हूं। सप्ताह में एक दिन उसकी बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करूंगा। लोगों से अपील है कि वह प्रधानमंत्री की अपील पर देशहित में एकजुटता दिखाएं। तभी हम वैश्विक चुनौतियां से निपटने में सफल होंगे।

–गोपाल अंजान
विधान परिषद सदस्य

### जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल की अनदेखी पड़ेगी भारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल व शिष्टाचार पालन की अनदेखी अधिकारियों पर भारी पड़ सकती है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति इन प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा करेगी। सभापति गोविंद नारायण शुक्ल 15 मई को समिति के अन्य सदस्यों के साथ जिले के भ्रमण के दौरान अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे।

समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों के संबंध में प्रोटोकॉल एवं शिष्टाचार का पालन करने, जन प्रतिनिधियों द्वारा भेजे जाने वाले पत्रों के निस्तारण की कार्यालयों में स्थिति, विभिन्न विकास कार्यों के लिए दी गई धनराशि के व्यय आदि की बिंदुवार समीक्षा होगी। समिति मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल और रामपुर जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। डीएम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर पूछे जाने वाले सवालों का जवाब लेकर आने के लिए कहा है। डीएम ने अधिकारियों से कहा है कि 13 मई तक हर विभाग त्रुटिरहित सूचना तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराएं।

# युवक को थप्पड़ जड़ने पर रोडवेज चौकी पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- झूठे मर्डर केस और तमंचा में फंसाने की धमकी का पुलिस पर लगा आरोप

**अमृत विचार :** थाना गलशहीद क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने एक युवक को झूठे मर्डर केस और तमंचा में फंसाने की धमकी दी। घटना से नाराज लोगों ने रोडवेज पुलिस चौकी पहुंचकर प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

घटना मंगलवार की बताई जा रही है। किसी बात को लेकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और युवक के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोग पुलिस की कार्रवाई का वीडियो बनाने लगे। आरोप है कि वीडियो बना रहे एक युवक को कांस्टेबल ने थप्पड़ मार दिया।

इसके बाद माहौल और गरम हो गया और लोगों की भीड़ जुट गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच बहस होती दिखाई दे रही है।

हालांकि अमृत विचार किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लोगों का आरोप है कि पुलिसकर्मी युवक को गंभीर मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे थे। इससे गुस्साए लोगों ने रोडवेज चौकी पहुंचकर पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ प्रदर्शन किया। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर प्रभारी पवन कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है। फिलहाल पीड़ित युवक की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

# कोचिंग सेंटर में टीचर ने दो बच्चों को बंद कर पीटा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** मोहल्ला सराय निवासी याकूब का बेटा सालिब और उसका साथी हमजा उनकी दुकान पर हाजी तबारक मार्केट के पास गए थे। वहीं पर कोचिंग सेंटर है। इसमें पढ़ाने वाले टीचर नदीम पर दोनों बच्चों को कोचिंग में बंद कर पीटने का आरोप लगाया गया है। टीचर का कहना था कि बच्चे पत्थर मार रहे थे, जब वह स्कूल से आए थे। याकूब ने बताया कि सीसीटीवी में दोनों बच्चों को पकड़ कर ले जाते हुए कैद हो गई है। आरोप है कि टीचर ने अंदर ले जाकर बच्चों को बेरहमी से पीटा। बच्चों के गालों पर टीचर की उंगलियों के निशान भी छपे हुए हैं। याकूब का कहना है कि जब उसने टीचर से पूछा कि बच्चों को क्यों मारा है तो वह झगड़ने लगे और कहा कि बच्चे पत्थर फेंक कर मार रहे थे। इसके बाद याकूब अपने बेटे एवं उसके साथी हमजा को लेकर थाना पहुंचा। वहां कोचिंग सेंटर के टीचर के खिलाफ दोनों बच्चों को बंद कर पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने बताया कि दोनों ओर से प्रार्थना पत्र मिले हैं। इसकी जांच कर रहे हैं।

# काले बादलों ने बदला मौसम सुबह दिखा शाम जैसा नजारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में काले बादलों का डेरा छा गया, जिससे दिन में भी शाम जैसा दृश्य दिखाई देने लगा। तेज हवा और धूल भरी आंधी के कारण शहर की रफ्तार कुछ देर के लिए धीमी पड़ गई।
राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बचाव के लिए लोगों को दुकानों और शेड का सहारा लेना पड़ा।

सुबह के समय चली तेज हवा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। कई दिन से तेज धूप और उमस के बीच मौसम में आए बदलाव ने लोगों को कुछ देर राहत दी। घरों की छतों और गलियों में लोग बदलते मौसम का आनंद लेते नजर आए।

हालांकि आंधी के कारण कई क्षेत्रों में धूल उड़ने से परेशानी हुई। करीब 11:30 बजे के बाद धीरे-धीरे बादल छंटने लगे और तेज धूप निकली। इसके बाद फिर मौसम का अलग रंग दिखा, उमस बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं दोपहर में धूप तेज होने के बाद अधिकतम तापमान बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम में आए इस अचानक बदलाव ने लोगों को गर्मी से कुछ समय राहत जरूर दी, लेकिन तेज हवा और धूल भरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित भी किया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक यही बदला हुआ रुख देखने को मिल सकता है।


धूप के दौरान मुंह ढंककर निकले लोग। ● अमृत विचार

- तेज हवा और आंधी से लोगों को हुई परेशानी, 11:30 बजे के बाद निकली तेज धूप
- तापमान में भी रहा तेज उतार-चढ़ाव, गर्मी से मिली राहत पर उमस से रहे परेशान

# विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, जांच जारी

**अमृत विचार :** कटघर कोतवाली के पीतलनगरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव घर के कमरे की छत में बने कुंडे से कपड़े के फंदे पर लटका मिला। इसकी जानकारी पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार विवाहिता के मायके वालों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।


मृतका काजल।

पीतलनगरी बिजलीघर रोड निवासी मनोज कुमार की पत्नी काजल (23 वर्ष) ने बुधवार की सुबह घर के कमरे की छत के कुंडे में कपड़े के बने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। मौत की खबर सुनकर काजल के मायके वाले भी ससुराल पहुंच गए। मृतका के परिजन रोने-बिलखने लगे। मायके वालों ने फोन कर कटघर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतका के दादा शिवचरन ने बताया की काजल की शादी दो वर्ष पूर्व पीतल नगरी निवासी मनोज से शादी थी।

दोनों में अच्छा प्रेमभाव था। उसके दादा के अनुसार आत्महत्या करने के पीछे कोई वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया।

फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य जुटाए और कमरे की बारीकी से जांच की। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं। मृतका के परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# ब्राह्मण समाज का राजकुमार भाटी के खिलाफ प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग उठाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगवान परशुराम संघर्ष समिति के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बुधवार को राजकुमार भाटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी का पुतला दहन कर समाज की आस्था, सम्मान और संस्कृति पर की गई कथित टिप्पणी का विरोध जताया।

महानगर अध्यक्ष रजत शर्मा ने कहा कि कुछ लोग टीआरपी और सुर्खियां बटोरने के लिए लगातार ब्राह्मण समाज को निशाना बना रहे हैं, जबकि ब्राह्मण हमेशा समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन से 24 घंटे के भीतर राजकुमार की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करेगा। इस मौके पर चंचल शर्मा, शिबू पांडे, सानू मिश्रा, उज्ज्वल शर्मा, सूर्य शर्मा, सुभाष दीक्षित, विष्णु पंडित, रोहित शर्मा, सुधांशु शर्मा और विशाल शर्मा मौजूद रहे।


पुतला दहन के दौरान एकत्र प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार

### राजकुमार भाटी की टिप्पणी पर ब्राह्मण महासभा में रोष

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर की बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती हैं और किसी भी समाज के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग उचित नहीं है। समाजवादी पार्टी के गठन और विकास में कई ब्राह्मण नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पदाधिकारियों ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही पार्टी के ब्राह्मण जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से भी सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा। इस मौके पर डॉ. प्रदीप शर्मा, सुनील शर्मा, विमलेंद्र शर्मा, सुधांशु कौशिक, मिथुन शर्मा, सचिन शंखधर, सोनू शर्मा समेत रहे।

**नई पहल** | लगातार अलग कार्यशैली का परिचय दे रहे डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया

# परंपरा तोड़कर फरियादियों के पास पहुंचे जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहले एक फूल-एक किताब से स्वागत की कर चुके हैं अपील
- कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने की जन सुनवाई

**अमृत विचार :** कार्यभार संभालने के बाद से ही अपनी अलग कार्यशैली का परिचय जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया दे रहे हैं। पहले ही दिन कलक्ट्रेट स्थित उनके कक्ष के गेट पर डोर मेटल फ्रेम डिटेक्टर लगा तो इसकी चर्चा रही। फिर अगले ही दिन उन्होंने बुके की जगह एक पुष्प एक किताब से स्वागत करने की जन सामान्य से अपील कर पर्यावरण संरक्षण की पहल को आगे बढ़ाया।

कलक्ट्रेट में बुधवार को सुबह 10 बजे जन सुनवाई करने के दौरान वह अपनी सीट पर बैठने की बजाय उनके कार्यालय कक्ष में आए फरियादियों के पास ही पहुंच गए। हर आम व खास से मिलकर उन्होंने समस्या की जानकारी ली। इसी बीच व्हील चेयर पर एक दिव्यांग जब पहुंचा तो कक्ष में उसके प्रवेश से पहले ही जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया खुद कक्ष से बाहर निकल कर जनता के बीच आ गए। दिव्यांग से उसकी पीड़ा व समस्या जानने के बाद जिलाधिकारी ने उसके त्वरित निस्तारण का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। उनकी अलग कार्यशैली की कलक्ट्रेट अधिष्ठान के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आने वाले मुलाकातियों के बीच खूब चर्चा रही।

वहीं अपने कार्यकाल के पहले दूसरे दिन ही उन्होंने महंगे और प्लास्टिक या कृत्रिम फूलों पर पैसा लगाने को फिजूलखर्ची बताते हुए जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि उनके पास या किसी अन्य सार्वजनिक आयोजनों में आएं-जाएं तो मिलने पर एक पुष्प और एक पुस्तक भेंट करें। इससे कृत्रिम फूलों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है साथ ही बुके पर 250-500 रुपये खर्च करने की बजाय किसी को ज्ञानवर्धक व जनोपयोगी पुस्तक भेंट करें जिससे ज्ञानवर्धन के साथ ही किताबें पढ़ने के प्रति लोगों का लगाव बढ़ेगा। साथ ही मोबाइल के अतिशय प्रयोग से भी बचा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जन सामान्य की शिकायतों व समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्वक समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की।


पीड़ित के पास पहुंचकर समस्या पूछते जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया।

# पुस्तकें पढ़ें और पापकॉर्न माइंडसेट से बाहर निकलें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सब पढ़ें - आगे बढ़ें" मुहिम के अंतर्गत कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी को पुस्तकें पढ़ने और पॉपकॉर्न माइंड सेट से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। सत्र की शुरुआत मंडलीय गजेटियर को पढ़ने से हुई। सबसे पहले एसडीएम प्रीती सिंह ने मंडलीय गजेटियर प्रकाशित करने के उद्देश्यों को पढ़ा। इसके बाद अधिकारियों ने एक-एक घंटे तक बारी- बारी से गजेटियर के विभिन्न अध्यायों को पढ़ा। यह नई पहल है। "एक पुष्प - एक पुस्तक" अभियान भी इन्हीं उद्देश्यों के लिए शुरू किया गया है। जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों का ज्ञान अधिक से अधिक बढ़े।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पारुल बनीं जिला टॉपर, सीबीएसई 12वीं में छात्राओं का दबदबा

## 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने किया टॉप, स्कूल और मेधावियों के घरों पर मनाया गया जश्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार भी छात्राओं का दबदबा रहा। आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा पारुल सिंह ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। शिरडी साईं पब्लिक स्कूल विंग-1 की छात्रा समृद्धि ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी सफलता से विद्यालय और परिवार में उत्साह रहा। तीसरे स्थान पर दो विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से जगह बनाई। सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के छात्र आदित्य जैन और सेंट मेरी स्कूल की छात्रा रीशा रिजवान ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने खुशी जताई। रिजल्ट आने के बाद मेधावी विद्यार्थियों के घरों पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। स्कूलों में मिठाई बांटी गई और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की। मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उधर, रिजल्ट को लेकर सुबह से छात्रों में उत्साह बना हुआ था और रिजल्ट की घोषणा होते ही स्कूल पहुंच गए।


एडम एंड ईव्स कॉन्वेंट स्कूल में छात्राओं को मिठाई खिलातीं शिक्षिका।


क्रे सी एम स्कूल पर सेल्फी लेती छात्राएं। ● अमृत विचार


एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में रिजल्ट के बाद खुशी मनाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार


एस एस चिल्ड्रन एकेडमी में टॉपर्स को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार


रिजल्ट आने के बाद एस एस चिल्ड्रन एकेडमी में छात्र छात्राएं प्रधानाचार्य के साथ। ● अमृत विचार

### रिजल्ट देख खिले मेधावियों के चेहरे, मनाया जश्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) 12वीं का परिणाम बुधवार दोपहर जारी हुआ। जैसे ही सीबीएसई की वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड किया गया छात्र-छात्राओं ने मोबाइल और लैपटॉप पर अपने अंक देखने शुरू कर दिए। अच्छे अंक आते ही मेधावियों के चेहरे खिल गए। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने लगे। स्कूल में पहुंचे छात्रों ने एक दूसरे को बधाई देकर मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस वर्ष जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 4,898 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद से ही विद्यार्थियों में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी थी। बुधवार को रिजल्ट जारी होने के साथ ही स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और साइबर कैफे के बाहर हलचल बढ़ गई। कई अभिभावक बच्चों के साथ बैठकर रिजल्ट देखने में जुटे रहे। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के घरों पर रिश्तेदारों और परिचितों का बधाई देने के लिए आना-जाना लगा रहा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की। शहर के कई विद्यालयों ने अपने टॉपर विद्यार्थियों की सूची जारी की। स्कूल प्रबंधन की ओर से मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। रिजल्ट आने के बाद सफल विद्यार्थी आगे की पढ़ाई और भविष्य का ताना बाना बुनने में जुट गए।


पी एम एस स्कूल में खुशी मनाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

### कला वर्ग के विद्यार्थी टॉपर लिस्ट में छाए

**मुरादाबाद :** सीबीएसई 12वीं के इस वर्ष जारी हुए परिणाम में उलट फेर भी देखने को मिला है। टॉपर की लिस्ट में जहां विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी छाए रहते थे, इस बार कला वर्ग वालों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिला टॉपर की टॉप टेन लिस्ट में कला वर्ग के विद्यार्थी भी खूब हैं। हालांकि 97 .8 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पारुल विज्ञान वर्ग की छात्रा हैं। वहीं कला वर्ग से संवृद्धि वार्ष्णेय 97 .4 फीसदी, हर्षिता अग्रवाल के 96 .8, गौरांशी अग्रवाल के 96 .8 फीसदी, न्यासा सिंह के 96 .6 फीसदी, माही यादव के 96 .6 फीसदी, स्प्रिहा अग्रवाल के 96 .2, नियति सक्सेना के 96 फीसदी, अपूर्व त्रिपाठी के 94 .4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। वाणिज्य वर्ग में आदित्य जैन के 97 .2 फीसदी, गोकुल मिगलानी के 96 .6 फीसदी, आकाशी अग्रवाल के 96 .2 फीसदी अंक हैं।


शिर्डी साईं पब्लिक स्कूल में समृद्धि वार्ष्णेय को मिठाई खिलाती अध्यापिका।

### सीबीएसई जिला टॉप -10

| नाम | स्कूल | वर्ग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पारुल सिंह | आर्यन इंटरनेशनल स्कूल | विज्ञान | 97 .8 |
| समृद्धि वार्ष्णेय | शिरडी साईं पब्लिक स्कूल | कला | 97 .4 |
| रिशा रिजवान | सेंटमैरीज स्कूल, सिविल लाइंस | ज्ञान | 97 .2 |
| आदित्य जैन | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल | वाणिज्य | 97 .2 |
| शौर्या सिरोही | सेटमैरीज स्कूल,सिविल लाइंस | वाणिज्य | 97 |
| गौरांशी अग्रवाल | शिरडी साईं पब्लिक स्कूल | कला | 96 .8 |
| जुनैरा इलियास | सेंटमैरीज स्कूल, बुद्धि विहार | वाणिज्य | 96 .8 |
| माही सिंह | सेंटमैरीज स्कूल, बुद्धि विहा | कला | 96 .8 |
| हर्षिता अग्रवाल | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल | कला | 96 .8 |
| माही यादव | एसएससीए, कांठ रोड | कला | 96 .6 |
| गोकुल मिगलानी | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल | कला | 96 .6 |
| न्यासा सिंह | शिरडी साईं पब्लिक स्कूल | कला | 96 .6 |
| नैना भटनागर | एसएससीजीए, सिविल लाइंस | विज्ञान | 96 .2 |
| नव्या जैन | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल | वाणिज्य | 96 .2 |
| स्प्रिधा अग्रवाल | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल | कला | 96 .2 |
| अक्षी अग्रवाल | सीएलगुप्ता वर्ल्ड स्कूल | वाणिज्य | 96 .2 |
| नियति सक्सेना | एसएससीए, कांठ रोड | कला | 96 |
| रिद्धिमा अग्रवाल | जीएनपीएस | वाणिज्य | 96 |
| अशिंका वर्मा | सेंटमैरीज स्कूल, बुद्धि विहार | विज्ञान | 95 .8 |
| प्रतिष्ठा पवार | एसएससीए, कांठ रोड | कला | 95 .6 |
| यशफा सैफी | बोनी एनी पब्लिक स्कूल | वाणिज्य | 95 .6 |
| उमर फिरासत | क्रिप्टन पब्लिक स्कूल | विज्ञान | 95 .6 |

## बरेली जोन तैराकी प्रतियोगिता में अमरोहा का दबदबा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बरेली जोन की 64वीं अन्तर जनपदीय पुलिस तैराकी एवं महिला-पुरुष क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। 11 से 13 मई तक नवीं वाहिनी पीएसी के तरणताल में आयोजित इस प्रतियोगिता में बरेली जोन के बरेली, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, शाहजहांपुर, अमरोहा और बिजनौर जनपदों की टीमों के कुल 148 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का समापन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने किया।

तैराकी प्रतियोगिता में अमरोहा की टीम ने 10 गोल्ड मेडल जीतकर सर्वश्रेष्ठ टीम बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि बरेली की टीम छह गोल्ड मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रही। वाटर पोलो का फाइनल मुकाबला मुरादाबाद और अमरोहा के बीच खेला गया, जिसमें अमरोहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-3 से जीत दर्ज की। 50 मीटर फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में मुरादाबाद के कपिल अत्री ने प्रथम और बरेली के संदीप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अमरोहा के मुख्य आरक्षी नन्दन राणा ने पांच गोल्ड मेडल जीतकर सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब अपने नाम किया। क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता पुलिस लाइन में आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में रामपुर की टीम ने 35 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि मुरादाबाद की टीम 43 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में मुरादाबाद की टीम ने 22 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सीबीएसई बोर्ड: डायमंड पब्लिक स्कूल का शानदार रहा प्रदर्शन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में डायमंड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया तथा छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. गौरव कुमार, प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा एवं निदेशक डॉ. विमल कौशिक ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में अर्नव कुमार सिंह एवं शेरोन अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अर्पित कुमार ने 89 प्रतिशत, लक्ष्य बंसल ने 88.8 प्रतिशत, हिमांशी चौधरी ने 88 प्रतिशत, निर्वांक मानरिया ने 86.4 प्रतिशत, अग्रिमा चंद्रा ने 86 प्रतिशत, अक्षत मुद्गल एवं अंशिका तोमर ने 85.6 प्रतिशत, अक्षरा वर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा शिवांश टंडन ने 84.2 प्रतिशत, प्रखर श्रीवास्तव ने 83.2 प्रतिशत, शिवी रस्तोगी ने 82.8 प्रतिशत, तोषिता श्रीवास्तव ने 82.2 प्रतिशत, रितिक ढाका ने 82 प्रतिशत, तुषार राणा ने 80.8 प्रतिशत, वृंदा चिरंजीवी ने 80.6 प्रतिशत, आर्यन कुमार एवं अनन्या ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं श्रद्धा चौधरी ने 78 प्रतिशत, रिया चौधरी ने 76 प्रतिशत मिले।

● परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में छाई खुशी


अर्नव


शेरोन अग्रवाल


अर्पित कुमार

### हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में चमके मेधावी

**कांठ, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की टॉपर छात्रा अनमता ने 92 .40 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र मुदित कुमार ने 90 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 12 के ही छात्र मोहम्मद शाहन अंसारी ने 86 .6 % अंक प्राप्त कर गौरवान्वित किया। प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।


अनमता


मुदित कुमार


मौ शाहन अंसारी

### सीएनएस एकेडमी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कांठ, अमृत विचार :** सीएनएस एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के छात्र सौरिश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्राक्षी अग्रवाल ने 94 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आदित्य सिंह ने 93 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।


सौरिश अग्रवाल


प्राक्षी अग्रवाल


आदित्य सिंह

# कवि परशुराम 'नया कबीर' का निधन, दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● वयोवृद्ध कवि की अब तक 10 कृतियां हो चुकी हैं प्रकाशित

**अमृत विचार:** मुरादाबाद के रहने वाले वयोवृद्ध कवि परशुराम ''''नया कबीर'''' के लंबी बीमारी के बाद 85 वर्ष की आयु में हुए निधन हो गया। इससे स्थानीय साहित्यकारों में शोक छा गया।

कवि परशुराम पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ थे। कबीरदास की शैली में अध्यात्म और नैतिक मूल्यों के दोहे, छंद एवं चौपाइयों के माध्यम से कविताएं लिखने वाले परशुराम ''''नया कबीर'''' के निधन से बड़ी साहित्यिक क्षति हुई है। उनकी अब तक 10 कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें ''''परशु प्रतीति'''', ''''परशु पदावली'''' तथा ''''परशु प्रज्ञा'''' के 8 भाग सम्मिलित हैं। वह अनेक स्थानीय संस्थाओं से सम्मानित होने के साथ साथ मथुरा की संस्था अखिल भारतीय कला संस्कृति साहित्य परिषद द्वारा ''''साहित्यालंकार'''', ''''साहित्य मार्तण्ड'''' एवं ''''नया कबीर'''' की उपाधि से भी अलंकृत हुए थे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कवि परशुराम द्वारा मुख्यतः पूर्वांचल बोली में रचित साहित्य एक अमूल्य धरोहर हैं।


संस्था साहित्यिक मुरादाबाद, अक्षरा, हस्ताक्षर एवं हिन्दी साहित्य संगम की ओर से योगेन्द्र वर्मा ''''व्योम'''', डॉ. अजय अनुपम, डॉ. कृष्ण कुमार नाज़, डॉ. मनोज रस्तोगी, ओमकार सिंह ओंकार, डॉ. पूनम बंसल, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, राजीव प्रखर, हेमा तिवारी भट्ट, विवेक निर्मल, मीनाक्षी ठाकुर आदि साहित्यकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जवाहर नवोदय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला का कक्षा 12 सत्र 2025-26 का सीबीएसई विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विज्ञान वर्ग के छात्र मृत्युंजय ठाकुर ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य वर्ग की छात्रा अलशिफा सैफी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा मनीषा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा छात्रा मनस्वी ने आईटी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय का कुल औसत परीक्षा परिणाम 80.21 प्रतिशत रहा। विषयवार औसत परिणाम में हिंदी का औसत 92.08 प्रतिशत, अंग्रेजी का 82.04 प्रतिशत, गणित का 58.27 प्रतिशत, आईटी का 86.49 प्रतिशत, अर्थशास्त्र का 77.06 प्रतिशत, व्यवसायिक अध्ययन का 68.01 प्रतिशत, लेखांकन का 64.70 प्रतिशत तथा ऑटोमोटिव विषय का औसत 78.33 प्रतिशत दर्ज किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़ ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


अलशिफा


मनीषा

● विद्यालय के परिणाम पर प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने जताई खुशी


मृत्तुजय

### भारत इंटरनेशनल स्कूल में समरीन ने हासिल किए 95.2 प्रतिशत अंक

**बिलारी, अमृत विचार :** एसबीएस स्कूल हाथीपुर में सीबीएसई इंटर के रिजल्ट में नव्या रस्तोगी ने 92 .6% अंक लेकर कॉलेज टॉप किया। 88 .2% अंक लेकर प्रसून सक्सेना दूसरे और 84 .2 प्रतिशत अंक लेकर नंदिनी गोयल तीसरे स्थान पर रही। रानी प्रीतम कुंवर स्कूल बिलारी के प्रधान अध्यापक रंजीत ईश्वर के अनुसार अस्सी प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। विज्ञान वर्ग में 86 .6 % अंक लेकर ध्रुव कुमार ने प्रथम, पर्व शंखधार 74 .8 % लेकर दूसरे, अर्श 74 .4 % अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कामर्स वर्ग में दक्ष ने 70 .8 % ) अंक लेकर बाजी मारी, कृष्णा 64 % ,कामेंद्र ने 59 .8 % ) अंको के साथ तीसरा स्थान पाया। वरिष्ठ अध्यापक परमानन्द सक्सेना और समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जटपुरा झाड़ू गांव स्थित भारत इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। समरीन ने 95 .2% नंबर लाकर पहला, दीपांशु शर्मा ने 91% के साथ दूसरा और वंश कुमार सिंह ने 90% नंबर पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कीर्ति 83 .6%, शिल्पी 83 .4%, वंशिका चौधरी 82 .2%, असद खान 81 .4%, सिमरा 81%, अंशना चौधरी व अभिषेक ने 80 .6% अंक प्राप्त किए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
पहले मेरा नाम दक्ष गुप्ता था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम ध्रुव गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। ध्रुव गुप्ता पुत्र श्री आशीष कुमार गुप्ता निवासी मण्डी बॉस नियर आर्य समाज मुरादाबाद।

सूचना
मैंने अपना नाम THOORA NOOR से बदलकर TAHOORA NOOR रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। TAHOORA NOOR W/O MOHAMMAD ZUBAIR R/O PAKKA BAGH GALSHAHEED MORADABAD-244001

नाम परिवर्तन सूचना
पहले नाम ANWAR AHMAD था, अब बदल कर ANWAR HUSSAIN S/O BUNDU R/O MOHALLA ALI MOHAMMADPUR PS AMROHA DEHAT DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना
मैंने अपना नाम KUMAN DEVI से बदलकर BABLI W/O AJAY VEER SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। बबली पत्नी श्री अजय वीर सिंह निवासी ग्राम कूबी पोस्ट पपसरा तहसील अमरोहा जिला अमरोहा।

नाम परिवर्तन सूचना
पहले मेरा नाम SHOEB AKHTAR था, अब बदल कर HAKEEM SHOEB AKHTAR S/O SIANAT ULLAH R/O MOHALLA QAZI ZADA AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में पिता-पुत्र समेत चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** देर रात खाना खाकर टहलने जा रहे तीन लोगों पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें पीड़ित के परिवार के कई लोग घायल हो गए। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र सोमपाल सिंह 10 मई की रात्रि करीब 9 बजे परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ खाना खाकर गांव में टहलने जा रहे थे। तभी मोहल्ले के ही नरेंद्र सिंह पुत्र होरी सिंह ने उन्हें देखकर गाली देनी शुरू कर दीं। जब विरोध किया तो पहले से घात लगाए बैठे अमन पुत्र नरेंद्र और दो अज्ञात लोग लाठी डंडों और धारदार हथियारों से जान से मारने की नियत से मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस ने प्रत्याशियों के बायोडाटा मांगे

**कुंदरकी, अमृत विचार :** इंडियन नेशनल कांग्रेस के नगर अध्यक्ष शौकत नेता ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के लिए 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशियों के बायोडाटा जमा करने का आह्वान किया है।बुधवार को जारी सूचना के अनुसार, गुरुवार सुबह 10 बजे शौकत नेता के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की एवं नगर अध्यक्ष शौकत नेता उपस्थित रहेंगे। सभी इच्छुक कार्यकर्ता अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं। कांग्रेस ने सभी इच्छुक सदस्यों से सहयोग की अपील की है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शाहबाद रोड स्थित मोहम्मद अली जौहर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम विनय कुमार सिंह ने मेधावी बच्चों को प्रस्तुत किया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर समाज को जागरूक करने के संदेश दिए। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम विनय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव और मेटल मास्टर मंसूर आलम का विद्यालय कमेटी ने बैज लगाकर और बुके देकर खास इस्तकबाल किया।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करके ब्लैकमेल करने वालों पर दर्ज होगी रिपोर्ट

## सीएम डैशबोर्ड की बैठक में योजनाओं में गंभीरतापूर्वक प्रगति बढ़ाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति गंभीरता से बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल का दुरुपयोग करके ब्लैकमेल करने वाले माफिया पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की बैठक में प्रगति की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गतविभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। कहा जिन योजनाओं में जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है उनसे संबंधित अधिकारी गंभीरता दिखाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर संपर्क करने के प्रमाण भी निस्तारण आख्या के साथ संलग्न करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों को विशेष गंभीरता बरतने की जरूरत है। आईजीआरएस पोर्टल पर बार-बार निराधार शिकायत कर पोर्टल को ब्लैकमेलिंग का जरिया बनाने वालों को चिन्हित किया जाएगा और ऐसे गंभीर प्रकृति के मामलों में एफआईआर भी दर्ज होगी। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों और समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, इसलिए अधिकारी गंभीरता दिखाएं अन्यथा उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी। पोर्टल पर आने वाली शिकायतों से संबंधित व्यक्ति से अनिवार्य रूप से संपर्क करने के लिए कहा। बताया कि यदि प्रकरण निस्तारण योग्य है तो गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित कर दें अन्यथा शिकायतकर्ता को निस्तारण न होने के कारणों की स्पष्ट जानकारी दें। इसके बाद विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम वित्त ममता मालवीय, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, एडीएम प्रशासन संगीता गौतम, एडीएम सिटी ज्योति सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बैंक नहीं मांग सकते अनावश्यक दस्तावेज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का लाभ देने के लिए बैंक अनावश्यक दस्तावेजों की मांग नहीं कर सकते हैं। शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन अपने स्तर से नियम न बनाएं, प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाएं। इससे जुड़ें वेंडर्स ने कहा कि तीन महीने में बैंकों में कई प्रकरण लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कहा कि बैंकर्स की भूमिका संतोषजनक नहीं है। उन्होंने जिला विकास अधिकारी से कहा कि साप्ताहिक रूप से इसकी मॉनिटरिंग होगी। एक वेंडर ने बताया कि उनके साथ बैंकर्स ने अभद्रता की, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अभद्रता करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।

# बकरीद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



मैनाठेर थाने में शांति कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व गणमान्य लोग।

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना में पुलिस प्रशासन ने लोगों के साथ की बैठक, सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का किया आह्वान।

मंगलवार शाम मैनाठेर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले भड़काऊ पोस्ट एवं वीडियो को न शेयर करें और न ही उन पर विश्वास करें। ाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# डंपर की टक्कर से बियर शॉप के सेल्समैन की मौत

**भगतपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम चक कचनाल मोड़ के पास मंगलवार की रात्रि ग्राम उधौपुरा पूर्वी निवासी दीपू (24) को डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए भोजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दीपू भगतपुर क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी रोशनपुर स्थित बियर की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था एवं 15 दिन पूर्व उसका विवाह हुआ था।



मृतक दीपू।

परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 8:30 बजे दीपू ड्यूटी पर मौजूद था। वहां से शादी में जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। जैसे ही वह चक कचनाल गांव के पास मोड़ के नजदीक पहुंचा तभी भोजपुर की दिशा से आ रहे एक डंपर के चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपू का करीब 15 दिन पूर्व विवाह हुआ था। दीपू तीन भाइयों में सबसे छोटा था एवं बहेड़ी रोशनपुर स्थित बियर की दुकान पर सेल्समेन का कार्य करता था।

# बाइक सवार ने युवक पर हमलाकर दी जान से मारने की धमकी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम नगलिया नारायण निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6:25 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान नगलिया नारायण के पास जाम लगा हुआ था। आरोप है कि तभी गांव का ही एक युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां पहुंचा और रास्ता मांगने लगा। पीड़ित के अनुसार उसने बाइक साइड करने में असमर्थता जताई तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली।

# तालाब और पोखर 2 जून से पहले भरने के निर्देश

**कांठ, अमृत विचार:** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक मंडल कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। इस दौरान सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उप्र शासन के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह विश्नोई ने 2 जून से पहले सभी तालाब और पोखर भरने के निर्देश दिये।

बैठक में सबसे पहले पूर्व में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकांश कार्य पूर्ण पाए गए, जबकि कुछ कार्य प्रगति पर हैं। नलकूप संख्या 240 एजी की पाइपलाइन एवं महमूदपुर रजवाहा को कोकरपुर से गांगन नदी तक बढ़ाने का कार्य बजट उपलब्ध होते ही पूरा कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं शिवपुरी मूढा पांडे महाविद्यालय के पुल से संबंधित फाइल शीघ्र अधिशासी अभियंता धामपुर से भेजे जाने की बात कही गई। बैठक में विश्नोई ने निर्देश दिए कि 2 जून से पहले सभी तालाबों और पोखरों को पानी से भर दिया जाए। इस कार्य में नहर एवं नलकूप विभाग संयुक्त रूप से सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकांश नहरों में टेल तक पानी पहुंच चुका है तथा शेष नहरों में अगले सप्ताह तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वर्तमान समय में क्षेत्र में कुलाबों, बाढ़ अथवा सूखे जैसी कोई समस्या नहीं है।



बैठक में दिशा निर्देश देते धर्मपाल सिंह विश्नोई। ● अमृत विचार

तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम मुनीमपुर में पूर्व प्रधानाचार्य रघुनाथ सिंह ने सरकारी ट्यूबवेल की मांग भी रखी गई, जिसे शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 540 ट्यूबवेल में से केवल दो यांत्रिक तथा तीन विद्युत दोष के कारण बंद हैं, जिन्हें एक सप्ताह के भीतर ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े नलकूपों को 18 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों से जुड़े नलकूपों को 23 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने की, जबकि संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में आरपी सिंह अधिशासी अभियंता नहर, नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप, श्रद्धा भट्ट अभियंता नलकूप, अमित कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी, राकेश कुमार, मलखान सिंह, मुकेश कुमार उपाध्याय अभियंता बाढ़ खंड, सुशील यादव, अंकुर पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समर्पण दिवस पर गूंजा मानवता का संदेश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मंगलवार को निरंकारी सत्संग भवन में मिशन के पूर्व सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर सतगुरु के बताए मानवता, प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



संत निरंकारी भवन में सत्संग करते प्रचारक। ● अमृत विचार

समर्पण दिवस के अवसर पर मुरादाबाद से पहुंचे प्रचारक भगवान दास ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 36 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हुए पूरी दुनिया को प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समर्पण दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने जाति, धर्म, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी और रंगभेद जैसी सामाजिक दूरियों को मिटाकर मानवता को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। ब्रह्मप्रकाश गुप्ता ने कहा कि मनुष्य को तन, मन और धन से सद्गुरु के प्रति समर्पित होकर मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही सच्चे मोक्ष का मार्ग है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सेवादल संचालक डॉ. राम कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, देवेंद्र नागपाल, दीपक कुमार, रघुनाथ सिंह, नरेश चंचल, विशाल, योगेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश, सुनीता अग्रवाल, रितु गुप्ता, वंदना चौहान, राजबाला देवी, किशन देवी, शकुंतला देवी, निशा गोला, लक्ष्मी, पूजा, पूनम, ओमवती सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

- श्रद्धा से याद किए गए बाबा हरदेव सिंह जी महाराज

# गन्ना सर्वे में दर्ज होगी सह फसली व एग्रोफॉरेस्ट्री खेती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 30 जून तक चलेगा सर्वे, सात लाख से अधिक किसान होंगे लाभान्वित

**अमृत विचार:** पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण शुरू हो गया है जो 30 जून तक चलेगा। उप आयुक्त गन्ना मुरादाबाद मंडल हरपाल सिंह ने बताया कि इस बार सर्वेक्षण को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खेत में मौजूद वास्तविक गन्ना किस्म का ही सर्वे में अंकन किया जाए।

उन्होंने बताया कि अब सर्वेक्षण में केवल गन्ने का रकबा ही नहीं, बल्कि सहफसली खेती (इंटरक्रॉपिंग), एग्रोफॉरेस्ट्री और फार्म फॉरेस्ट्री का विवरण भी अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने वाली खेती प्रणालियों का सही आकलन हो सकेगा। साथ ही ट्रेंच और जोड़ीदार पंक्ति विधि से की गई बुवाई के आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे, जिससे यांत्रिक गन्ना कटाई में सुविधा मिलेगी। मुरादाबाद परिक्षेत्र के अंतर्गत बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा और सम्भल जनपदों में कुल 814 सर्वे टीमें पांच हजार से अधिक गांवों में सर्वेक्षण कार्य कर रही हैं। इससे सात लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि गन्ना विकास विभाग का उद्देश्य टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देना और किसानों को विविधीकृत खेती के लिए प्रेरित करना है।

# कीट नियंत्रण और पेड़ी प्रबंधन पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से बुधवार को मिल प्रांगण में कृषकों को आधुनिक खेती, पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ना फसल को कीट एवं बीमारियों से सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यक्रम में मंचासीन उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टीएस यादव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उप महाप्रबंधक प्रभात सिंह तथा सुनील कुमार मलिक सहित चीनी मिल के कई अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् ने किसानों और गन्ना विभाग के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपील की कि सर्वेक्षण के दौरान स्वयं खेत पर उपस्थित रहकर क्षेत्रफल और गन्ना प्रजाति का सही अंकन कराएं, ताकि आगामी पेराई सत्र में किसी प्रकार की परेशानी न हो। वर्तमान समय में टॉप बोरर कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।



त्रिवेणी चीनी मिल रानी नागल में आधुनिक खेती की जानकारी देते विशेषज्ञ।

- त्रिवेणी चीनी मिल में कृषक गोष्ठी

# शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के बुद्ध बाजार स्थित नगर पालिका परिषद द्वारा आवंटित खोखों को तोड़कर कब्जा करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। दो अलग-अलग पीड़ितों ने कुछ प्रभावशाली लोगों पर दबंगई के बल पर खोखे ध्वस्त कराने, और लगातार धमकियां देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित बुधवार की देर शाम परिवार सहित कोतवाली मैं पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी अब्दुल हमीद पुत्र अली बक्श ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा उसे भूखण्ड संख्या 51, बुद्ध बाजार में खोखा आवंटित किया गया था, जहां वह हेयर सैलून चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। आरोप है कि कुछ लोगों ने उक्त भूमि पर कब्जा करने की नीयत से उस पर खोखा हटाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर वर्ष 2005 में मिलीभगत कर उसका खोखा तुड़वा दिया गया तथा उसमें रखा सामान भी उठा लिया गया। मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड नंबर 12 निवासी सुरेश चन्द्र रूहेला ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा उन्हें भूखंड संख्या 52 पर मिठाई का खोखा लगाने के लिए स्थान आवंटित किया गया था। वह वर्षों से वहां कारोबार कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। आरोप है कि पास की जमीन खरीदने के बाद कुछ दबंग लोगों ने उनके भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से दबाव बनाना शुरू कर दिया और वर्ष 2005 में उनका खोखा जबरन तुड़वा दिया गया।

# वीडियो बनाने से मना करने पर महिला से की मारपीट

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में रात के समय घर की वीडियो बनाने को मना करने पर महिला को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी निवासी मासूम जहां पुत्री साबिर अपने घर पर अकेली थी। 8 मई की रात को समय करीब 8:00 बजे के करीब उसके पड़ोस के फुरकान, फैजान उनकी बहन साजिया तीनों मासूम जहां के घर में पहुंच गए और छत पर पहुंच कर उसके घर की वीडियो बनाने लगे। जब तीनों से वीडियो बनाने को मना किया तो आरोपियों ने पहले गाली गलौज की और गाली देने को मना किया तो उन्होंने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# विधायक कमाल अख्तर ने सुनीं जनसमस्याएं



नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कांठ। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार :** पूर्व कैबिनेट मंत्री सपा विधायक कमाल अख्तर ने कांठ स्थित कैम्प कार्यालय पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान जनता ने बिजली, सड़क, पानी, राशन, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से समस्याओं के शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा 2027 का विधानसभा चुनाव नज़दीक है और सभी कार्यकर्ता अभी से पूरी मेहनत एवं मजबूती के साथ चुनाव की तैयारियों में जुटें।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 14 मई 2026

रामपुर

# अभय कक्कड़ को मिले 98 प्रतिशत अंक, जिला टॉपर का ताज

## सीबीएसई इंटरमीडिएट परिणाम : 97.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर साक्षी, गौरिका और अभिनव शर्मा का रुतबा बुलंद

### बेटे के सिर सजा ताज, ओवर ऑल बेटियां बनीं चैंपियन

**रामपुर, अमृत विचारः** सीबीएसई 12वीं परिणाम में जिले के टॉपर का ताज भले ही बेटे अभय कक्कड़ के सिर सजा हो, लेकिन ओवरऑल चैंपियन बेटियां रहीं हैं। जिले की टॉप टेन में 20 छात्र-छात्राओं के नाम शामिल हैं जिसमें 15 बेटियां और 5 बेटों के नाम है। बेटियों ने जिले में परचम लहराया है यह बात अलग है कि 98 प्रतिशत अंक जिला टॉपर अभय कक्कड़ बने हैं। दूसरे स्थान पर अभिनव शर्मा के अलावा 97.8 प्रतिशत अंक लाकर साक्षी और गौरिका हैं। जिले की टॉप टेन में एक बार फिर बेटियों ने परचम लहराया है। टॉप टेन की सूची में 20 नाम हैं जिसमें 15 पर बेटियों का कब्जा है। टॉप टेन में अर्जिता सिंह, महक, सिद्धि अग्रवाल, करमजीत कौर, इश्तिता सक्सेना, अंशिका सिंह, सुमैरा सैफी, श्रेय, शौर्या, ज्योति सिंहवाल, मुंतेहा मेराज सानिध्य जैन और मौलश्री शर्मा का नाम है। जबकि, बेटों में अभय कक्कड़, अभिनव शर्मा, मनमोहक वाष्णेय, शुभम रस्तोगी और मोहम्मद इब्राहीम के नाम शामिल हैं। रिजल्ट आने के बाद बेटे और बेटियों के घरों पर खुशी का माहौल है। 12वीं की परीक्षा के लिए 3075 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

- **टॉप टेन में 15 बेटियां और 5 बेटे शामिल**

### प्रशासनिक अधिकारी बनने का है सपनाः अभय

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं रिजल्ट में आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्र अभय कक्कड़ प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा बनकर समाज सेवा करना चाहते हैं। उत्तराखंड किच्छा के मोहल्ला आवास विकास कालोनी निवासी पवन कक्कड़ पेशे से व्यापारी हैं तथा उनकी पत्नी पायल कक्कड़ हाउस वाइफ हैं। जैसे ही उनके पुत्र अभय ने जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया तो परिजनों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाई देनें वालों का तांता लग गया। अपनी सफलता का मूलमंत्र साझा करते हुए जिला टापर अभय कक्कड़ ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी के दौरान मोबाइल फोन से पूरी तरह दूरी बना ली थी। तनाव कम करने के लिए उन्होंने क्रिकेट और बैडमिंटन जैसे खेलों को तरजीह दी। इस सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया।


अभय कक्कड़।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट बुधवार की दोपहर घोषित हुआ। धड़कते दिल से छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मोबाइल पर रिजल्ट देखा और पास होने पर खुशी से उछल पड़े। इसके बाद हाथों में मिठाई के डिब्बे लेकर स्कूलों का रुख किया और प्रधानाचार्य, प्रबंधक और शिक्षकों को मिठाई खिलाई।

आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर के अभय कक्कड़ ने 98 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। सेंट मेरी स्कूल रामपुर की साक्षी, व्हाइट हाल स्कूल की गौरिका गुप्ता और इसी स्कूल के अभिनव शर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सेंट मैरी की अर्जिता सिंह 97.4 प्रतिशत के साथ तीसरे पायदान पर रही। बुधवार को सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट घोषित की खबर सुनकर सीबीएसई 12वीं के छात्र-छात्राओं के दिलों की धड़कन बढ़ गई। मोबाइल पर रिजल्ट देखने का प्रयास किया लेकिन, साइट स्लो चलने पर किसी ने साइबर कैफे और किसी ने स्कूल का रुख किया। रिजल्ट देखकर और पास होने पर छात्र-छात्राएं खुशी मनाने लगे। कुछ छात्र-छात्राओं का मोबाइल पर रिजल्ट खुल गया, छात्र-छात्राओं द्वारा अपने स्कूल की वेबसाइट पर अपना रोल नंबर टाइप करने पर रिजल्ट सामने आ गया। जिले का टॉपर आरएएन पब्लिक स्कूल का अभय कक्कड़ 98 प्रतिशत अंक लाकर जिले का टॉपर बना है। दोपहर में तमाम स्कूलों के प्रबंधक और प्रिंसिपल मीडिया कर्मियों से पूछते रहे कि जिला टॉपर कौन है। शाम तक साफ हो गया है कि बिलासपुर के अभय कक्कड़ ने जिला टॉप किया है। जिला टॉप करने पर अभय काफी खुश है वह स्कूल पहुंचा और अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिले के टॉप टेन टॉपर्स काफी खुश हुए और उन्होंने परिजनों समेत अपने-अपने स्कूलों में पहुंचकर गुरुजनों को मिठाई खिलाई। शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- **रामपुर शहर के स्कूलों के मुकाबले देहात अधिक चमका**
- **बिलासपुर के स्कूलों ने अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया**


सेंट मैरी स्कूल में जिले की दूसरी टॉपर साक्षी को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य।


सेंट मैरी स्कूल में परिणाम आने के बाद खुशी जतातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


परिणाम के बाद खुशी जतातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


अभय कक्कड़ को मिठाई खिलाती मां।

### 97.2 प्रतिशत अंक के साथ महक बनीं डीएमए की टॉपर

**रामपुर, अमृत विचार :** दयावती मोदी एकेडमी में 28 बच्चों के 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक आए है। इनमें महक ने 97 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉपर बनी, जबकि जिले में चौथा स्थान हासिल कया है। इसके बाद सिद्धि अग्रवाल के 97 ने स्कूल में द्वितीय व जिले में पांचवा स्थान पाया है। वहीं अंशिका पटेल और आराध्या सिंह के 95 .6 स्कूल की तीसरी टॉपर बनीं। वंशिका गुप्ता 95, कार्तिक कुमार 94 .8, तान्या ग्रेवाल 94 .6, तनुश्री अग्रवाल 94, आरव सिंह के 93, अन्विशा सिंह 92 .6, प्रवीन कुमार 92 .4, दानिया सूफियान के 92 .2, कनिष्का गुप्ता के 92, प्रियांश सैनी 91 .6, अजान मुर्तजा और मुदस्सिर कुरैशी के 91 .4, मानव कपूर और उत्कर्ष सिंह रावत 91 .2, धुरव गुप्ता और अदील नाजिश के 91, मुनीजा खान और अर्थ गुप्ता के 90 .8, फिजा बी, एंजिल अरोरा और सैयद फायेज हसन के 90 .4, शुभ गुप्ता, आयुषि गौतम और शिवांश शंखधर के 90 प्रतिशत अंक आए है। इनमें गणित में महक के सौ मे से सौ अंक है। पॉलीटिकल साइंस में सिद्धि अग्रवाल के सौ अंक, होम साइंस में अंशिका पटेल के सौ अंक, पेंटिंग में तनुश्री अग्रवाल, अंशिका पटेल, दानिया सुफियान, अन्विशा सिंह, सिद्धि अग्रवाल, अंजलि गुप्ता, अपूर्वा शर्मा के सौ अंक आए है। अकाउंटेंसी में अदील नाजिश के 99, कम्प्यूटर साइंस में तनुश्री अग्रवाल के 99, हिन्दी में मौहम्मद अश्शान खान और वंशिका गुप्ता के 99, इतिहास में आराध्या सिंह और प्रवीन कुमार के 98, भूगोल में आराध्या सिंह के 98, मुनीजा खान के अग्रेजी में 98 अंक, सत्यम कुमार के फिजिकल एजूकेशन में 98, रसायन विज्ञान में महक और कार्तिक के 97, अर्थशास्त्र में एंजिल और श्रेया अग्रवाल के 97, बायोलॉजी के अंशिका पटेल और शुभ गुप्ता के 96 अंक, बिजनेस स्टडीज में अदील नाजिश, एंजिल अरोरा और ध्रुव गुप्ता के 95 अंक, फिजिक्स में महक के 95 अंक, एप्लाइड मैथ में धुरव गुप्ता के 91 अंक आए है। प्रधानाचार्या डॉ . सुमन तोमर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### व्हाइटहॉल स्कूल की गौरिका बनीं स्कूल टॉपर

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल रामपुर के कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग के छात्र अभिनव शर्मा एवं कॉमर्स वर्ग की छात्रा गौरिका गुप्ता दोनों ने ही 97 .8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। जबकि जिले की दूसरी टॉपर रही। द्वितीय स्थान पर कला वर्ग की श्रेया ठाकुर ने 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। तृतीय स्थान पर पलक गौतम, नायरा हारिस एवं आरूषी सक्सैना 94 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। चौथे स्थान पर समृद्धि पाल 94 .2, पाँचवे स्थान पर जोयल गुप्ता 94 प्रतिशत, छठ स्थान पर वंशिका गंगवार 92 .8 एवं सातवे स्थान पर सुहीरा खान 91 .6 प्रतिशत अंक के साथ रहीं ।अभिनव शर्मा ने गणित में और गौरिका गुप्ता ने एकाउन्टेन्सी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बच्चों के इस सराहनीय परिणाम से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई । विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी गणमान्य सदस्यों, प्रधानाचार्या एवं शिक्षकगणों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकगण को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया ।



### ग्रीनवुड में मो. इब्राहिम रहे स्कूल टॉपर

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा बारहवीं का परिणाम हर वर्ष की भांति शत-प्रतिशत रहा। आज दिनांक 13 .05 .2026 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर श्री शाहिद खान ने बताया कि इस वर्ष कक्षा बारहवीं में कुल 197 बच्चों ने परीक्षा दी थी और विद्यालय का परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मो . इब्राहिम ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा बारहवीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। मो . मोहतशिम ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनैबा ने 94 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 197 बच्चों ने परीक्षा दी थी। विद्यालय के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, उप-प्रधानाचार्य शकील अहमद तथा पूरे स्टाफ ने बच्चों का बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


ग्रीनवुड स्कूल में परिणाम आने के बाद खुशी जताते अभ्यर्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

### 12वीं के टॉपर


1. अभय कक्कड़ 98 आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर


2. साक्षी 97.8 सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


2 अभिनव शर्मा 97.8 व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर


2 गौरिका गुप्ता 97.8 व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर


3 अर्जिता सिंह 97.4 सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर



4 महक 97.2 दयावती मोदी एकेडमी स्कूल, रामपुर



4 मनमोहक वाष्णेय 97.2 सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


5 सिद्धि अग्रवाल 97 दयावती मोदी एकेडमी स्कूल, रामपुर


5 शुभम रस्तोगी 97 सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


5 करमजीत कौर 97 जीडी गोयनका स्कूल बिलासपुर


5 इशिता सक्सेना 97 हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी, मिलक


5-श्रेष्ठ राज बत्रा 97 होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल बिलासपुर


6 अंशिका सिंह 96.8 सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


6 सुमैरा सैफी 96.8 सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


7 श्रेया 96.6 व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर


8 ज्योति सिंगवाल 96.2 आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर


9 मुंतेहा मेराज 96 सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


9 सानिध्य जैन 96 प्रतिशत, सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर


9 मोहम्मद इब्राहिम 96 ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर


10 मौलश्री शर्मा 95.8 आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर

## आरएएन सहित बिलासपुर के सीबीएसई स्कूलों का रहा दबदबा

**बिलासपुर, अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट के रिजल्ट में आरएएन, सर्व संस्कृति, जीडी गोयनका, गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बुधवार को इंटरमीडिएट के रिजल्ट की घोषणा होने के बाद क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सीबीएसई विद्यालयों में बच्चों, उनके अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई।

आरएएन पब्लिक स्कूल के निदेशक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने बताया कि छात्र अभय कक्कड़ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। ज्योति सिंगवाल ने 96.2 प्रतिशत, मौल श्री शर्मा ने 95.8 प्रतिशत, शवी जल्होत्रा ने 95.6 प्रतिशत, कार्तिका पोपली 95.4 प्रतिशत, अर्शिता अग्रवाल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही विद्यालय के अध्यक्ष पूर्व विंग कमांडर एचके राय, मधु राय, निर्देशिका निधि राय और प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रूपाली पूरी ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा करमजीत कौर ने 97 प्रतिशत, प्रार्थना मदान ने 95.6 प्रतिशत, आयुष आहूजा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सर्व संस्कृति स्कूल के छात्र सन्देय जैन ने 96 प्रतिशत, खुशप्रीत ने 95.2 प्रतिशत, गुरसिमरन कौर 94.8 प्रतिशत अंक पाकर परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अजीत जैन, सुरेन्द्र सिंह ग्रोवर और प्रधानाचार्य डॉ. टीना सिंह ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी खान ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर किया है। इसके अलावा विद्यालय की अन्य छात्राओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रधानाचार्या पुष्पा बिष्ट ने मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। होली चाइल्ड स्कूल के वाइस सचिव विकास बत्रा तथा प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने अदिति, श्रेष्ठ राज बत्रा ने 97-97 प्रतिशत, अनन्या सक्सेना 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का रोशन किया हैं।


आरएएन पब्लिक स्कूल में छात्रों के साथ खुशी जताते शिक्षक। ● अमृत विचार


परिणाम के बाद खुशी जताते छात्र व मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

### हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में इशिता सक्सेना रहीं स्कूल टॉपर

**मिलक, अमृत विचारः** नगर के हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी के सीबीएसई कक्षा-12 का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की छात्रा इशिता सक्सेना ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया, जबकि जिले में पांचवां स्थान पाया है। इसके अलावा भूमिका ने 94.2, अंशिका चौधरी ने 93.8, मीनाक्षी ने 93, रिद्धिम गंगवार ने 90.6, निष्ठा पांडे ने 89.8 और तनु ने 89.4 अंक प्राप्त कर टॉपर श्रेणी में जगह बनाई। विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे, कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रबंधक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता मिली है।

## आईएएस बन जरूरतमंदों की मदद करना चाहते हैं अभिनव

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं की टॉप टेन में दूसरा स्थान पाने वाले व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल का छात्र अभिनव शर्मा आईएएस बनकर जरूरतमंदों की मदद करना चाहता है। अभिनव ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

बताता है कि उसे रामपुर के मौजूदा जिला अधिकारी अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की कार्य शैली बहुत पसंद आती है। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों का आपरेशन, बुजुर्गों को व्हीलचेयर दिया जाना और उनका आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवाया जाना उसे बहुत प्रभावित करता है। बताता है कि उसने छह घंटे मेहनत की और वह जिला टॉप करना चाहता था मात्र दशमलव दो प्रतिशत अंक से जिला टॉपर बनने से चूक गया। उसने बताया कि मोबाइल से दूरी बना ली थी और शादी ब्याह में बहुत कम जाता था। अधिकांश समय वह अपनी किताबों को देता था। बताता है कि सफलता का कोई

- **अभिनव ने 97.8 प्रतिशत अंक पाकर पाई है सफलता**
- **पढ़ाई में कड़ी मेहनत की, दूसरों की मदद भी करते हैं**


व्हाइट हाल पब्लिक स्कूल में अभिनव को मिठाई खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

## अर्थशास्त्री बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं गौरिका

**रामपुर, अमृत विचार :** व्हाइट स्कूल की छात्रा गौरिका गुप्ता ने 97.8 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। गौरिका अर्थशास्त्री बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। इसके लिए वह दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहती हैं। जिले में दूसरे पायदान पर रही गौरिका गुप्ता बताती हैं कि उन्होंने पूरी मौज मस्ती से पढ़ाई की है उन्होंने मोबाइल भी देखा और शादी ब्याह में भी खूब शिरकत की। बताती हैं कि वह चार-पांच घंटे पढ़ती थीं। इसके लिए वह अपने गुरुजनों और माता पिता की मेहनत बताती हैं। गौरिका के पिता गौरव गुप्ता एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करते हैं जबकि, मां श्वेता गुप्ता व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में टीचर हैं। गौरिका के पास होने पर घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। मिठाई खाने और खिलाने का सिलसिला चलता रहा। देर रात फोन घनघनाते रहे। बताती हैं कि वह आईएएस या आईपीएस बनने का ख्वाब नहीं देखतीं बस पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह प्रसिद्ध अर्थशास्त्री बनना चाहती हैं।


जिले में दूसरे स्थान पर आने के बाद गौरिका को मिठाई खिलातीं उनकी मां श्वेता गुप्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### रठौंडा में युवती का शव पंखे से लटका मिला

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रठौंडा निवासी नौबत राम शर्मा की 18 वर्षीय पुत्री का शव बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसके घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवती ने अपने दुपट्टे से फंदा लगाया था। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजन जब घर पहुंचे तो शव देखकर उनके होश उड़ गए। गांव में खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट होगी। बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सिविल लाइंस से युवक को एटीएस ने उठाया

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस निवासी ग्यास (22) को संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में एटीएस ने हिरासत में लिया है। एटीएस टीम उसे लखनऊ ले गई है, जिसके बाद परिवार के लोग परेशान हैं। परिवार ने बताया कि उन्हें अब तक कोई इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। ग्यास की मां हसीन जहां ने बताया कि बीते 6 मई की रात करीब दस बजे मुरादाबाद एटीएस के छह पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे थे। उस समय उनके पति तौफीक घर पर नहीं थे। टीम ने तौफीक के आने पर उनसे दिल्ली में रह रहे बेटे ग्यास के बारे में जानकारी ली। लेकिन ग्यास दिल्ली में था। पिता के फोन करने पर ग्यास दिल्ली से मुरादाबाद पहुंचा। गुरुवार सुबह करीब दस बजे एटीएस ने उसे मुरादाबाद में हिरासत में ले लिया और बाद में लखनऊ रवाना हो गई। ग्यास के पिता और परिवार उससे मिलने लखनऊ गए हैं। परिवार के अनुसार ग्यास दिल्ली में एसी ठीक करने का काम करता था। इससे पहले वह अपने मामा के साथ सऊदी अरब में भी एसी मैकेनिक के तौर पर काम कर चुका है। पिछले आठ महीने पहले ही रामपुर लौटा था। मां हसीन जहां ने बताया कि बेटा मेहनत-मजदूरी करता है, उसे गलत तरीके से फंसाया गया है। ग्यास के पिता तौफीक मंडी में सब्जी खरीदने और बेचने का काम करते हैं। परिवार में सात बच्चे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है।

# बिलासपुर-भोट पुलिस की मुठभेड़ में पांच लुटेरे व दो गोकश गिरफ्तार

## बिलासपुर में 45 हजार रुपये लूट की घटना में थे शामिल बदमाश, जबकि दोनों गोकशी के आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं, पुलिस पूछताछ में जुटी

संवाददाता बिलासपुर/भोट

**अमृत विचार:** मंगलवार रात बिलासपुर थाना व भोट थाना पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में पांच लुटेरों और दो हिस्ट्रीशीटर गोकशी को गिरफ्तार किया है। इनमें दो लुटेरों को पैर में गोली लगी है, जबकि दोनों गोकशी के आरोपियों के पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिलासपुर पुलिस ने लुटेरों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल, दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, दो खोखे, तीन चाकू, चार मोबाइल फोन और पंद्रह हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया पकड़े गए पांचों बदमाशों ने फार्म स्वामी के कर्मचारी के साथ हुई 45 हजार रुपये की लूट की घटना में शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर रात वह रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी योगेश कुमार सहित पुलिसकर्मियों ने गश्त के दौरान गांव मनिहारखेड़ा रोड पर दो बाइकों पर पांच युवकों आते देखा। पुलिस ने जब इनको रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल में भागने लगे। तभी पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए जसपाल उर्फ जस्सा निवासी ग्राम कोटा अलीनगर, मंदीप सिंह निवासी गोकुलनगरी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि हर्षदीप सिंह, अमृत सिंह गज्जू निवासीगण कोटा अलीनगर, जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा निवासी गोकुलनगरी आदि ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में पुलिस ने घायल बदमाशों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी दीपक कुमार, उपनिरीक्षक एसओजी टीकाराम चौहान, उपनिरीक्षक केशु शर्मा, उपनिरीक्षक आकिल हुसैन, आशीष राणा आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर में पुलिस की हिरासत दोनों बदमाश। ● अमृत विचार

### दोनों गोकशी के आरोपियों के पैर में लगी पुलिस की गोली

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार रात गश्त और चैकिंग के दौरान थाना भोट पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम कोयली के जंगल में गोकशी करने के लिए गौवंशीय पशु की तलाश में घूम रहे हैं, जिनके पास गोकशी करने का सामान व अवैध हथियार भी है। सूचना पर पुलिस टीम उक्त स्थान पर पहुंची। पुलिस टीम को ग्राम कोयली-बधी रोड पर कच्चे रास्ते चकरोड से एक मोटरसाइकिल पर दोनों व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हे टॉर्च की रोशनी डालकर रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश में मोटरसाइकिल गिर जाने पर आरोपी द्वारा खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में आरोपी बाबू बच्चा निवासी मोहल्ला बजरिया खानसामा थाना गंज रामपुर व आरोपी इरफान उर्फ पतला निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार रामपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। आरोपियों के कब्जे से गोकशी करने के उपकरण, 2 तमंचे, 2 खोखा कारतूस नाल में फंसे हुए व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी बाबू बच्चा थाना गंज से हिस्ट्रीशीटर है, जबकि आरोपी इरफान उर्फ पतला थाना स्वार से हिस्ट्रीशीटर है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा कबूल किया कि हम लोग मौका देखकर आवारा गोवंशीय पशुओं को काटकर उनका मांस बेचकर धन अर्जित करते हैं और हम गोवंशीय पशु की तलाश में घूम रहे थे। दोनों आरोपियों पर जिले के विभिन्न थानों में 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में भोट थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी, उपनिरीक्षक कार्तिक सहरावत व शुभम कुमार, हेड कांस्टेबल मुमतरीन अहमद, अनुज कुमार व नफीस अहमद, कांस्टेबल रामनिवास, कौशल कुमार, कपिल कुमार व पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।



गिरफ्तार गोकशी का आरोपी।



गिरफ्तार गोकशी का दूसरा आरोपी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

● बरेली पासपोर्ट कार्यालय से लौटते समय हुआ हादसा भाई घायल



मृतक उस्मान।

**रामपुर, अमृत विचार:** मिलक क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक सड़क हादसे में युवक उस्मान (27) की मौत हो गई। वह अपने भाई गुलफाम के साथ बाइक से बरेली पासपोर्ट कार्यालय से लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भेज दिया है।

थाना स्वार के मुंशीगंज निवासी गुलफाम और उस्मान मंगलवार को पासपोर्ट कार्यालय बरेली गए थे। शाम में बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी मिलक बाईपास पर धर्मपुरा गांव को जाने वाले कट के पास नवदिया की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे गुलफाम को हल्की चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से दोनों भाइयों को तत्काल मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मिलक अस्पताल के डॉक्टरों ने उस्मान की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उस्मान को मृत घोषित कर दिया। उस्मान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

# स्कूलों के पास तंबाकू बिक्री करने पर आठ दुकानदारों पर जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार:** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने विद्यालयों के आसपास दुकानों का निरीक्षण किया। महर्षि विद्या मंदिर, व्हाइटहाल प्ले स्कूल, सेंट पॉल प्ले स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रामलीला पब्लिक स्कूल, राजकीय रजा महाविद्यालय एवं सरस्वती विद्या मंदिर सहित कई शिक्षण संस्थानों के आसपास जांच की गई। इस दौरान विद्यालयों के समीप तंबाकू उत्पाद बेचने वाली 8 दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पाद की बिक्री की तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेट बैंक संचालित फ्लोर किया सील

कार्यालय संवाददाता रामपुर



डायमंड सिनेमा रोड पर बैंक संचालित फ्लोर सील करते आरडीए अधिकारी।

● आरडीए ने की कार्रवाई बैंककर्मियों और ग्राहकों को बाहर निकाला

**अमृत विचार:** अवैध निर्माणों के खिलाफ रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बुधवार को कड़ी कार्रवाई की गई। शहर के डायमंड रोड पर 377.70 वर्ग मीटर भूमि पर सैय्यद मोहम्मद असलम व सैयद अनस अली, सैय्यद शाह फहद द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट एवं अपर ग्राउंड फ्लोर का अनुमन्य से अधिक निर्माण व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा था।

उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-28 (क) के अंतर्गत जिलाधिकारी एवं आरडीए उपाध्यक्ष के 20 सितंबर 2019 आदेशानुसार इस अवैध निर्माण को सील किया गया था। व्यक्तियों द्वारा अवैध कृत्य करते हुए प्राधिकरण की सील को क्षतिग्रस्त करते हुए अवैध गतिविधियां फिर से प्रारम्भ कर दी गई थीं। अवैध निर्माण का एक फ्लोर भारतीय स्टेट बैंक को किराए पर दे दिया गया था, जिसको प्राधिकरण टीम द्वारा थाना सिविल लाइंस के साथ प्रभावी कार्रवाई करते हुए संपूर्ण गतिविधियों सहित भूखंड परिसर को सील कर दिया गया। भूखंड परिसर सील किये जाने के बाद सैय्यद मोहम्मद आदि द्वारा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रार्थना पत्र प्राधिकरण में प्रस्तुत किए गए। इसके बाद सैय्यद मोहम्मद आदि द्वारा आंशिक रूप से एडवांस शमन शुल्क जमा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान बैंककर्मियों और ग्राहकों को बाहर निकाल दिया गया। जबकि सड़क पर लंबा जाम लग गया। वहीं नवाब गेट गेट स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के भवन का नक्शा स्वीकृत नहीं पाया गया, जिसके बाद बैंक अधिकारियों ने बताया कि नक्शा स्वीकृत कराने की कार्रवाई की जाएगी। रामपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा अतिक्रमियों एवं अवैध निर्माण कर्ताओं को चेतावनी जारी की है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बिलासपुर में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मंगलवार की रात उत्तराखंड से सटे डिबडिबा गांव में एक करीब तीस वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे में उसका शरीर बीच से कटकर दो हिस्सों में बंट गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बुधवार सुबह पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा इंदरपुर रेलवे क्रॉसिंग से आगे डिबडिबा क्षेत्र में रेलवे खंभा संख्या-43/2 और 43/3 के बीच हुआ। जीआरपी ने शव को रेल पटरियों से हटाकर किनारे किया। मौके पर रुद्र-बिलास चौकी पुलिस पहुंची और शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रात में ही घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किए।

# 20 को दवा व्यापारियों का महाबंद

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन रामपुर ने बुधवार को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद के संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बड़ी कंपनियों द्वारा प्रिडेटरी प्राइसिंग तथा दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों के विरोध में यह बंद कर रहे हैं। संगठन ने बताया कि इन समस्याओं के कारण न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में अवैध ई-फार्मेसी पर पूर्ण रोक, जीएसई 817(ई) 28.08.2018 की वापसी, प्रिडेटरी प्राइसिंग पर नियंत्रण तथा जीएसआर 220(ई) 26.03.2020 की वापसी शामिल हैं। एसोसिएशन ने यह भी अवगत कराया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक तथा जिला औषधि निरीक्षक रामपुर को भी सूचना एवं ज्ञापन प्रेषित किया है। ताकि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। सभी दवा विक्रेताओं से इसमें सहयोग की अपील की गई है। इस दौरान जिला फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन दीपक शर्मा जिलाध्यक्ष, मोहम्मद आजम खान जिला महामंत्री सहित मौजूद रहे।



एसपी को ज्ञापन देते फार्मा ट्रेडर्स।

# तीन सौ रुपये के विवाद में हुई हत्या में दो को सश्रम आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** 5 जनवरी 2020 को चपटा कॉलोनी गंज थाना क्षेत्र में बिजली के बोर्ड के तीन सौ रुपये के विवाद में युवक दानिश की कॉलोनी के ही बिजली मैकेनिक यासीन ने अहमद के साथ मिलकर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। बुधवार को एडीजे-प्रथम कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाते हुए यासीन और रईस निवासी चपटा कॉलोनी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, वहीं 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत जनपद रामपुर पुलिस द्वारा थाना गंज पर पंजीकृत एक जघन्य अपराध के मामले में प्रभावी विवेचना एवं मजबूत पैरवी के फलस्वरूप दोनों आरोपियों को सजा दिलाई है। इमरान निवासी चपटा कॉलोनी थाना गंज ने 5 जनवरी 2020 को पुलिस को सूचना दी कि अहमद, यासीन निवासी चपटा आसरा कॉलोनी थाना गंज रामपुर ने भाई दानिश की चाकू से वार कर हत्या कर दी है। प्रकरण में थाना गंज में अहमद, यासीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस, अभियोजन मॉनिटरिंग सेल एवं विशेष अभियोजन अधिकारियों द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी एवं त्वरित पैरवी सुनिश्चित की गई। सभी साक्ष्य सुसंगत रूप से न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जिससे अभियुक्त के खिलाफ आरोप सिद्ध हो सके। बुधवार को न्यायालय अहमद और यासीन को आजीवन सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि मामले में मजबूत पैरवी के साथ 10 गवाह पेश किए गए थे, जिससे कोर्ट ने पीडितों को न्याय दिलाया।



आरोपी अहमद।



आरोपी यासीन।

● कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर लगाया 10-10 हजार जुर्माना

## न्यूज डायरी

### भाकियू अराजनैतिक ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी जिला संगठन मंत्री फरीद खां के नेतृत्व में रामपुर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। वहां जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिला संगठन मंत्री फरीद खां ने कहा कि लगातार ज्ञापन देने के बावजूद किसानों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा है। खतौनियों में तमाम त्रुटियां होने के बावजूद उनका समय से समाधान नहीं किया जा रहा है। बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद, चांदपुरा जदीद, गुलामगंज नहर में कई वर्षों से पानी नहीं आ रहा है। रामपुर में किसान बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। ग्राम बमनपुरी गाटा संख्या 104, 105, 106 जो लगभग 16 बीघा भूमि है इस पर बिना धारा 80 और बिना रामपुर विकास प्राधिकरण के लेआउट पास कराए। अवैध प्लाटिंग की जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 20 मई को कलेक्ट्रेट में महापंचायत होगी। इस मौके पर बाबर खां, फाजिल अंसारी, शाहिद खां, अब्दुल रज्जाक खान सहित अन्य किसान मौजूद रहे।





### मानपुर उत्तरी में अवैध बाउंड्रीवाल ध्वस्त

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र के ग्राम मानपुर उत्तरी में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करा दिया। अधिकारियों ने बताया कि मानपुर उत्तरी में बिना नक्शा पास कराए और बिना वैधानिक अनुमति के खेतों को प्लाटों में तब्दील कर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, तहसीलदार और नायब तहसीलदार नगर पंचायत मसवासी एवं पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सरकारी नियमों को ताक पर रखकर की जाने वाली अवैध प्लाटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध निर्माण करने वालों को भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में खलबली मच गई है।

### गरज-चमक के बीच मकान पर गिरी बिजली, दीवारों में आई दरार



**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव महेवा में बुधवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक मकान को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे में घर की विद्युत लाइन जल गई और एलईडी समेत कई विद्युत उपकरण खराब हो गए। वहीं, मकान की दीवारों और लेंटर में दरारें आ गईं। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति उपकरणों के पास मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को आए तूफान और बारिश के बाद बुधवार सुबह एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। तेज गर्जना और चमक के बीच अचानक आकाशीय बिजली गांव निवासी कल्लू राठौर के मकान पर गिर गई। बिजली गिरते ही तेज धमाके से घर में मौजूद लोग और आसपास के ग्रामीण घबरा गए। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मकान की विद्युत लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घर में लगे एलईडी समेत अन्य उपकरण फुंक गए। साथ ही मकान की दीवारों और लेंटर में दरारें पड़ गईं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### हज समिति सदस्य ने निरीक्षण भवन में बैठक कर किया मंथन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य हाफिज एजाज अहमद (शाहीन अंसारी) की अध्यक्षता में बुधवार को निरीक्षण भवन बैठक हुई। बैठक में रामपुर में हज यात्रा वर्ष-2026 की व्यवस्थाओं को उच्च श्रेणी की बनाने के लिए मंथन हुआ। बैठक में उपस्थित व्यक्तियों से सुझाव प्राप्त किए तथा उन पर यथा शीघ्र कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। साथ ही अध्यक्ष ने अवगत कराया कि सरकार द्वारा वर्ष-2026 में हज यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई हैं, जिसको लेकर सभी हाजियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य वक्फ निरीक्षक रामपुर, प्रधानाचार्य मदरसा जामे उल फुरकानिया, शहर इमाम रामपुर, मुफ्ती रामपुर एवं हज ट्रेनर उपस्थित रहे।



# आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही डीएम ने कई अधिकारियों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता रामपुर

● एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार से बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र के साथ आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को लेकर स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, आईसीडीएस एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

पिछले दिनों भारत गार्डन में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कार्यशाला की गई थी। लगातार विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कई क्षेत्रों में प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। समीक्षा के दौरान सीएचसी बिलासपुर में आयुष्मान कार्ड हेतु ऑपरेटर आईडी कम सक्रिय पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही चमरौआ सीएचसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आशा कार्यकत्रियों द्वारा ऑपरेटर आईडी सक्रिय नहीं कराई गई है, उनके खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में लापरवाही पाए जाने पर एडीओ पंचायत स्वार को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने, एडीओ पंचायत चमरौआ का वेतन बाधित करने तथा एडीओ पंचायत मिलक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीडीपीओ सैदनगर एवं बिलासपुर का वेतन बाधित करने, कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा सदर की प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी विजेंद्र कला का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई करने एवं संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाए।

# आजम को लेकर नफरती वीडियो बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग

● सपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला

**रामपुर, अमृत विचार:** सपा नेता मोहम्मद आजम खां को लेकर अपमानजनक एवं नफरती वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल मामले में बुधवार को सपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना से मिला। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

मामले में नगराध्यक्ष आसिम राजा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया, फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हो रही है जो मुजफ्फरनगर के किसी व्यक्ति ने बनाई है। वीडियो में उनके नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां के खिलाफ अति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए चरित्र हनन करने का अपराध किया है। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के लिए भी घृणित भाषा का प्रयोग करते हुए शिक्षण संस्थान को बदनाम करने का प्रयास किया गया है। भारत सरकार के प्रशिक्षण संस्थान को मोहम्मद आजम खां की निजी संपत्ति बताकर भ्रम फैलाने तथा उनके निवास स्थान इत्यादि के संबंध नफरती बातें की गई है। व्यक्ति ने वीडियो में भाजपा के नेताओं का नाम लेकर मोहम्मद आजम खां के लिये अति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है। इस प्रकार की झूठी, गंदी घृणित तथा अति अपमानजनक वीडियो बनाना प्रदेश का माहौल खराब करने का गंभीर षड्यंत्र है। यह वीडियो साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ने तथा आपसी नफरत फैलाने की एक निंदनीय साजिश भी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय सागर, नगराध्यक्ष आसिम राजा, एडवोकेट सतनाम सिंह मट्टू, अमित शर्मा, अनुराधा चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 14 मई 2026
अमरोहा

# सीबीएसई 12वीं में 98.2 अंक प्राप्त कर नमन सिंह बने टॉपर

## द आर्यंस स्कूल से ही छात्रा रिनी चौधरी ने 97.6 प्रतिशत अंक पाकर पाया दूसरा स्थान, अच्छा रिजल्ट देखकर खुशी में उछले बच्चे

कार्यालय संवादाता अमरोहा

**अमृत विचार :** बुधवार को सीबीएसई के इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित किया गया। अमरोहा जिले में इंटर में इस बार फिर छात्राओं ने भी बाजी मारी। परीक्षा में 500 में से 491(98.2 प्रतिशत) अंक पाकर द आर्यंस स्कूल के छात्र नमन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि इसी स्कूल की छात्रा रिनी चौधरी ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अमरोहा, धनौरा, गजरौला और हसनपुर के छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। रिजल्ट देखकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। जिले की टॉप टेन सूची में ज्यादातर छात्राओं का ही नाम शामिल है। रिजल्ट आने के बाद मेधावी छात्र छात्राओं ने स्कूल पहुंचकर खुशी का इजहार किया।

सीबीएसई की ओर से बुधवार की दोपहर 12वीं का रिजल्ट जारी होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा में बेहतर अंक की जानकारी मिलने के बाद छात्र-छात्राएं उत्साहित हो गए। जैसे ही रिजल्ट घोषित होने की सूचना मिली तो छात्र छात्राओं के साथ अभिभावकों की धड़कनें बढ़ गईं। उन्होंने वेबसाइट पर रोल नंबर क्लिक किया। रिजल्ट देख कर मेधावियों के चेहरे खुशी से दमक उठे। इस बार जिले में 3500 अधिक छात्र छात्राएं इंटरमीडिएट में पंजीकृत थे। जिनमें करीब 3100 से अधिक छात्र छात्राएं पास हुए हैं। जिले में इस बार दोनों छात्र और छात्राओं ने अपना परचम लहराया। 98.2 प्रतिशत अंक पाकर द आर्यंस स्कूल के छात्र नमन सिंह ने जिले में टॉप किया। जबकि इसी स्कूल की छात्रा रिनी चौधरी ने 97.6 प्रतिशत अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। टॉप करने की खबर लगते ही परिजनों समेत स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार के लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाई। स्कूल के संचालकों ने छात्र छात्राओं को कैंपस बुलाया और खुशी का इजहार किया। इसके अलावा ब्लू बर्डस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा स्वीटी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वैष्णवी अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि माधवी चौधरी ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल की छात्रा कनिका सैनी ने 96 प्रतिशत, दक्ष कुमार ने भी 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।



द आर्यंस स्कूल में टॉपर नमन सिंह को बधाई देते प्रबंधक अमन लिट्ट व परिजन।


नमन सिंह।


रिनी चौधरी।

- जिले में 3500 छात्र छात्राएं इंटरमीडिएट में पंजीकृत, 3100 से अधिक उत्तीर्ण

### राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल


कनिका सैनी 96 प्रतिशत


दक्ष कुमार 96 प्रतिशत


मयंक चौधरी 93 प्रतिशत


जतिन राना 93 प्रतिशत

### कार्मेल पब्लिक स्कूल


सलोनी चहल 97 .2 प्रतिशत


मानवी चौधरी 92 .8 प्रतिशत


सुमित कुमार 91 .6 प्रतिशत


जिया सैफी 90 .6 प्रतिशत।


अपनी मां के साथ छात्र नमन सिंह।

### आईएएस बनकर देश सेवा करना मेरा मकसद : नमन सिंह

**अमरोहा, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में 98 .2 फीसदी अंक हासिल कर जिल में टॉप करने वाले छात्र नमन सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय केवल पढ़ाई को नहीं, बल्कि जीवन में बनाए गए संतुलन को दिया है। छात्र का कहना है कि उसने कभी खुद को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पढ़ाई के साथ जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को भी महत्व दिया। छात्र नमन सिंह ने बताया कि उसने पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, स्कूल टूर पर गया, गंगा स्नान किया और अपने हर दिन को सकारात्मक तरीके से जिया। कहा कि सफलता का अर्थ केवल किताबों में डूबे रहना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और खुशियों के बीच सही तालमेल बनाना है। कहा कि मजबूत इरादों के साथ पढ़ाई और जिंदगी दोनों को एक साथ लेकर चला जा सकता है। परीक्षा में मिले अंक केवल नंबर नहीं हैं, बल्कि उसके माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का परिणाम हैं। छात्र ने भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में जाने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वह देश की सेवा करना चाहता है और गांव स्तर पर बदलाव लाने के लिए कार्य करना चाहता है। उन्होंने कहा कि उनकी सबसे बड़ी इच्छा है कि माता-पिता उसके नाम पर गर्व महसूस करें। अन्य विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा, सपने बड़े रखो, मेहनत ईमानदारी से करो और जिंदगी जीना कभी मत छोड़ो।

## न्यूज ब्रीफ

### पशु बाजार में व्यापारी को पीटा, एक लाख रुपये छीनने का आरोप

**अमरोहा अमृत विचार :** पशु बाजार में दबंग युवकों ने व्यापारी को मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी जेब में रखे एक लाख रुपये छीन कर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। जनपद बुलंदशहर के गांव सिकंदराबाद निवासी भूरे पशु बचने व खरीदने का व्यापार करता है। वह बुधवार की सुबह गजरौला क्षेत्र के कुमराला में साप्ताहिक पशु बाजार में पशु खरीदने के लिए आया था। इस दौरान कार में सवार होकर आए छह युवकों ने भूरे के साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर भूरे को मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसकी जेब में रखे एक लाख रुपये भी छीन लिये। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जमा हुए लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पीड़ित भूरे ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उधारी के रुपए को लेकर पेट्रोल पंप पर बवाल

**मंडी धनौरा अमृत विचार :** नगर के शेरपुर मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पेट्रोल भरवाने आए एक ग्राहक और सेल्समैन के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना का वीडियो पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन अनिकेत और एक ग्राहक के बीच पहले किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। सेल्समैन अनिकेत का आरोप है कि ग्राहक ने पेट्रोल डलवाने के बाद भुगतान करने से इनकार कर दिया। जब उससे पैसे मांगे गए तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। वहीं ग्राहक पक्ष का कहना है कि पेट्रोल पंप कर्मचारी की ओर कोल्ड ड्रिंक के कुछ रुपए उधार थे। उन्हीं पैसों की मांग को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो बाद में बढ़ गया। मारपीट की पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

# आकाशीय बिजली से मकान क्षतिग्रस्त, लाखों का नुकसान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बामन खेड़ी में बुधवार को कुदरत का कहर देखने को मिला। यहाँ भारी बारिश के दौरान सफीउल्लाह व नौशाद के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य कमरे के बाहर बरामदे में बैठे हुए थे, जिससे एक बड़ा नुकसान होने से टल गया।बिजली गिरने का धमाका इतना तेज था कि पक्के लेंटर में बड़ा छेद हो गया और मकान की दीवारें बुरी तरह चटक गईं। मकान स्वामी नौशाद ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में घर के भीतर रखा फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरी और अन्य बिजली के उपकरण जल गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, मकान की संरचना और घरेलू सामान को मिलाकर लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का मुआयना कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।


दीवारों में पड़ी दरार।

# जुताई के दौरान खेत में उतरा करंट, भैंसे की मौत

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ग्राम मलेशिया में बड़ा हादसा हो गया। गन्ने के खेत की जुताई करते समय हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने से खेत में करंट उतर आया। हादसे में एक भैंसे की मौके पर मौत हो गई, जबकि किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है।

ग्राम मलेशिया निवासी किसान रणवीर सिंह और उनके भाई सतवीर सिंह बुधवार को अपने गन्ने के खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक फाल्ट हो गया। बताया गया कि ट्रांसफार्मर पोल पर लगा इंसुलेटर फटने से करंट पूरे खेत में फैल गया। करंट की चपेट में आने से किसान का भैंसा मौके पर ही मर गया, जबकि दोनों भाइयों ने किसी तरह खेत से भागकर जान बचाई। हादसे में रणवीर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सतवीर सिंह को भी करंट के झटके लगे, हालांकि उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दोनों किसान समय रहते खेत से बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और मलेशिया चौकी प्रभारी चंदवीर सिंह मौके पर पहुंच गए। चौकी इंचार्ज ने विद्युत विभाग और पशुपालन विभाग को मामले से अवगत कराया। पशुपालन विभाग से पहुंचे डॉ. नेपाल सिंह ने मृत भैंसे का पोस्टमार्टम कराए जाने की कार्रवाई शुरू कराई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हादसे के काफी देर बाद तक विद्युत विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसे लेकर लोगों में नाराजगी दिखाई दी। जेई हरिशंकर कुशवाहा ने बताया कि लाइनमैन को मौके पर भेजकर लाइन को पोल से अलग करा दिया गया है। जल्द ही क्षतिग्रस्त लाइन को बदलवाकर आपूर्ति सुचारु करा दी जाएगी। हादसे में किसान को करीब 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस व विद्युत विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों की कामयाबी पर एचएसएस में हर्ष

**हसनपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल होने पर खुशी मनाई। एचएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय की छात्रा पीहू अग्रवाल ने 95 .6, सिराज अहमद ने 94 .4, आन्या अग्रवाल ने 92 .6 तथा एकांशी गोयल 91 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।



### ब्लू बड़र्स इंटरनेशनल स्कूल का रहा शानदार परिणाम

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में ब्लू बड़र्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। परीक्षा में विद्यालय की छात्रा स्वीटी ने 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वैष्णवी अग्रवाल ने 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि माधवी चौधरी ने 94 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त स्वास्थिक दुबे एवं माधव मंगलिक ने 93 .2 प्रतिशत, राजवर्धन सिंह ने 93 प्रतिशत, ख्याति ने 91 .2 प्रतिशत, वेदांत तनेजा ने 90 .4 प्रतिशत, खुशी ने 90 .2 प्रतिशत तथा दीक्षा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रबंधक राहुल अग्रवाल व निर्देशिका राखी अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



# प्रसव के बाद प्रसूता की मौत, हंगामा

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के एक अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के सामने शव रखकर परिजनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस समझौते के प्रयास जारी।


मृतका बबीता।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर सुल्तानठेर निवासी सोनू उर्फ सुशील ने पत्नी बबीता को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था जहां ऑपरेशन के द्वारा प्रसूता ने बेटे को जन्म दिया था। लेकिन कुछ घंटे बाद ही प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी तो चिकित्सक ने गंभीर हालत में प्रसूता को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जहां बुधवार की सुबह प्रसूता की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के द्वारा प्रसूता के शव को नगर के निजी अस्पताल में लाकर रख दिया और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामा कर रहे मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। वही कुछ संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा चिकित्सा वह मृतका के परिजनों का समझौता कर दिया। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजन मृतका के शव को अपने घर ले गए।

जहां देर शाम परिजनों के द्वारा मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने अस्पताल में लगी ओटी को सील कर दिया।


मृतका के परिजनों से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### सात वर्षीय बालक से गलत हरकत के प्रयास का आरोप

**डिडौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार शाम सात वर्षीय बालक को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। आरोप है कि युवक ने बालक के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। बालक के शोर मचाने पर आसपास से गुजर रहे लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद डरा-सहमा बालक घर पहुंचा तो परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन आरोपी युवक की तलाश में जुट गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बालक के दादा ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# तेंदुआ दिखने से हड़कंप, ग्रामीणों ने खेत को घेरा


तेंदुए के पगचिन्ह। ● अमृत विचार


मौके पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

- वन विभाग की टीम पहुंची पगचिन्ह दिखने से पिंजरा लगाने की मांग

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद के जंगल में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार को जंगल गए ग्रामीणों ने एक गन्ने के खेत में तेंदुए को बैठे देखा, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोर मच गया। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर जमा हो गए और तेंदुए को पकड़वाने के लिए खेत को चारों तरफ से घेर लिया।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और थाना सैदनगली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि जब तक तेंदुए को पिंजरा लगाकर पकड़ा नहीं जाता, वे पीछे नहीं हटेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की मौजूदगी से किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं और जान का खतरा बना हुआ है। फिलहाल, वन विभाग की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी में जुटी है और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

# आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, कई स्थानों पर पेड़ गिरने से घंटों ठप रहा आवागमन

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** आंधी व बारिश लोगों के लिए आफत बन गई। आंधी में कई जगह बिजली के खंभे और पेड़ जमींदोज हो गए। नगर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति गुल हो गई। मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित रहा।

बुधवार की सुबह आई तेज आंधी से नगर से लेकर देहात तक के लोग प्रभावित हुए। सुबह करीब दस बजे आसमान में अचानक अंधेरा छा गया और वातावरण रात जैसा प्रतीत होने लगा।आंधी के चलते तहसील में कई मुख्य मार्गों पर पेड़ गिर गए। नगर के गजरौला मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के निकट तेज आंधी के कारण एक पापड़ी का पेड़ गजरौला दिशा की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी पर गिर गया, बोलेरो गाड़ी सवार थाना गजरौला क्षेत्र के गांव नगला माफी निवासी उदित सिंह पुत्र महेश पाल सिंह ने बताया कि वह नगर में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। अचानक आंधी के कारण उनकी गाड़ी पर पेड़ गिर गया। लेकिन कोई भी जनहानि नहीं हुई है। लेकिन पेड़ गिरने से गजरौला मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गिरे हुए पेड़ को कटवा कर साइड से करवाया तब जाकर कई घंटे की मेहनत के बाद यातायात शुरू हुआ। वही नगर के अलीगढ़ मार्ग पर स्थित गाव शाहपुर कला में सड़क के किनारे पिलखन का पेड़ सड़क पर गिर गया जिससे मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और लगभग डेढ़ घंटे तक बाधित रहा। काफी देर के बाद ग्रामीणों एवं पुलिस की मेहनत के बाद यातायात सुचारू हो सका।इसी तरह गांव हथियाखेडा मैं तेज हवा के कारण पिलखन का पेड़ गिर गया जिसके नीचे बाइक दब गई ग्रामीणों द्वारा बड़ी मुश्किल से पेड़ को हटाकर बाइक को निकाला गया। वही दूसरी ओर गांव कालका वाली डगरौली मैं भी तेज हवा के चलते एक पॉप्युलर का पेड़ विद्युत लाइन पर गिर गया जिससे विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। वही कोतवाली क्षेत्र के तीसरा मिल पर दिनेश पुत्र बलवीर के द्वारा चक्की चलाने के लिए लगाये गए सोलर पैनल की प्लेटें उड़कर दूर जा गिरी। पलेट गिरने से वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित चक्की मलिक ने बताया है कि सोलर पैनल टूटने से उसे डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वही कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंकरौली मिलक में पड़ोसी की दीवार छत पर गिरने से गांव निवासी नानक चंद पुत्र टेकचंद के दो जुड़वा मासूम आर्यन कुमार व दीपिका छत गिरने से घायल हो गए पीड़ित ने बताया कि छात्र की बेड चारपाई बर्तन कपड़े आदि बुरी तरह टूट गए हैं पीड़ित को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। तेज आंधी के चलते नगर के पट रोड पर बीच सड़क पर एक पेड़ आंधी के चलते गिर गया जिससे यातायात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।


नगर के गजरौला मार्ग पर बोलेरो के ऊपर गिरा पेड़। ● अमृत विचार


ग्राम शाहपुर में गिरे पेड़ के कारण लगा जाम। ● अमृत विचार


गांव कालका वाली डगरोली में विद्युत लाइन पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

### बारिश से नगर में जलभराव, निकलने में हुई दिक्कतें

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर की सड़क व गली मोहल्लों समेत सरकारी कार्यालयों में जलभराव हो गया। जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाले व नालियां ओवरफ्लो होने की वजह से पानी भर गया। बारिश ने नगर पालिका द्वारा कराई जाने वाली साफ-सफाई की पोल खोल कर रख दी।बुधवार को तेज आंधी के साथ आई बारिश से नगर के मुख्य मार्गो सहित कई मोहल्ले में जल भराव की समस्या से नगर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के चलते नगर के रेरा अड्डे पर स्थित अलीगढ़ मार्ग पर पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा और वहीं व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर की पुरानी सब्जी मंडी मार्ग पर भी बरसात का पानी भरने से जहां नगर वासियों को परेशानी उठानी पड़ी वहीं व्यापारियों को भी काफी दिक्कतेउठानी पड़ी। इसके अलावा नगर के मोहल्ला कायस्थान, मोहल्ला महल, मोहल्ला होली वाला, लाल बाग, आंखुन चौक आदि स्थानों पर भी बारिश का पानी भरने से मोहल्ले वासियों को दिक्कतें उठानी पड़ी। इसके अलावा नगर स्थित सरकारी कार्यालय में भी बरसात का पानी जमा हो गया था।



### आवारा कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोचा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गजरौला के मोहल्ला पीर नगर पक्का पुल निवासी सादिक का पुत्र अल्फेज 10 वर्षीय जो कक्षा 2 का छात्र है, मंगलवार की शाम अब्दुल्लाह कॉलोनी में अपने नाना सफीक अहमद के घर आया हुआ था। बुधवार दोपहर वह पड़ोस के बच्चों के साथ बाग में खेलने गया था, तभी घात लगाए कुत्तों ने उसे घेर लिया। चीख-पुकार सुनकर पास मौजूद पड़ोसी युवक और परिजन मौके की ओर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को कुत्तों से छुड़ाया।

**भूमि नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर दोस्त की कृषि भूमि व रामताल की नीलामी विद्यालय परिसर में प्रबन्ध संचालक की अध्यक्षता में 22 मई 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे की जाएगी । इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर बोली लगाये ।

प्रबन्ध संचालक
लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज
सुल्तानपुर दोस्त (ठाकुरद्वारा)
मुरादाबाद ।

## न्यूज ब्रीफ

### आंधी में पेड़ गिरने से बाधित रहा यातायात

**बहजोई, अमृत विचार :** बुधवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश के चलते बहजोई से सुल्तानपुर खुर्द होते हुए सादातबाड़ी जाने वाले करीब पांच किलोमीटर लंबे मार्ग पर भारी तबाही देखने को मिली। तेज हवाओं के झोंकों से सड़क किनारे खड़े वर्षों पुराने छह से अधिक हरे-भरे पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़े, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हालात ऐसे बन गए कि करीब दो से तीन घंटे तक इस मार्ग से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहन जहां के तहां फंस गए। बहजोई क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग अचानक सड़क बंद होने से ग्रामीणों, किसानों, स्कूली बच्चों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर स्वयं पेड़ों को हटाने में जुट गए, ताकि किसी तरह रास्ता खुल सके। एक विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया तथा बिजली लाइनें टूट जाने से आसपास के गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज यादव ने बताया कि करीब 30 विद्युत पोल तथा 6 से 7 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते करीब दो घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### सपा जिलाध्यक्ष के पिता का निधन

**सिरसी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के पिता हाजी मोहम्मद अकबर अंसारी का निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। हाजी अकबर अंसारी



पिछले पांच दिनों से बीमार चल रहे थे और मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने बुधवार सुबह करीब चार बजे उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। हाजी अकबर अंसारी गांव बराही के तीन बार प्रधान रह चुके थे और क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे।

### परामर्श केंद्र पर तीन दंपति में कराई सुलह

**चंदौसी, अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में हुई। इसके माध्यम से तीन दंपति को पुनः मिलाया गया। परामर्श केन्द्र पर पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। काउंसलर ने कुल 16 पत्रावली को सुना। वहीं 3 पत्रावली का निस्तारण किया गया और 3 परिवारों को पुनः मिलाकर समझौता कराया गया।

## तेज आंधी से कई गांवों में बिजली की लाइनें टूटीं और ट्रांसफार्मर गिरे, कई जगह पेड़ उखड़ कर सड़कों पर गिरने से यातायात बाधित

# आंधी-तूफान से तबाही, महिला समेत दो की मौत, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ कैला देवी

- 10 साल की बच्ची पर टूटकर गिरा बिजली का पोल



मृतक भगवान सिंह।



मृतक नेमवती।



महिला की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं व समझाती महिला पुलिस कर्मी।



संभल के गंगहेटा गांव में इसी दीवार के मलबे में दबकर हुई ग्रामीण की मौत।



संभल के गंगहेटा गांव में इसी खंभे के नीचे दबकर हुई महिला की मौत।

**अमृत विचार :** संभल जनपद में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। कैला देवी थाना क्षेत्र में महिला समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आंधी के चलते कई गांवों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर टूटकर गिर पड़े, पेड़ उखड़कर सड़कों पर आ गए तथा मकानों और टीन शेडों को भारी नुकसान पहुंचा।

तेज आंधी के दौरान थाना क्षेत्र के गांव गंगहेटा निवासी नेमवती (30) पत्नी स्व. दुर्गेश रास्ते से गुजर रही थीं। इसी दौरान तेज हवा के कारण एक पेड़ टूटकर बिजली की लाइन पर गिर पड़ा, जिससे बिजली का पोल टूटकर सीधे नेमवती के ऊपर जा गिरा। पोल के नीचे दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और आनन-फानन में कैला देवी अस्पताल ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर संभल रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। नेमवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि उनके पति दुर्गेश की करीब छह माह पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी। पति की मौत के बाद वह अपने तीन छोटे बच्चों के साथ मायके गंगहेटा में पिता राजपाल के यहां रह रही थीं। इसी गांव में दूसरा हादसा भी बेहद दर्दनाक रहा। गांव निवासी भगवान सिंह (40) तेज आंधी से बचने के लिए अपने छप्परनुमा घर के नीचे बैठे हुए थे। तभी तेज हवा के दबाव से कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और भगवान सिंह मलबे में दब गए। ग्रामीणों और परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए संभल अस्पताल ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। गांव में दोनों मौतों के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। आंधी-तूफान के दौरान गांव गंगहेटा में ही मनवीर सिंह की 10 वर्षीय बेटी सविता भी हादसे का शिकार हो गई। वह रास्ते से गुजर रही थी तभी बिजली का खंभा टूटकर उसके ऊपर गिर गया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इलाज चल रहा है।

### आंधी से उखड़ गए टीन शेड, पशु घायल

**सौंधन, अमृत विचार :** तेज तूफान से क्षेत्र में भारी आर्थिक नुकसान भी हुआ। चाचू नांगल गांव में हरीश गर्ग के घर के बाहर बने टीन शेड में पशु बंधे हुए थे। आंधी के दौरान टीन शेड टूटकर पशुओं के ऊपर गिर गया। हादसे में एक गाय की मौत हो गई, जबकि एक भैंस और दूसरा पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टीन शेड में रखा घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे हरीश को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा किशन पाल के मकान की दीवार गिरने से घर में रखा सामान, बर्तन और बाइक मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। रझेड़ा सलेमपुर गांव में हाईवे किनारे स्थित रजवाड़ा पैलेस के तीन पैनल तेज हवा में उड़कर टूट गए। वहीं बाबा रतन गिरी आदर्श इंटर कॉलेज कैला देवी के भी दो बड़े पैनल नीचे गिर गए। गनीमत रही कि उस समय स्कूल के बच्चे कक्षाओं के भीतर मौजूद थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, जिससे यातायात प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर रास्तों को साफ कराया। वहीं खेतों और गांवों में लगे कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर टूटने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। देर रात तक कई गांव अंधेरे में डूबे रहे।

### नायब तहसीलदार ने लिया जायजा

**सौंधन।** हादसे की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

# डीएवी फर्टिलाइजर में 97.8% पाकर हेमका बनीं टॉपर

## सफल विद्यार्थियों को शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

संवाददाता, बबराला



हेमका वार्ष्णेय।



आदर्श।

- स्कूलों में प्रसन्नता का माहौल अभिभावक गर्वित

**अमृत विचार :** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई सत्र 2025-26 की कक्षा 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। सफल विद्यार्थियों को शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

कॉमर्स वर्ग में हेमका वार्ष्णेय ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। भूमिका यादव ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया, जबकि हर्षिका यादव ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से परिवारों में उत्साह का माहौल है।

विद्यालय के छात्रों ने विशेष रूप से इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बिजनेस स्टडीज विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कई विद्यार्थियों ने इन विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षकों ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम बताया। वहीं विज्ञान वर्ग में आदर्श ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। प्रिंस वार्ष्णेय ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अदिति वार्ष्णेय ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया।



चंदौसी के आरआरके स्कूल में मेधावियों को मिठाई खिलाते शिक्षक। • अमृत विचार

### परीक्षा परिणाम देख साथियों संग मनाया जश्न

**चंदौसी, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड के 12 वीं का परीक्षा परिणाम देखकर बुधवार को छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उत्तीर्ण छात्र दोस्तों के साथ खुशी मनाते और सेल्फी लेते दिखाई दिए। अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त पाने वाले छात्रों का अध्यापकों ने उत्साहवर्धन किया है। रिजल्ट आने की जानकारी पर छात्र सुबह से ही उत्सुक दिखाई दिए। छात्र लगातार मोबाइल, लैपटॉप पर रिजल्ट चेक करने का प्रयास करते रहे। रिजल्ट पास आउट होने के बाद छात्रों के चेहरे खिल उठे। क्षेत्र के अधिकांश स्कूल का रिजल्ट 95 से 97 प्रतिशत रहा। ओपीजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ध्रुव ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ध्रुव ने दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल व माता पिता का नाम रोशन किया। छात्रों ने परीक्षा में प्राप्त सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है। छात्रों का कहना है कि अध्यापकों ने उन्हें पढाई के लिए प्रेरित किया है। उन्हें पढाई करने का माहौल दिया, जिसके कारण उन्हें परीक्षा में सफलता मिली है।

### सीबीएसई 12 वीं के टॉपर



तनु सिंह -95 सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल



आशी आर्य - 94 सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल



ध्रुव कुमार -97 .2 ओपीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल



हर्षित कुमार - 85 .2 ओपीएम सीनियर सेकेंडरी



आलेख सिंह - 96 .2 एएम वर्ल्ड स्कूल, एएम वर्ल्ड



2 - ईशान अग्रवाल 95 .8 एएम वर्ल्ड स्कूल



1 - अनुष्का विजय - 96 प्रतिशत, न्यू सत्यम एकेडमी



2 - अर्श अग्रवाल -91प्रतिशत, न्यू सत्यम एकेडमी



1 -अनुष्का -96 जीके सिल्वर स्टोन स्कूल



2 - अर्श अग्रवाल - 91 जीके सिल्वर स्टोन स्कूल



1 - पुरुषोत्तम पाराशरी -95 .4 आरआरके सीनियर



2 - यश गुप्ता -95 आरआरके सीनियर सेकेंडरी

### दृष्टि अग्रवाल ने सेंट मैरी स्कूल में किया टॉप

**संभल, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला ठेर स्थित बाजार गंज निवासी अतुल अग्रवाल की बेटी दृष्टि अग्रवाल ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट मैरी स्कूल में टॉप किया है। छात्रा की सफलता से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है।



दृष्टि अग्रवाल।

दृष्टि अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ माता नेहा मित्तल और पिता अतुल अग्रवाल के सहयोग व आशीर्वाद को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के प्रोत्साहन और शिक्षकों की मेहनत से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। दृष्टि का सपना आईपीएस या आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करने का है। उन्होंने बताया कि अब वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू करेंगी और पूरी मेहनत व लगन के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेंगी।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने खड़े लोगों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल जिला अस्पताल में गमगीन बैठे मृतक संतराम के परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस का टायर बदलते समय नीचे खड़े यात्रियों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

हादसा थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव सैंडा उर्फ सहरा स्थित गंगा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के करीब 3:45 बजे हुआ। बताया गया कि पंजाब जा रही डबल डेकर बस का पिछला टायर फट गया था। इसके बाद चालक ने बस को सड़क किनारे खड़ा कर टायर बदलना शुरू कर दिया। इस दौरान कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी बीच पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने बस के बराबर में खड़े 3 यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। यात्रियों का आरोप है कि बस चालक ने वाहन को साइड में खड़ा तो कर दिया, लेकिन इंडिकेटर नहीं जलाए। सूचना पर यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने संतराम (35) निवासी गांव पश्चिमी केवटन पूर्वा, थाना इकौना, जिला श्रावस्ती को मृत घोषित कर दिया। संतराम पंजाब के मोगा में सब्जी की रेहड़ी लगाता था। हादसे में गांव का ही गुड्डू (45) भी घायल हुआ है।

### उच्च शिक्षा के महत्व पर कार्यशाला आयोजित

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कालेज संभल के तत्वावधान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में उच्च शिक्षा के महत्व एवं उसके प्रचार-प्रसार को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए इसके सामाजिक और व्यक्तिगत महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला में प्रोफेसर डॉ. अमृतेश अवस्थी ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को संस्कारवान बनाती है और उच्च शिक्षा सफलता के नए द्वार खोलती है। प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को चेतनावान बनाकर तर्क करना सिखाती है। डॉ. अर्चना बंसल ने महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो पूरी पीढ़ी शिक्षित होती है।

# परीक्षा का परिणाम देख खिले मेधावियों के चेहरे

संवाददाता, बहजोई



कीर्ति



लक्ष्य



हर्षित



दीक्षा



रिद्धी



दिव्या

**अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार दोपहर घोषित होते ही छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालयों में मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिव्या वार्ष्णेय ने 92.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षिता वार्ष्णेय ने 92 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा चिराग वार्ष्णेय ने 91.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल में कीर्ति ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य वार्ष्णेय ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित वार्ष्णेय और दीक्षा वार्ष्णेय ने 91.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। भगतजी इंटरनेशनल स्कूल में रिद्धि अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। फरजाना सैफी ने 89 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा तन्मय वार्ष्णेय ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### जेकेईटी में निकिता बनीं टॉपर

**बबराला, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में जेकेईटी कॉन्वेंट स्कूल, जुनावई के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



निकिता वार्ष्णेय



आयुश वार्ष्णेय



स्वयं वार्ष्णेय

विद्यालय के 93 छात्रों में से 78 छात्र सफल घोषित हुए हैं। स्कूल के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि छात्रा निकिता वार्ष्णेय ने 89 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आयुष वार्ष्णेय ने 89 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा तथा स्वयं वार्ष्णेय ने 88 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# सात साल पुराने हत्याकांड में पांच को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, संभल/ चंदौसी



सजा सुनाए जाने के बाद आरोपियों को जेल लेकर जाती पुलिस।

- कोर्ट ने दोषियों पर 66-66 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड
- जुर्माने की आधी रकम मृतक की पत्नी को देने के आदेश

**अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सात साल पुराने हत्याकांड में पांच दोषियों को आजीवन कारावास और 66-66 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपियों ने पुराने मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के लिए घर में घुसकर पति-पत्नी और बेटे से मारपीट की थी, जिसमें घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

मामला जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र के गांव बगढेर का है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अवधेश कुमार सिंह ने बुधवार को गांव निवासी महानंदन, गिलीचंद्र उर्फ गिरीश, नेकपाल तथा सगे भाई राहुल और राकेश को करऊ की हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि न्यायालय ने अर्थदंड की आधी धनराशि मृतक की पत्नी को देने और शेष धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जमा कराने के आदेश दिए हैं।

अभियोजन के अनुसार 24 सितंबर 2017 की दोपहर आरोपियों ने करऊ के घर में घुसकर 19 सितंबर 2017 को दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने करऊ, उसकी पत्नी राजवती और बेटे राजेश के साथ मारपीट की। घटना में घायल करऊ को हालत गंभीर होने पर मेरठ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। न्यायालय ने 27 अप्रैल 2026 को पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। दोष सिद्ध होने के समय आरोपी जमानत पर थे और अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे, जिस पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे। पांच मई को महानंदन, गिलीचंद्र उर्फ गिरीश और नेकपाल ने आत्मसमर्पण किया, जबकि 11 मई को राकेश ने अदालत में सरेंडर किया। राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास और 66-66 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने की स्व-गणना

**संभल, अमृत विचार :** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बुधवार को स्व-गणना कर अपनी जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कराई। एसडीएम निधि पटेल सांसद के थाना नखासा क्षेत्र स्थित दीपासराय के बर्क मंजिल आवास पहुंचीं, जहां सांसद ने अपनी डिटेल भरकर एचएलओ आईडी प्राप्त की।

सांसद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो नागरिक डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, वे ऐसा करें। यदि सरकारी टीमें घर पहुंचती हैं तो उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि भविष्य में किसी को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि देश में जनगणना प्रक्रिया का पहला चरण शुरू हो चुका है। एसडीएम निधि पटेल ने बताया कि स्व-गणना कर उन्हें एचएलओ आईडी उपलब्ध करा दी गई है।

# इशाकपुर में हुए धमाके में आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता, रजपुरा

- मलबे में तब्दील खंडहर मकान में रखी विस्फोटक सामग्री में हो गया था धमाका

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव इशाकपुर में खंडहरनुमा मकान में हुए जोरदार धमाके के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया।

इशाकपुर के खंडहर मकान में मंगलवार को हुआ धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों में दरारें आ गई थीं, जबकि पशुशाला में बंधे चार पशु झुलस गए थे। इस मामले में गांव निवासी राकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव स्थित खंडहर पड़े मकान में अचानक विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

शिकायत में कहा गया था कि खंडहर मकान मुरादपुर निवासी सौराज का है, जबकि उसका उपयोग गांव निवासी ब्रह्मप्रकाश करता था। ब्रह्मप्रकाश के पास विस्फोटक सामग्री बेचने का लाइसेंस है और उसी ने मकान में विस्फोटक सामग्री रखी थी, जिसके चलते धमाका हुआ।

थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि आरोपी ब्रह्मप्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। विस्फोट में प्रयुक्त सामग्री और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### भारतीय भाषा व संस्कृति की जानकारी

**रजपुरा, अमृत विचार :** ग्राम जहानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मेहरा ने किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी प्रतिभा को परखा और सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक गौरव यादव ने भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति पर आधारित 50 पुस्तकों को विद्यालय को समर्पित किया। समर कैंप प्रभारी तेजपाल सिंह ने बच्चों को भारतीय भाषा से संबंधित संख्या ज्ञान एवं भाषा पद्धति की जानकारी दी।

प्रधानाध्यापक गौरव यादव ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए सात दिवसीय शिविर की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक अध्यापक तेजपाल सिंह, शिक्षामित्र जगवीर सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुशीला सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



प्रेम ही आपके और हर चीज के बीच का पुल है।
–रूमी, सूफी

## परीक्षा एजेंसी पर प्रश्न

नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का रद्द होना अक्षम्य प्रशासनिक त्रुटि और देश की सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था पर गहरा धब्बा है। जिस परीक्षा के आधार पर भविष्य के चिकित्सा छात्र चुने जाने हों, उसके प्रश्नपत्र व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों में पांच-पांच हजार रुपये में बिकते पाए जाएं, तो यह भ्रष्टाचार प्रतिभा और परिश्रम के साथ राष्ट्रीय विश्वासघात है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक अब अपवाद नहीं, एक 'समानांतर उद्योग' बन चुका है। बार-बार यही कहानी दोहराया जाना केवल तकनीकी सुरक्षा की नहीं, बल्कि संगठित अपराध, प्रशासनिक मिलीभगत और कमजोर जवाबदेही की भी है। हर बार जांच समिति, नई गाइडलाइन, 'कड़ी कार्रवाई' के दावे, लेकिन फिर वही विफलता। प्रश्न यह है कि दुनिया के अनेक देश करोड़ों परीक्षार्थियों की परीक्षाएं अपेक्षाकृत सुरक्षित ढंग से करा सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं? एनटीए की भूमिका सवालों के घेरे में है।

संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2014 के बाद, इसके द्वारा कराई गई अनेक परीक्षाएं विवादों और भीषण अनियमितताओं का शिकार हुईं। परिणामों में देरी, तकनीकी खामियां, पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की कमजोरियां लगातार सामने आती रहीं। इसके बावजूद कोई संस्थागत जवाबदेही तय नहीं हुई और छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर पड़ता गया। इसका बड़ा बोझ ईमानदार छात्रों पर पड़ता है, जिन्होंने वर्षों मेहनत की, कोचिंग पर लाखों रुपये खर्च किए, मानसिक दबाव झेला, उनका भविष्य कुछ अपराधियों और भ्रष्ट नेटवर्क के कारण अनिश्चित हो जाता है। अब दोबारा परीक्षा होगी तो लाखों छात्रों का यात्रा, आवास और तैयारी का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। उनकी मानसिक लय टूटेगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होगा। दोबारा परीक्षा कराने का लगभग 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का भार कौन उठाएगा? अंततः यह करदाताओं के पैसे से ही आएगा। यह संकट शिक्षा की नैतिकता पर भी प्रश्न खड़ा करता है। यदि सफलता परिश्रम और प्रतिभा से नहीं, पैसे और पहुंच से खरीदे गए प्रश्नपत्र से तय होगी, तो फिर परीक्षा का क्या अर्थ? चिकित्सा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह बहुत खतरनाक है। सरकार ने सीबीआई जांच और दस दिन में नए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा करके संदेश दिया है कि वह परीक्षा की शुचिता पर समझौता नहीं करेगी, लेकिन मात्र जांच पर्याप्त नहीं। देश में ऐसे मामलों में दोष सिद्धि की दर अत्यंत कम है। अधिकांश आरोपी सुदीर्घ कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाते रहते हैं। समाधान केवल परीक्षा रद्द करने में नहीं, पूरी संरचना बदलने में है। सरकार को सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम को कठोरता से लागू करना होगा। डिजिटल एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र प्रणाली, एआई आधारित निगरानी, सीमित समय में सुरक्षित डाउनलोड, स्थानीय प्रिंटिंग नियंत्रण और परीक्षा केंद्रों का स्वतंत्र ऑडिट अनिवार्य करना चाहिए।

दक्षिण कोरिया, चीन और सिंगापुर जैसे देश में परीक्षा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा जितनी गंभीरता से लेते हैं, भारत को भी यही दृष्टिकोण अपनाना होगा। सार्वजनिक परीक्षाओं की विश्वसनीयता केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का आधार है।

### प्रसंगवश

## संगठित बनता जा रहा मिलावट का कारोबार

हाल ही में हैदराबाद में नकली चाय का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी अधिक मुनाफा कमाने के लिए कृत्रिम खाद्य रंग, गुड़ का शरबत और एक्सपायरी डेट के चाय पाउडर की मिलावट कर रहे थे। इसी तरह मध्य प्रदेश में डेयरी प्रोडक्ट्स में मिलावट का बड़ा केस सामने आया है। ईडी की जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे और फर्जी रिपोर्ट भी तैयार की जाती थी, ताकि एक्सपोर्ट किया जा सके।

वहीं घोटाले से होने वाली कमाई को अलग-अलग खातों के जरिए घुमाया जाता था। ईडी ने इस मामले में एक कंपनी के पूर्व सीईओ को भी गिरफ्तार किया है। इसी तरह दिल्ली में नकली टूथपेस्ट और दवाइयां बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। असल में देश भर में नकली दूध, मिलावटी पनीर, एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट, नकली सॉस, नकली मावा आदि के मामले रोज पकड़े जा रहे हैं।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में शीतल पेय और बिस्कुट जैसे रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पादों की कथित तौर पर समाप्ति तिथि के बाद खुले बाजार में बिक्री, समाप्त हो चुके सामानों की दोबारा पैकेजिंग और मिलावटी वस्तुओं के प्रचलन के साथ ही नकली टूथपेस्ट बनाने वाली गिरोह पकड़ी गई है। यह इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इस तरह की अनुचित और अवैध गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं।

एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, हर तीन में से एक दूध का सैंपल फेल हो रहा है। साल 2025 में दूध के 38 फीसदी नमूने मिलावटी पाए गए। पानी, डिटर्जेंट, यूरिया और खतरनाक केमिकल्स मिलाकर सेहत के नाम पर जहर बेचा जा रहा है। उत्तर भारत में 47 प्रतिशत तक सैंपल फेल हुए। वहीं दक्षिण में 18 फीसदी, पश्चिम में 23 प्रतिशत और पूर्व में 13 फीसदी दूध के नमूने फेल पाए गए। सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को दूध के नाम पर धीमा जहर पिलाने के लिए मजबूर हैं? वहीं देश में जांच के लिए लैब की संख्या क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है?

मिलावटी उत्पादों की जांच करने वाली संस्था भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का कहना है कि पनीर और शीतल पेय से लेकर डेयरी उत्पाद, टूथपेस्ट और यहां तक कि अदरक-लहसुन पेस्ट तक घरेलू खपत का एक बड़ा हिस्सा बनाने वाली अधिकतर कंपनियों के कई मुख्य खाद्य पदार्थ उतने स्वच्छ नहीं हो सकते, जितने वे दिखाए जाते हैं।

साल 2026 के केवल चार महीनों में देश भर में की गई कई प्रवर्तन कार्रवाइयों ने व्यापक मिलावट बाजार की भयावह वास्तविकता को उजागर किया है। छोटे, अवैध कारखानों में नकली उत्पादों का निर्माण हो रहा है, जो जन स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे अवैध धंधे पर हाल ही में हुई छापेमारी और कार्रवाई की पड़ताल से पता चलता है कि मिलावट किस हद तक एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक उद्यम में तब्दील हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्यसभा को दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1,55,306 नमूनों का विश्लेषण किया गया है, जिनमें से कुल 27,567 नमूने अप्रमाणित पाए गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अपील तभी प्रभावी जब सत्ता स्वयं उदाहरण बने





जयदेव राठी
अधिवक्ता

देश इस समय वैशिक अस्थिरता, बढ़ती ऊर्जा कीमतों और विदेशी निर्भरता जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने तथा सादगी अपनाने की अपील केवल एक सामान्य सरकारी संदेश नहीं है, बल्कि यह आने वाले समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने की अपील भी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अपील को केवल जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारें स्वयं पर भी लागू करती दिखाई दे रही हैं। इसी क्रम में योगी आदित्यनाथ की पहल विशेष रूप से उल्लेखनीय बन जाती है।

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या, प्रशासनिक ढांचे और राजनीतिक प्रभाव- तीनों दृष्टियों से इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे राज्य में यदि मुख्यमंत्री स्वयं मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती का निर्णय लेते हैं, सरकारी बैठकों को ऑनलाइन करने की बात करते हैं, सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा 'नो व्हिकल डे' जैसी अवधारणा सामने रखते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं रह जाता, बल्कि शासन की मानसिकता का संकेत बन जाता है।

भारत में सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि त्याग और संयम का उपदेश अक्सर केवल आम जनता के हिस्से आया, जबकि सत्ता वर्ग स्वयं वैभव और सरकारी संसाधनों के प्रदर्शन में लगा रहा। जनता से ईंधन बचाने की अपील की जाए और दूसरी ओर सैकड़ों गाड़ियों के काफिले सड़कों पर दौड़ते रहें, तो संदेश की विश्वसनीयता कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि योगी सरकार का यह कदम राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। इससे कम से कम यह संकेत गया है कि सरकार जनता से जो कह रही है, उसे स्वयं पर भी लागू करने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं भी अपने काफिले का आकार घटाने तथा सरकारी विभागों में खर्च कम करने के निर्देश दिए हैं। खबरों के अनुसार उनके काफिले में वाहनों की संख्या में कमी की गई है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में भी पहल हुई है। यह कदम प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन राजनीति में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जब शीर्ष नेतृत्व सादगी का संकेत देता है, तब प्रशासनिक तंत्र पर भी उसका प्रभाव पड़ता है।

आज दुनिया जिस आर्थिक और भू-राजनीतिक परिस्थिति से गुजर रही है, उसमें ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ने का असर सीधे तेल की कीमतों पर पड़ता है और भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर इसका भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। पेट्रोलियम आयात पर बढ़ता खर्च न केवल आम आदमी की जेब प्रभावित करता है, बल्कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव डालता है। इसी तरह सोने की अत्यधिक खरीद भी विदेशी मुद्रा पर असर डालती है। इतिहास गवाह है कि पहले की सरकारों में भी कठिन दौर में देश को सोने और विदेशी मुद्रा संकट से जूझना पड़ा था।

ऐसे समय में यदि सरकार जनता से संयम की अपील कर रही है, तो उसका उद्देश्य केवल बचत नहीं, बल्कि आर्थिक अनुशासन भी है, लेकिन यह अनुशासन तभी सफल होगा, जब यह समाज के हर वर्ग पर समान रूप से लागू हो। नेता, मंत्री, विधायक, बड़े अधिकारी और सरकारी संस्थान यदि पहले उदाहरण प्रस्तुत करें, तभी जनता इसे गंभीरता से लेगी।

योगी आदित्यनाथ की पहल का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने इसे केवल सरकारी खर्च कटौती तक सीमित नहीं रखा। वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, ये सभी आधुनिक प्रशासनिक सोच के संकेत हैं। कोविड काल के दौरान देश ने देखा था कि डिजिटल माध्यमों से भी प्रशासन और कार्य व्यवस्था को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है। उस अनुभव को अब ऊर्जा बचत और संसाधन प्रबंधन से जोड़ना एक व्यावहारिक कदम माना जा सकता है।

इस पूरे विषय का एक दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विपक्ष यह सवाल उठा रहा है कि क्या केवल जनता से अपील करना पर्याप्त है? क्या सरकारें महंगाई, ईंधन करों और आर्थिक दबावों को कम करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाएंगी? मायावती ने भी कहा कि यह केवल 'संयम' का नहीं, बल्कि आम जनता के लिए 'संकट' का विषय है। यह सवाल अपनी जगह महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश का मध्यमवर्ग और गरीब वर्ग पहले से ही महंगाई के दबाव से जूझ रहा है।

सरकारों को केवल नैतिक अपीलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें सरकारी फिजूलखर्ची पर वास्तविक नियंत्रण, अनावश्यक सरकारी यात्राओं में कमी, वीआईपी संस्कृति पर अंकुश और सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी उपयोग की दिशा में ठोस नीति बनानी होगी। यदि मंत्री और अधिकारी सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, सरकारी बैठकों को अधिकतम डिजिटल बनाया जाए और सरकारी वाहनों के उपयोग का ऑडिट हो, तो इससे जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि उत्तर प्रदेश के बाद अन्य राज्यों में भी इसी तरह की पहल दिखाई देने लगी है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में भी काफिलों की संख्या कम करने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और सरकारी खर्च घटाने जैसे कदमों की चर्चा सामने आई है। यदि यह अभियान राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नीति का स्वरूप लेता है, तो इसका दूरगामी प्रभाव हो सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में नेतृत्व केवल भाषणों से स्थापित नहीं होता, बल्कि आचरण से स्थापित होता है। जनता हर बात को देखती और समझती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने जैसी अपील की है। अपील को जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारों ने स्वयं पर भी इसे लागू किया है।**

### आमने सामने



बिहार के झाड़-फूंक वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी कह रहे हैं कि बीजेपी सरकार में लड़कियों को शिक्षा की जरूरत क्या है, क्यों है? मोदी जी नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं और बिहार के शिक्षा मंत्री कह रहे हैं, लड़कियों को स्कूल जाने के बजाय घर में ही रहना चाहिए।

–तेजस्वी यादव
नेता प्रतिपक्ष, बिहार

'एजुकेशन' का मतलब शिक्षा होता है और 'एजिटेशन' का मतलब आंदोलन होता है। चूंकि तेजस्वी जी ने कभी ढंग से शिक्षा ली नहीं और कभी कोई आंदोलन किया नहीं, इसलिए उन्हें दोनों शब्द एक ही जैसे लगते हैं। तेजस्वी यादव को अभी और ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।

–मिथिलेश तिवारी
शिक्षा मंत्री, बिहार



# अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवन शक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है, तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है।

मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है।

बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती, तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर, मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा।

विनाश के बढ़ते साये में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। समाधान केवल नई तकनीकों से नहीं निकलेगा, जब तक नीतियों और सामाजिक सोच में बदलाव नहीं आता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां विस्तार कर रही हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं।**

### सोशल फोरम

## बंद होते सरकारी स्कूल

सरकारी स्कूल बंद क्यों हो रहे हैं? क्या सचमुच गांवों में बच्चे कम हो गए हैं या फिर शिक्षा को देखने का समाज और सरकार का नजरिया बदल गया है? दिलचस्प बात यह है कि जिन आर्थिक नीतियों के दौर में देशभर में हजारों सरकारी स्कूल खोले गए, उसी दौर ने धीरे-धीरे ऐसी मानसिकता भी पैदा की, जिसमें शिक्षा का मूल्य उसके मानवीय और सामाजिक महत्व से नहीं, बल्कि नौकरी और बाज़ार में उसकी उपयोगिता से तय होने लगा। इन स्कूलों की उत्पत्ति में ही उनके बंद होने के बीज भी पड़ गए थे।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

1990 के दशक में भारत में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार के लिए जो बड़े पैमाने पर स्कूल खोले गए, वह सीधे या परोक्ष रूप से विश्व बैंक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से वित्त पोषित था। उस दौर में केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और योजनाओं को विश्वबैंक सहित कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने वित्तीय और नीतिगत समर्थन दिया। सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम था District Primary Education Programme (DPEP), जो 1994 में शुरू हुआ।

इसका उद्देश्य था प्राथमिक शिक्षा का तेजी से विस्तार करना, खासकर उन जिलों में, जहां महिला साक्षरता और स्कूल नामांकन बहुत कम था। इस कार्यक्रम को भारत सरकार चला रही थी, लेकिन इसके लिए धन और तकनीकी सहायता World Bank, DFID, UNICEF, European Commission आदि से आई। इसी DPEP के तहत नए प्राथमिक विद्यालय खोले गए, स्कूल भवन बने, पैरा-टीचर रखे गए, लड़कियों और दलित-आदिवासी बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया, शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यपुस्तक सुधार हुए। बाद में यही मॉडल आगे चलकर सर्व शिक्षा अभियान का आधार बना।

1990 का दशक भारत में आर्थिक उदारीकरण का दौर था। उसी समय Education for All जैसी वैश्विक नीतियां भी आईं। विश्वबैंक और अन्य संस्थाएं विकासशील देशों में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार को बढ़ावा दे रही थीं। इस पर आलोचना भी हुई। कई शिक्षाविदों और चिंतकों ने कहा कि विश्वबैंक की नीतियों ने शिक्षा को न्यूनतम साक्षरता तक सीमित कर दिया, स्थायी शिक्षकों की जगह कम वेतन वाले पैरा-टीचर बढ़ाए गए, शिक्षा का ढांचा कम लागत वाले मॉडल की ओर गया और प्राथमिक शिक्षा पर जोर देकर उच्च शिक्षा की उपेक्षा हुई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## सिस्टम की लाचारी व पेपर लीक नेटवर्क की मनमानी

नीट 2026 परीक्षा एक कथित 'गेस पेपर' को लेकर विवादों में आ गई है और परीक्षा को रद्द कर दिया गया। यहां पर यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर हर बड़ी परीक्षा के बाद भरोसे का संकट क्यों उत्पन्न हो जाता है? लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की कठिन मेहनत, बहुत सा पैसा और धन खर्च करके तनाव और उम्मीदों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन जैसे ही पेपर लीक, गड़बड़ी या फर्जीवाड़े की खबर सामने आती है, पूरी परीक्षा व्यवस्था संदेह के घेरे में आ जाती है।

भले ही बाद में जांच एजेंसियां सच और अफवाहों के बीच अंतर स्पष्ट कर दें, लेकिन तब तक विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और व्यवस्था पर भरोसा बुरी तरह प्रभावित हो चुका होता है। आज प्रतियोगी परीक्षाएं केवल प्रतिभा की नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बनती जा रही हैं। चाहे नीट हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, एसएससी या राज्यों की अन्य छोटी-बड़ी भर्तियां- आज लगभग हर परीक्षा के बाद यही प्रश्न उठता है कि क्या मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को वास्तव में न्याय मिलेगा?



सुनील कुमार महला
लेखक

सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं रहा, बल्कि यह धीरे-धीरे एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें केवल दलाल ही नहीं, बल्कि कई बार कोचिंग नेटवर्क, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रिंटिंग सिस्टम से जुड़े लोग और अंदरूनी तंत्र तक शामिल पाए जाते हैं। करोड़ों रुपये का यह अवैध खेल युवाओं के भविष्य पर भारी पड़ रहा है। जब कोई परीक्षा रद्द होती है तो लाखों अभ्यर्थियों का समय, पैसा और मानसिक संतुलन प्रभावित होता है। गांवों से शहरों तक परीक्षा देने आने वाले गरीब परिवारों के सपने एक झटके में टूट जाते हैं। कई युवा वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली गड़बड़ियों से उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है। यही कारण है कि अब यह केवल शिक्षा व्यवस्था की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि युवाओं के भविष्य, मेहनत और देश की प्रतिभा पर सीधा आघात बन चुकी है।


एनटीए द्वारा अपनाई गई जीपीएस-ट्रैक्ड ट्रांसपोर्टेशन, एआई-असिस्टेड सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और फाइव-जी जैमर्स जैसी व्यवस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती हैं, लेकिन यदि इसके बावजूद संदेह पैदा हो रहा है तो सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ कुछ राज्यों ने भी कठोर कानून और सख्त दंड का प्रावधान किया है।

हिमाचल प्रदेश ने 'पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) बिल' पारित किया है, जिसमें पेपर लीक, नकल और सॉल्वर गैंग पर तीन से दस वर्ष तक की सजा तथा भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त कानून लाने की घोषणा की है तथा इसमें कठोर जेल, भारी जुर्माना और संपत्ति जब्ती जैसे प्रावधानों की चर्चा हुई है। उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के बाद राज्य में सख्त कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट और कठोर कानूनी कदम उठाए गए।

पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी पर रोक केवल कठोर कानूनों से ही नहीं लगेगी, बल्कि इसके लिए मजबूत तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था, सख्त दंड, जवाबदेही, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक नैतिकता का सामूहिक प्रयास भी बहुत आवश्यक है। तभी युवाओं का भरोसा कायम रहेगा और देश की वास्तविक प्रतिभा सही मायनों में आगे आ सकेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# क्लासरूम में एआई
## शिक्षक का विकल्प या सहायक

कभी ब्लैकबोर्ड शिक्षा का प्रतीक था। फिर स्मार्ट बोर्ड आए, डिजिटल कंटेंट आया, ऑनलाइन क्लासेस आईं। अब शिक्षा की दुनिया एक और बड़े बदलाव के दौर में है–आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तेजी से क्लासरूम में प्रवेश कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और एडटेक प्लेटफॉर्म्स में एआई आधारित टूल्स का इस्तेमाल बढ़ रहा है। कोई इसे शिक्षा का भविष्य बता रहा है, तो कोई इसे शिक्षक की भूमिका पर संकट मान रहा है। ऐसे में सवाल केवल तकनीक का नहीं, शिक्षा की आत्मा का है–क्या एआई शिक्षक का विकल्प बन सकता है या वह केवल उसका सहायक रहेगा?



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

एआई ने शिक्षा के पारंपरिक ढांचे को चुनौती देना शुरू कर दिया है। आज ऐसे प्लेटफॉर्म मौजूद हैं, जो छात्र की सीखने की गति, उसकी कमजोरियां और उसकी रुचि के आधार पर व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री तैयार कर सकते हैं। किसी छात्र को गणित में कठिनाई है, तो एआई उसे अतिरिक्त अभ्यास देगा। किसी को विज्ञान के विजुअल कंटेंट से बेहतर समझ आती है, तो वही सामग्री सामने आएगी। यह शिक्षा को "एक जैसी पढ़ाई सबके लिए" वाले मॉडल से निकालकर व्यक्तिगत सीखने की दिशा में ले जा रहा है। यही कारण है कि एआई को शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने वाली तकनीक भी कहा जा रहा है। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां अच्छे शिक्षकों की कमी है, वहां एआई आधारित डिजिटल ट्यूटर गुणवत्तापूर्ण सहायता दे सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र चौबीसों घंटे डाउट सॉल्विंग और प्रैक्टिस मॉड्यूल पा सकते हैं। शिक्षकों के लिए भी यह तकनीक राहत ला सकती है-कॉपी जांचना, रिपोर्ट बनाना, टेस्ट एनालिसिस करना और कमजोर छात्रों की पहचान जैसे कार्य अब मशीनें कर सकती हैं। यहीं से बहस शुरू होती है। क्या शिक्षा केवल सूचना का आदान-प्रदान है? यदि हां, तो मशीनें इसे मनुष्यों से अधिक कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन यदि शिक्षा का अर्थ सोचने की क्षमता विकसित करना, जिज्ञासा जगाना, नैतिकता सिखाना, आत्मविश्वास भरना और जीवन की दिशा देना है, तो फिर शिक्षक की भूमिका मशीन से कहीं आगे है। शिक्षक केवल पाठ नहीं पढ़ाता, वह व्यक्तित्व गढ़ता है। वह छात्र की आंखों में छिपी उलझन पढ़ता है, उसके आत्मविश्वास में आई कमी महसूस करता है, असफलता के बाद उसे संभालता है और कभी-कभी उसके जीवन का सबसे बड़ा प्रेरक बन जाता है। एआई डेटा पढ़ सकता है, भावनाएं नहीं। वह उत्तर दे सकता है, लेकिन जीवन की दिशा नहीं दे सकता।

### शैक्षणिक ईमानदारी का संकट

एआई के बढ़ते उपयोग के साथ दूसरी बड़ी चिंता सीखने की प्रक्रिया को लेकर है। यदि छात्र हर प्रश्न का उत्तर मशीन से तुरंत पाने लगेंगे, तो क्या उनकी स्वयं सोचने और संघर्ष करने की क्षमता घटेगी? शिक्षा केवल सही उत्तर पाने की कला नहीं, बल्कि सही उत्तर तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा है। कठिन प्रश्नों से जूझना, गलती करना, फिर समझना–यही वास्तविक सीखना है। यदि एआई हर समस्या का तत्काल समाधान देगा, तो यह प्रक्रिया कमजोर पड़ सकती है। शैक्षणिक ईमानदारी का संकट भी सामने है। दुनियाभर के शिक्षण संस्थान इस चुनौती से जूझ रहे हैं कि छात्र असाइनमेंट, निबंध, प्रोजेक्ट और यहां तक कि शोध कार्य तक एआई से तैयार करा रहे हैं। इससे मूल्यांकन की पारंपरिक पद्धति अप्रासंगिक होती जा रही है। आने वाले वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को "याद करके लिखने" वाले मॉडल से हटकर "सोचकर प्रस्तुत करने" वाले मॉडल की ओर जाना ही होगा।

### भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न

भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न और जटिल है। देश में लाखों छात्र अब भी बुनियादी डिजिटल संसाधनों से वंचित हैं। ऐसे में एआई आधारित शिक्षा यदि बिना तैयारी के लागू होती है, तो यह नई डिजिटल असमानता पैदा कर सकती है, जहां एक वर्ग "स्मार्ट लर्निंग" पाएगा और दूसरा अभी भी पारंपरिक कमजोर ढांचे में फंसा रहेगा। यानी एआई अवसर भी है और असमानता का जोखिम भी। एक और गंभीर चिंता है डेटा गोपनीयता की। एआई आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों का शैक्षणिक व्यवहार, प्रदर्शन, आदतें और मानसिक पैटर्न तक रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह डेटा भविष्य में कैसे इस्तेमाल होगा? क्या यह केवल सीखने के लिए होगा या व्यावसायिक लाभ का साधन भी बनेगा? शिक्षा क्षेत्र में डेटा का यह केंद्रीकरण नीति–निर्माताओं के लिए नया प्रश्न है।





### शिक्षा व्यवस्था के लिए निर्णायक मोड़

तमाम आशंकाओं के बीच एक बात स्पष्ट है कि एआई को रोका नहीं जा सकता। जैसे इंटरनेट और स्मार्टफोन शिक्षा का हिस्सा बने, वैसे ही एआई भी बनेगा। असली प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा व्यवस्था इस बदलाव के लिए तैयार है? भविष्य संभवतः "एआई बनाम शिक्षक" का नहीं, बल्कि "एआई + शिक्षक" का होगा। मशीनें दोहराव वाले, विश्लेषणात्मक और डेटा-आधारित कार्य संभालेंगी, शिक्षक रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, संवाद, मूल्य और प्रेरणा पर ध्यान देंगे। यानी शिक्षक की भूमिका समाप्त नहीं होगी-वह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी, पर उसका स्वरूप बदल जाएगा। कल का सफल शिक्षक वह होगा जो केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि तकनीक के साथ पढ़ाना जानता हो। जो एआई का उपयोग छात्रों की कमजोरी पहचानने, कंटेंट अनुकूलित करने और कक्षा को अधिक प्रभावी बनाने में कर सके और जो यह समझे कि तकनीक सहायक है, शिक्षक का प्रतिस्थापन नहीं।

शिक्षा व्यवस्था के लिए यह एक निर्णायक मोड़ है। यदि एआई को बिना नीति, प्रशिक्षण और नैतिक ढांचे के अपनाया गया, तो यह शिक्षा को सतही, निर्जीव और असमान बना सकता है, लेकिन यदि इसे समझदारी से शिक्षक-केंद्रित मॉडल में जोड़ा गया, तो यह सीखने को अधिक व्यक्तिगत, प्रभावी और समावेशी बना सकता है। अंत में कह सकते हैं कि क्योंकि ज्ञान मशीन दे सकती है, लेकिन सीखने की प्रेरणा अब भी इंसान ही देता है। बेशक, एआई क्लासरूम में आया है और रहेगा, पर वह शिक्षक की कुर्सी पर नहीं, वह शिक्षक के बगल में बैठेगा।

## वर्ड स्मिथ

### Examination शब्द की उत्पत्ति

'Examination' शब्द आज पढ़ाई, परीक्षा और जांच के अर्थ में पूरी दुनिया में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी जड़ें हजारों साल पुरानी लैटिन भाषा में छिपी हैं। यह शब्द लैटिन के 'Examinare' से बना है। पुराने समय में 'Examen' का अर्थ होता था तराजू की सूई या संतुलन जांचने वाला उपकरण। जब किसी वस्तु का सही वजन पता करना होता था, तो उसे तराजू पर तौला जाता था। इसी प्रक्रिया को 'Examinare' कहा जाने लगा यानी किसी चीज को ध्यान से परखना या जांचना। मध्यकालीन यूरोप में जब विद्यालयों और विश्वविद्यालयों का विकास हुआ, तब छात्रों की योग्यता जांचने की प्रक्रिया को 'Examination' कहा जाने लगा। अंग्रेजी भाषा में यह शब्द लगभग 14वीं शताब्दी के आसपास प्रचलित हुआ। धीरे-धीरे इसका अर्थ किसी व्यक्ति के ज्ञान, क्षमता, स्वास्थ्य या तथ्यों की जांच से जुड़ गया। आज स्कूल की परीक्षा से आदि में 'Examination' शब्द का उपयोग होता है।



## नोटिस बोर्ड

### 15 मई से होंगी परीक्षाएं





महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कैंपस में संचालित बीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएमएस, बीएमएम, बीटेक, एमटेक-पीएचडी, बीफार्मा, एमफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, बीएड, एमएड, एलएलएम समेत विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं 15 मई से शुरू होंगी। रुवि द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एमए अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, एमएसडब्ल्यू तथा बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं भी इसी दिन से आयोजित की जाएंगी।

# सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग
## टेक्नोलॉजी की दुनिया का नया भविष्य



डॉ. अनुराग तिवारी
असिस्टेंट डायरेक्टर
बीबीडी आईटीएम, लखनऊ

आज के दौर में ज्यादातर छात्र कंप्यूटर साइंस को सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय करियर विकल्प मानते हैं, लेकिन टेक्नोलॉजी की दुनिया अब केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं रही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक व्हिकल और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल ने सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग को तेजी से उभरता हुआ करियर बना दिया है। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए शानदार अवसर लेकर आ सकता है।




### क्या है सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग वह क्षेत्र है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक चिप्स और माइक्रोप्रोसेसर को डिजाइन करने, विकसित करने और टेस्ट करने की तकनीक सिखाई जाती है। आज मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, कार, मेडिकल उपकरण और यहां तक कि घरेलू मशीनों में भी सेमीकंडक्टर चिप्स का उपयोग होता है। आसान शब्दों में कहें तो हर स्मार्ट डिवाइस की "ब्रेन" यही चिप्स होती हैं। इन्हें तैयार करने और बेहतर बनाने का काम सेमीकंडक्टर इंजीनियर करते हैं।



### क्यों बढ़ रही है इस फील्ड में मांग

कोरोना काल के दौरान दुनियाभर में चिप्स की कमी देखने को मिली थी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री आधुनिक तकनीक की रीढ़ है। यही कारण है कि अब कई देश इस सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। भारत सरकार भी "इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन" के जरिए देश में चिप निर्माण को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा Intel, TSMC और Qualcomm जैसी बड़ी कंपनियां लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।



### क्या पढ़ाया जाता है बीटेक सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग में

इस कोर्स में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप डिजाइन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाती है। मुख्य विषयों में शामिल हैं– VLSI Design
Embedded Systems
Microelectronics
Chip Fabrication
Circuit Design
इन विषयों के माध्यम से छात्र चिप निर्माण और हार्डवेयर टेक्नोलॉजी की गहराई को समझते हैं।

### करियर और सैलरी की संभावनाएं

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग करने के बाद छात्र चिप डिजाइन इंजीनियर, VLSI इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, रिसर्च साइंटिस्ट और मैन्युफैक्चरिंग एक्सपर्ट जैसे पदों पर काम कर सकते हैं। शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में सालाना 6 से 12 लाख रुपये तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ सैलरी 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकती है। विदेशों में भी इस फील्ड की मांग काफी अधिक है, जिससे ग्लोबल करियर के अवसर भी मजबूत बनते हैं।

## करेंट अफेयर्स

- भारत का पहला पूरी तरह डिजिटल बैंकिंग अपनाने वाला राज्य केरल (Kerala) माना जाता है। केरल ने डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सिस्टम को गांव–गांव तक पहुंचाकर पूरे देश में एक नई मिसाल पेश की। राज्य सरकार, बैंकों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से केरल ने यह सुनिश्चित किया कि लगभग हर नागरिक बैंकिंग सेवाओं से डिजिटल रूप से जुड़ सके।
- दुनिया एक बार फिर इतिहास बनते देखने जा रही है। NASA का Artemis II मिशन इंसानों को 50 साल बाद चांद की कक्षा में भेजने वाला है। यह मिशन Apollo program के बाद पहला crewed lunar mission होगा, जिससे अंतरिक्ष अनुसंधान में एक नई शुरुआत मानी जा रही है। Artemis II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लौटेंगे। यह मिशन भविष्य के Artemis III मिशन के लिए रास्ता तैयार करेगा, जिसमें इंसानों को चांद की सतह पर उतारने की योजना है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने घोषणा की है कि वह अगले महीने से पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) से बाहर हो जाएगा। इस कदम के साथ ही UAE की लगभग छह दशकों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से वैश्विक तेल बाजारों का स्वरूप बदल सकता है और OPEC का प्रभाव कमजोर पड़ सकता है। खास बात यह है कि UAE कई दशकों से OPEC का सदस्य रहा है। सबसे पहले 1967 में अबू धाबी के माध्यम से यह संगठन से जुड़ा था और बाद में 1971 में देश बनने के बाद UAE पूर्ण सदस्य बना।
- भारत में वन्यजीवों की समृद्ध विरासत के बीच एशियाई हाथी एक महत्वपूर्ण प्रजाति है। ऐसे में अक्सर यह प्रश्न उठता है कि भारत में सबसे अधिक हाथी किस राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाते हैं। इस सवाल का उत्तर–दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान है, जो हाथियों की बड़ी आबादी के लिए प्रसिद्ध है। यह राष्ट्रीय उद्यान न केवल हाथियों की अधिक संख्या के लिए जाना जाता है, बल्कि यह जैव विविधता का भी प्रमुख केंद्र है। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नीलगिरि संरक्षित जैवमंडल या नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है, जो भारत का सबसे बड़ा हाथी आवास क्षेत्र माना जाता है।
- हाल ही में भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। भारतीय वेटलिफ्टरों ने अलग–अलग कैटेगरी में चार गोल्ड मेडल जीते हैं। यूनिवर्सल कप (सीनियर) इवेंट के साथ–साथ मुकाबला करते हुए, भारत के युवा एथलीटों ने अपनी ताकत, सटीकता और निरंतरता का प्रदर्शन किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में देश के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पद–अपरेंटिस (अपरेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत)
- कुल पद–1865
- स्टाइपेंड– 15,000 रुपये (ग्रामीण/अर्ध–शहरी)। 18,000 रुपये (शहरी), 20,000 रुपये (मेट्रो) प्रति माह
- प्रशिक्षण की अवधि– एक वर्ष
- आवेदन का तरीका– केवल ऑनलाइन (BFSI SSC पोर्टल के माध्यम से)
- चयन का तरीका–ऑनलाइन परीक्षा + स्थानीय भाषा दक्षता परीक्षा
- वेबसाइट– www.unionbankofindia.co.in

### नवोदय विद्यालय समिति (NVS) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ

- पद–PGT, TGT, लाइब्रेरियन और स्टाफ नर्स (संविदा आधारित)
- नौकरी का स्थान–उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
- कुल पद–217
- आवेदन की अंतिम तिथि–18 मई 2026
- वेबसाइट– www.nvsrolko.org

### संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)

- पद–विभिन्न ग्रुप 'A' और ग्रुप 'B' राजपत्रित पद
- कुल पद– आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध
- चयन प्रक्रिया– शॉर्टलिस्टिंग (योग्यता/अनुभव/भर्ती परीक्षा के आधार पर) + साक्षात्कार
- वेबसाइट–www.upsc.gov.in और https://upsconline.nic.in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद–कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) – खेल कोटा के अंतर्गत
- कुल पद–404 पद
- चयन प्रक्रिया– दस्तावेज सत्यापन + खेल उपलब्धि सत्यापन + PST + फील्ड ट्रायल/कौशल परीक्षण
- वेबसाइट–www.recruitment.ssb.gov.in और https://www.ssb.gov.in

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 74,608.98 | 23,412.60 |
| बढ़त | 49.74 | 33.05 |
| प्रतिशत में | 0.07 | 0.14 |

सोना 1,65,350 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,97,500 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 14 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### हिंदुस्तान पेट्रोलियम का एक वर्ष में शुद्ध लाभ 17,258 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 17,258 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 4,901.50 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 3,354.98 करोड़ रुपये था। रिकॉर्ड तिमाही लाभ ऐसे समय दर्ज किया गया है जबकि मार्च में कंपनी को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने से भारी नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी ने अन्य सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के साथ मिलकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई अस्थिरता से घरेलू बाजार को बचाए रखा। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी ने कच्चे तेल के हर बैरल को ईंधन में बदलने पर 8.79 अमेरिकी डॉलर कमाए जबकि सकल रिफाइनिंग मुनाफा 5.74 डॉलर प्रति बैरल था।

### जियो आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी का गठन, 50-50 हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और जर्मनी की कंपनी आलियांज के संयुक्त उद्यम 'जियो आलियांज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड' (जेएजीआईएल) का मंगलवार को औपचारिक रूप से गठन हो गया। कंपनी को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से निगमन प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। जेएफएसएल और आलियांज की इस बीमा कंपनी में 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। जेएफएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जियो आलियांज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड भारत में स्वास्थ्य बीमा सहित साधारण बीमा कारोबार करेगी। हालांकि, इसके लिए नियामकीय मंजूरियां आवश्यक होंगी।

### एयरटेल का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 33.5 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.5 प्रतिशत घटकर 7,325 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 11,021.8 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 15.6 प्रतिशत बढ़कर 55,383.2 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 47,876.2 करोड़ रुपये थी।

### अब एम्स्टर्डम नहीं, भारत में होगा क्रेडाई का सम्मेलन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने बुधवार को अपने वार्षिक सम्मेलन का आयोजन स्थल एम्स्टर्डम से भारत स्थानांतरित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद क्रेडाई ने सम्मेलन स्थल में बदलाव किया है। क्रेडाई के प्रमुख सम्मेलन नैटकॉन-2026 का 23वां संस्करण अगस्त में एम्स्टर्डम में आयोजित होने वाला था।

# प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से सर्राफा कारोबार धड़ाम

## आभूषण कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट, निर्यातकों से लेकर खुदरा बाजार में तीखी प्रतिक्रिया, कारोबारी बोले-व्यापार पर पड़ेगा असर

नयी दिल्ली, एजेंसी

सोने पर आयात शुल्क बढ़ने के कारण मांग घटने की आशंका के बीच बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में आभूषण कंपनियों के शेयर पर बिकवाली का दबाव बना रहा।

बीएसई पर स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स का शेयर 11.11 प्रतिशत, कल्याण ज्वेलर्स का शेयर छह प्रतिशत, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का 4.30 प्रतिशत, पीसी ज्वेलर का 3.65 प्रतिशत, त्रिभोवंदास भीमजी जवेरी का 1.74 प्रतिशत और टाइटन कंपनी का शेयर 1.64% टूटा। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 15% कर दिया। प्लैटिनम पर कर 6.4% से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 13 मई से सामाजिक कल्याण अधिभार और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री के विदेशी मुद्रा बचाने को सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने के आह्वान के बाद यह अधिसूचना जारी हुई है।

### गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना है मकसद

सरकार के सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15% करने का उद्देश्य गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना और विदेशी मुद्रा के उपयोग को कच्चे तेल, उर्वरकों, औद्योगिक कच्चे माल तथा पूंजीगत वस्तुओं जैसे आवश्यक आयातों के लिए प्राथमिकता देना है जो सीधे आर्थिक गतिविधि एवं खाद्य सुरक्षा को समर्थन देते हैं।



### दुबई से सोने का आयात बढ़ेगा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि सोने पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने से दुबई के रास्ते सोने और चांदी का आयात बढ़ सकता है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत यूएई से आने वाले सोने पर सामान्य एमएफएन दर से एक प्रतिशत कम शुल्क लगता है। ऐसे में नया प्रभावी शुल्क 14 प्रतिशत रहेगा, जिससे दुबई वैश्विक सर्राफा व्यापार का प्रमुख मार्ग बन सकता है। भारत ने शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) प्रणाली के तहत दुबई से सोने के आयात को सामान्य सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) दर से एक प्रतिशत कम शुल्क पर अनुमति दी थी। यह कोटा 2022 में 120 टन वार्षिक से शुरू हुआ था और 2027 तक बढ़कर 200 टन होने वाला है, जो भारत के कुल वार्षिक सोना आयात का लगभग एक-चौथाई है।

### आभूषणों के दाम बढ़ने से कम कैरेट के गहनों को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के सोने-चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने और पांच प्रतिशत कृषि उपकर लगाने पर उद्योग जगत ने प्रतिक्रिया दी है। उद्योग जगत का कहना है कि यह कम कैरेट के सोने के गहनों को बढ़ावा देने का अवसर है। इससे सोने की खपत भी कम होगी और गहनों के ज्यादा बेहतर डिजाइन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही उसने लोगों से घरों में पड़े पुराने गहनों के पुनर्चक्रण की भी अपील की है।

जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर और उद्यमी हेतल वकील वालिया का कहना है कि आयात शुल्क में इस वृद्धि के बाद सोने की कीमतों के साथ ही आभूषणों की खुदरा कीमतों में लगभग छह से आठ प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। इससे आने वाली तिमाहियों में कुल मांग में 10-15 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। उपभोक्ता धीरे-धीरे हल्के वजन वाले आभूषण, कम कैरेट वाले उत्पाद, चांदी के आभूषण और एक्सचेंज आधारित खरीदारी की ओर रुख कर सकते हैं।

श्रीमती वालिया ने बताया कि रिटेलर्स और चेन शोरूम मालिकों पर इन्वेंट्री बदलने की लागत का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और उनका मुनाफा प्रभावित होगा। यदि मांग कमजोर बनी रहती है, तो इसका प्रभाव कारीगरों, सुनारों और ज्वेलरी डिजाइनरों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि ऑर्डर की मात्रा और कॉन्ट्रैक्ट वर्क में कमी आ सकती है, विशेष रूप से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में।

### बढ़ सकती है तस्करी: जीजेसी

**मुंबई, एजेंसी।** सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आभूषण उद्योग के सामने नई चुनौतियां आएंगी और इससे तस्करी को बढ़ावा मिल सकता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, प्रधानमंत्री के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे तस्करी बढ़ेगी...। शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है। इस बीच, आभूषण खुदरा कंपनी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट बने रहने तक आयात शुल्क अधिक रहेगा।

# सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि

## आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण बढ़ाने को एमएसपी में की गयी अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने बुधवार को खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। साथ ही सरकार ने दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी का फैसला किया। आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इन फसलों के एमएसपी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में बुवाई शुरू होने से पहले 14 खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी गई। खरीफ फसलों की बुवाई आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। इस फैसले के तहत, खरीफ सत्र के धान की सामान्य और ए-ग्रेड किस्मों का एमएसपी क्रमशः 2,441 रुपये और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।



नई दिल्ली में बुधवार को कैबिनेट निर्णयों पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव। ● एजेंसी

- दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी
- वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान

कपास के एमएसपी में भी सरकार ने अच्छी बढ़ोतरी की है। मध्यम लंबाई के रेशों वाली मीडियम स्टेपल कपास का एमएसपी 557 रुपये बढ़ाकर 8,267 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि लंबे और बेहतर गुणवत्ता वाले रेशों वाली लॉन्ग स्टेपल कपास का एमएसपी 8,667 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह सभी फसलों में दूसरी सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

सर्वाधिक मूल्य वृद्धि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में 622 रुपये प्रति क्विंटल की हुई है, जिससे इसका एमएसपी बढ़कर 8,343 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इसके अलावा रामतिल (नाइजरसीड) का एमएसपी 515 रुपये बढ़ाकर 10,052 रुपये और तिल का 500 रुपये बढ़ाकर 10,346 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अन्य तिलहनों में सोयाबीन (पीला) का एमएसपी 380 रुपये बढ़ाकर 5,708 रुपये और मूंगफली का 254 रुपये बढ़ाकर 7,517 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अनुमान के मुताबिक, मूंग पर सबसे अधिक 61 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा जिसके बाद बाजरा एवं मक्का (56-56%) और अरहर (54%) का स्थान है। बाकी फसलों के लिए यह मार्जिन 50 प्रतिशत रखा गया है। सरकार ने किसानों को कुल भुगतान 2.60 लाख करोड़ रुपये रहने और वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान जताया है।

### दालों और अन्य मोटे अनाज का एमएसपी भी बढ़ा

दलहनों में अरहर (तूर) का एमएसपी 450 रुपये बढ़ाकर 8,450 रुपये, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 8,200 रुपये और मूंग का मामूली 12 रुपये बढ़ाकर 8,780 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। अनाज की अन्य फसलों में ज्वार (हाइब्रिड) का एमएसपी 324 रुपये बढ़ाकर 4,023 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि बेहतर गुणवत्ता वाली मालदांडी किस्म का एमएसपी 4,073 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। बाजरा का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2,900, रागी का 319 रुपये बढ़ाकर 5,205 रुपये और मक्का का 10 रुपये बढ़ाकर 2,410 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

### ...ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ सत्र की सभी 14 फसलों के लिए एमएसपी उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके।

### एमएसपी बढ़ने का आईवीपीए ने किया स्वागत

भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने तिलहनों का एमएसपी बढ़ाए जाने का स्वागत करने के साथ ही कहा कि वैश्विक कीमतों, घरेलू फसल अर्थशास्त्र और महंगाई के अनुरूप आयात शुल्क ढांचे को स्थिर और लचीला बनाए रखने की जरूरत है।

# सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था।

सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है। किसी भी वित्त वर्ष के लिए हस्तांतरण योग्य अधिशेष का निर्धारण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर किया जाता है। संशोधित ढांचे के अनुसार, आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई के बही-खाते के 4.50 से 7.50 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है।

बजट दस्तावेजों के अनुसार, केंद्र को 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लाभांश और अधिशेष के रूप में 3.16 लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सतर्क अनुमान लगाया है लेकिन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लाभांश भुगतान बजट अनुमान से अधिक हो सकता है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025-26 में भी रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है।

बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, स्वस्थ ऋण विस्तार और अधिक आय ने 2025-26 के दौरान पीएसबी की लाभप्रदता में सुधार किया है।

कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# बजाज ग्रुप के 100 साल पूरे, पीएम मोदी ने सराहा योगदान

कारोबार डेस्क, मुंबई

बजाज ग्रुप ने मंगलवार को अपने 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह आयोजित किया। 148 अरब डॉलर के मार्केट कैप वाला यह समूह आज ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के जरिए देश के हर तीन में से एक घर तक पहुंच रखता है। समूह की स्थापना 1926 में स्वतंत्रता सेनानी, उद्योगपति और समाजसेवी जमनालाल बजाज ने मुंबई में की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजाज परिवार को भेजे संदेश में समूह की राष्ट्र निर्माण, रोजगार सृजन, नवाचार और सामुदायिक विकास में भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में बजाज जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।




बजाज ग्रुप ने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक का निर्माण किया है। इसकी कुछ सूचीबद्ध कंपनियों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, बजाज फाइनेंस, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और मुकंद शामिल हैं। समूह 100 से अधिक देशों में निर्यात करता है और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी प्रवेश की तैयारी कर रहा है।

मुंबई में आयोजित समारोह में उद्योग जगत, राजनीति और मनोरंजन क्षेत्र की हस्तियां शामिल हुईं। चेयरमैन नीरज बजाज, एमडी राजीव बजाज और संजीव बजाज ने आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक विस्तार, तकनीक और वित्तीय समावेशन को अगले 100 वर्षों की दिशा बताया।

# बॉन्ड बाजार के लिए वितरकों की नई श्रेणी शुरू करने पर विचार कर रहा सेबी

मुंबई, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी बॉन्ड बाजार को विस्तार देने और खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए वितरकों की एक नई श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने बुधवार को कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य बॉन्ड यानी डेट उत्पादों की पहुंच को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि म्यूचुअल फंड क्षेत्र की तरह ऐसे वितरकों की जरूरत है, जो खुदरा निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सरल बना सकें, जिसमें 'केवाईसी' प्रावधान, दस्तावेजीकरण और लेनदेन की शुरुआत शामिल है।

सिंह ने उद्योग संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि वितरण प्रणाली यह तय करती है कि वित्त कुछ हाथों में ही सिमटा रहेगा या व्यापक आर्थिक भागीदारी का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खासकर नए निवेशकों के लिए वितरक वित्तीय बाजारों से जुड़ने का पहला माध्यम होते हैं। सिंह ने कहा कि पहले से पंजीकृत सक्रिय वितरकों की संख्या पिछले पांच वर्षों में 2.4 लाख से बढ़कर 3.4 लाख हो गई है।

# शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली बढ़त

मुंबई, एजेंसी

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। निचले स्तर पर धातु, ऊर्जा और खपत से जुड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि, कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई।

इसी तरह, एनएसई निफ्टी 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,959.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालितः ईपीएफओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा। इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी।

केंद्रीय भविष्य निधि संगठन के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है। उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा-हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...।

इंडिया फूड एक्सपो-2026 | एमएसएमई, निवेश व फूड प्रोसेसिंग को वैश्विक पहचान दिलाने की बड़ी पहल

# फूड एक्सपो सितंबर में, 700 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से आयोजित होने वाले इंडिया फूड एक्सपो-2026 के 11वें संस्करण के रोड शो और कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन बुधवार को आईआईए भवन विभूति खंड में हुआ। एक्सपो का आयोजन 18 से 20 सितंबर तक रेगालिया ग्रीन्स में किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बागवानी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं इन्वेस्ट यूपी के एजीएम इंवेस्टमेंट प्रोमोशन ने कहा कि निवेशकों और उद्यमियों को परियोजना स्थापना तक हर स्तर पर सहायता दी जाएगी।




**लखनऊ :** विभूति खंड स्थित आईआईए भवन में इंडिया फूड एक्सपो के कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पदाधिकारी।

एफएसएसएआई के असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत पांडेय ने कहा कि विभाग खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अनुपालन प्रक्रियाओं में उद्यमियों को हर संभव सहयोग देगा।

कार्यक्रम में आईएफएक्स-2026 का लोगो, ब्रोशर, वेबसाइट और डिजिटल अभियान भी लॉन्च किया गया। आईआईए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने नई आयोजन समिति की घोषणा करते हुए विकास खन्ना को आईएफएक्स-2026 का चेयरमैन बनाया। वैभव अग्रवाल और विधु गुप्ता को डिप्टी चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पूर्व चेयरमैन चेतन देव भल्ला और आईआईए उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश हवेलिया को सलाहकार नियुक्त किया गया।

चेयरमैन विकास खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित 75 हजार नई फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के लक्ष्य को साकार करने में आईएफएक्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह मंच एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार, निवेश, तकनीक, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ेगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस बार एक्सपो में 160 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स भाग लेंगे और 35 से ज्यादा देशों के दूतावासों को आमंत्रित किया जा रहा है। पिछले संस्करण में करीब 350 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जबकि इस बार 700 करोड़ रुपये से अधिक बीटूबी कारोबार की संभावना जताई गई है।

- केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है आईएफएक्स : दिनेश गोयल

आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आईएफएक्स केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि एआई, स्मार्ट पैकेजिंग, ई-कॉमर्स और आधुनिक तकनीकें भविष्य के फूड उद्योग की दिशा तय करेंगी।

# कांग्रेस, वाम दलों, अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत

## मुख्य विपक्षी दल द्रमुक ने किया बहिर्गमन, सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में पड़े 144 मत

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में चार दिन पुरानी सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत जीत लिया। मुख्य विपक्षी दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से इस दौरान बहिर्गमन और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में विभाजन के घटनाक्रम के बाद सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में 144 मत डाले गए। राज्य की 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 मतों की आवश्यकता थी।

सदन में मतों के विभाजन के दौरान मुख्यमंत्री विजय की ओर से पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 144 मत पड़े, जबकि विरोध में 22 मत पड़े। भाजपा का एकमात्र विधायक और राजग के घटक दल पट्टाली मक्कल काची के चार विधायक मतदान के दौरान तटस्थ रहे। बहुमत की कमी के चलते सरकार की स्थिरता पर उठ रहे सवालों के बीच इस जीत ने पहली बार सत्ता में आई टीवीके सरकार को कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी मजबूती प्रदान कर दी। नियमों के मुताबिक अब अगले छह महीने तक विधानसभा में दोबारा शक्ति परीक्षण नहीं कराया जा सकेगा। विश्वास मत के बाद अब मुख्यमंत्री विजय सहित मंत्रियों को विभागों का आवंटन की औपचारिकता भी जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके), वामपंथी दलों, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) और एस.पी. वेलुमणि एवं सी.वी. षणमुगम के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के बागी गुट के समर्थन से यह विश्वास मत जीता। सुबह 9:30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद सभी दलों के विधायकों ने इस पर अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने मतों के विभाजन की प्रक्रिया के बाद घोषणा की कि मुख्यमंत्री की ओर से सदन का विश्वास हासिल करने के लिए लाया गया प्रस्ताव पारित हो गया है। सदन में 59 विधायकों वाली मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक के सदस्यों ने विश्वास मत संबंधी प्रस्ताव पर मतदान शुरू होने से पहले ही बहिर्गमन कर दिया।



विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का सदन में जवाब देते मुख्यमंत्री थलापति विजय।

### अन्नाद्रमुक के 25 सदस्यों का सरकार के पक्ष में वोट

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी सदस्यों ने विश्वास मत पर सरकार के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग की। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और द्रमुक विधायक उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि टीवीके सरकार उधार के सहयोगियों के सहारे और अन्नाद्रमुक को विभाजित करके सत्ता में आई है। अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी का समर्थन कर रहे 21 विधायकों और स्वयं पलानीस्वामी ने टीवीके सरकार के खिलाफ मतदान किया। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के चार विधायक और भाजपा के एकमात्र सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए।

### भाजपा के एक विधायक समेत राजग के पांच सदस्यों ने नहीं किया मतदान


राजग के घटक दल टीटीवी दिनकरण के नेतृत्व वाली अम्माल मक्कल मुनेत्र कषगम से निष्कासित विधायक एस. कामराज उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सरकार के पक्ष में मतदान किया।

### हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेंगे : विजय

विश्वास मत के प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेगी और पिछली सरकारों द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार घोड़े जैसी रफ्तार (हॉर्स स्पीड) से काम करती है, लेकिन वह विधायकों की खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) में शामिल नहीं होती। यह शक्ति परीक्षण राज्यपाल आरवी आर्लेकर के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने विजय को 13 मई या उससे पहले बहुमत साबित करने को कहा था। सत्तारूढ़ टीवीके की कुल सदस्य संख्या 107 है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल हैं और उन्होंने मतदान नहीं किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने सेतुपति पर लगी रोक हटाई, फिर भी नहीं डाल सके वोट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें टीवीके विधायक आर श्रीनिवास सेतुपति को तमिलनाडु विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने से रोका गया था। हालांकि इसके बावजूद सेतुपति विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में हिस्सा नहीं ले सके। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि यह बेहद गंभीर है। हाईकोर्ट कहता है कि इसका उपाय चुनाव याचिका है लेकिन फिर भी अनुच्छेद 226 के तहत दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। संविधान का अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को कुछ मामलों में रिट (परमादेश) जारी करने की शक्ति से संबंधित है। रिट जारी करने का मतलब सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट द्वारा किसी व्यक्ति, अधिकारी या संस्था को लिखित औपचारिक आदेश देना है। यह आदेश संवैधानिक अधिकारों (मौलिक अधिकारों) को लागू करने या उनके उल्लंघन को रोकने के लिए जारी किया जाता है।



## बीजिंग में ट्रंप का भव्य स्वागत

- ईरान युद्ध समेत कई मुद्दों पर जिनपिंग से होगी चर्चा

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को बीजिंग पहुंचे, जहां उनकी अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध, व्यापार और ताइवान को अमेरिका की ओर से की जाने वाली हथियारों की बिक्री पर बातचीत होगी। शिखर सम्मेलन के तहत दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत का मुख्य कार्यक्रम बृहस्पतिवार को होगा, जब जिनपिंग ट्रंप के सम्मान में एक औपचारिक भोज का भी आयोजन करेंगे। बीजिंग में विमान उतरने के बाद ट्रंप का भव्य स्वागत किया गया। उनका स्वागत चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग, वाशिंगटन में चीन के राजदूत शी फेंग, विदेश मामलों के कार्यकारी उप मंत्री मा झाओक्सू और बीजिंग में अमेरिकी दूत डेविड पर्ड्यू ने किया। स्वागत समारोह में 300 चीनी युवा शामिल हुए और सैन्य बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। चीन की सेना ने ट्रंप को गारद सलामी भी दी।

## ज्योतिषी को ओएसडी बनाने का आदेश रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी राजनीतिक) के रूप में ज्योतिषी रिक्की राधन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति संबंधी आदेश वापस ले लिया।

मंगलवार को हुई इस नियुक्ति के बाद विपक्षी दलों के साथ टीवीके के सहयोगियों ने भी इसकी तीखी आलोचना की थी। इस नियुक्ति को लेकर बुधवार को विधानसभा में भी तीखी बहस हुई। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत समेत विपक्षी नेताओं ने सदन में इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि एक ज्योतिषी को महत्वपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक पद पर कैसे नियुक्त किया जा सकता है। बढ़ते विरोध के बीच विजय सरकार ने 24 घंटे में ही नियुक्ति आदेश रद्द कर दिया। प्रख्यात ज्योतिषी वेत्रिवेल को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजनीतिक मामलों को देखने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## पांच शर्तों को पूरा करे अमेरिका, तभी बातचीत : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका अगर पांच शर्त पूरी करे तो वह उससे बातचीत करेगा। इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना और विशेषकर लेबनान में, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है।

- कहा- नाकेबंदी से यह साफ, अमेरिका भरोसे लायक नहीं

फार्स न्यूज एजेंसी की ओर से एक सूत्र के हवाले से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान को संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बिना नतीजे के समाप्त हो गई। इसके बाद से अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है। मध्यस्थ इस समय बातचीत का नया दौर आयोजित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। चार मई को ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर पाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने वेनेजुएला को बताया अमेरिका का 51वां राज्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रंप ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी। उन्होंने इस जीत का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की संभावना को खारिज कर दिया।

### फिलीपींस संसद में सांसद की गिरफ्तारी के दौरान गोलीबारी

**मनीला।** फिलीपीन संसद के उच्च सदन में बुधवार रात उस समय गोलीबारी की घटना हुई, जब अधिकारियों ने एक सांसद को गिरफ्तार करने की कोशिश की है। बताया गया कि सांसद मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा वांछित है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि गोलीबारी किस वजह से हुई या सीनेट में कोई घायल हुआ या नहीं। फिलीपीन के अधिकारियों द्वारा सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा को गिरफ्तार करने और संभवतः बाद में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को सौंपने के प्रयास के दौरान डेला रोजा को सहयोगी सांसदों की सुरक्षात्मक हिरासत में रखा गया है।

### लेबनान में इजराइली हवाई हमले से ध्वस्त हुई रिहायशी इमारत

**बेरूत।** इजराइल के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार दोपहर दक्षिण लेबनान के कई कस्बों और गांवों पर हवाई हमले किए, जिनमें कफर रुम्मान-अल-मायदानेह राजमार्ग पर स्थित एक रिहायशी इमारत पूरी तरह नष्ट हो गई। नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) के अनुसार इजराइली विमानों ने दो चरणों में हवाई हमला करते हुए कफर रुम्मान-अल-मायदानेह मार्ग पर स्थित एक आवासीय भवन को निशाना बनाया। हमले में इमारत ध्वस्त हो गयी। इजराइली युद्धक विमानों ने बिंत जुबैल जिले के बैत याहून कस्बे पर भी हवाई हमला किया। इसी जिले के ऐता अल-जबल क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया।

### रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों पर किए ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले

**कीव।** रूस ने बुधवार को ड्रोन के जरिए यूक्रेन के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया। इससे पहले मिसाइलों के हमले में आठ लोगों की मौत हो गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर कहा, रूस लगातार हमले कर रहा है और वह यह सब बेशर्मी से कर रहा है। जानबूझकर हमारे रेलवे ढांचे और हमारे शहरों में नागरिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जेलेंस्की के अनुसार, रात भर हमलों में मध्य नीप्रो और उत्तरपूर्वी खारकीव क्षेत्रों में यूक्रेन के आवासीय और रेलवे बुनियादी ढांचे, दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में बंदरगाह बुनियादी ढांचे और मध्य पोल्तावा क्षेत्र में ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिन भर में 14 क्षेत्रों पर हमले हुए।

## एयर इंडिया अपनी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 27% कटौती करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्रों पर जारी प्रतिबंधों के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में जून से अगस्त के दौरान 27 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह इस अवधि में चुनिंदा अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों को युक्तिसंगत बनाएगी।

एयरलाइन कंपनी ने इसके लिए कई कारकों के संयुक्त प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है जिनमें पश्चिम एशिया संकट के कारण कुछ इलाकों में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों का जारी रहना और विमान ईंधन के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर प्रमुख हैं। कंपनी ने कहा है कि जून से अगस्त के बीच वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करेगी जो रोजाना औसतन 40 के करीब है। सूत्रों ने बताया कि अभी एयरलाइंस औसतन हर दिन 55 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन कर रही है। इस प्रकार उड़ानों की संख्या में 27 प्रतिशत की कटौती की गई है।

कंपनी ने कहा है कि इन बदलावों का उद्देश्य नेटवर्क की स्थिरता बनाए रखना और अंतिम क्षणों में यात्रियों को होने वाली असुविधाओं से बचाना है। पहले से जिन यात्रियों ने टिकट बुक करा रखे हैं उन्हें दूसरी विमानों में सीट देने में एयरलाइंस मदद करेगी। एयर इंडिया का कहना है कि वह जून से अगस्त तक हर सप्ताह उत्तर अमेरिका के लिए में 33, यूरोप के लिए 47, ब्रिटेन के लिए 57, ऑस्ट्रेलिया के लिए आठ और सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा सार्क क्षेत्र के लिए 158 और मॉरिशस के लिए सात उड़ानों का परिचालन करेगी।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण इस समय विमान ईंधन की कीमत रिकॉर्ड उच्चतम स्तर हैं। सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमतों में हर महीने के लिए 25 प्रतिशत की सीमा तय कर दी है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह राहत नहीं दी गई है।

### तेल संकट की मार



- जून से अगस्त तक होगी कटौती, पश्चिम एशिया में हवाई प्रतिबंध भी कारण

## भारत के साथ सभी समझौते निभाएगा रूस

मॉस्को, एजेंसी

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि रूस अनुचित प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत के साथ ऊर्जा आपूर्ति संबंधी समझौतों को पूरा करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंध मित्रता पर आधारित हैं और ऐसी कोई स्थिति पैदा होने की संभावना नहीं है जिससे उनके रास्ते अलग हो जाएं।

इस सप्ताह नई दिल्ली की अपनी यात्रा से पहले एक साक्षात्कार में लावरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दुनिया के सबसे ऊर्जावान नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूसी आपूर्ति के संबंध में भारत के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे कि यह अनुचित और बेईमानी भरी प्रतिस्पर्धा हमारे समझौतों को क्षति न पहुंचाए। लावरोव ने कहा, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारी प्रमुख परियोजना है। यह भारत की जरूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा करता है। इस परमाणु संयंत्र के लिए नई विद्युत इकाइयों के निर्माण पर सहयोग जारी है।

लावरोव ने कहा, भारत-रूस संबंधों के लिए सिर्फ एक शब्द नहीं है। ऐसा इसलिए नहीं है कि मानव भाषाएं इतनी समृद्ध नहीं हैं, बल्कि इसलिए कि इतने परिपूर्ण और गहरे संबंध की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने हिंदी-रूसी भाई-भाई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति का हिस्सा बन गया है।



- दिल्ली दौरे से पहले लावरोव ने कहा- दोनों देशों के रास्ते अलग होने का सवाल ही नहीं

## अमेरिका का हथियारों का भंडार खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों का भंडार खाली होने की रिपोर्ट और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण हैं और व्यर्थ में बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है। हेगसेथ ने सांसदों के साथ अलग बातचीत में कहा, मैं सार्वजनिक मंच पर यह कहे जाने से असहमत हूं कि हमारे गोला-बारूद के भंडार समाप्त हो रहे हैं। ईरान संघर्ष कई सप्ताह तक खिंचने के कारण हथियार भंडार को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस दौरान टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, एटीएसीएमएस युद्धक्षेत्र मिसाइल और पैट्रियट वायु रक्षा इंटरसेप्टर जैसी उन्नत प्रणालियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ है।



- संसदीय सुनवाई के दौरान अमेरिकी रक्षामंत्री ने ऐसे दावों को बताया मूर्खतापूर्ण

### खुफिया रिपोर्ट: ट्रंप के दावों के बावजूद ईरान की 70% मिसाइल क्षमता सुरक्षित

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। युद्ध के बीच ट्रंप कई बार ईरान की मिसाइल क्षमता खत्म होने के दावे कर चुके हैं।

## अमेरिका में भारतीयों समेत 10,000 विदेशी छात्र रडार पर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है।

ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में परिवर्तित होने का अवसर भी देता है। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड लायंस ने कहा कि छात्र वीजा कार्यक्रम का ओपीटी प्रावधान धोखाधड़ी का केंद्र बन गया है और गृह सुरक्षा विभाग की ओर से इसकी कई जांच की जा चुकी हैं। लायंस ने कहा, हमें ऐसे मामले मिले हैं जिनमें जासूसी, जैविक खतरों, बौद्धिक संपदा की चोरी, वीजा और रोजगार धोखाधड़ी और बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले घोटाले भी शामिल हैं। इन सभी मामलों में ऐसे लोग शामिल पाए गए जिन्होंने छात्र होने की अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा, हमारा देश विदेशी छात्र कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरे बर्दाश्त नहीं करेगा। लायंस ने बताया कि संघीय जांचकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जिसमें यह सामने आया कि कई ओपीटी लाभार्थियों को भारत में बैठे कर्मचारी प्रबंधित कर रहे थे।

- वीजा नियमों का दुरुपयोग कर संदिग्ध लोगों के लिए काम करने का आरोप

### श्रीलंका: मादक पदार्थ की तस्करी में भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 438 लाख श्रीलंकाई रुपये कीमत का चार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया गया। हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने बताया कि बैंकॉक से हवाई जहाज से आया 29 वर्षीय व्यक्ति ग्रीन चैनल का उपयोग करके देश छोड़ने का प्रयास कर रहा था तभी सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसे रोककर उसके सामान की जांच की।

सुप्रीम टिप्पणी

सबरीमाला मामले में कहा- घर में दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त

## हिंदुत्व जीवनशैली, आस्था जताने को मंदिर जाना अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व जीवनशैली है और किसी हिंदू को हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, यहां तक कि घर के अंदर दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और दाऊदी बोहरा समुदाय सहित कई धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।



सुप्रीम कोर्ट में पंद्रहवें दिन इस मामले में सुनवाई शुरू होने पर हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता डॉ. जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में यह माना गया कि हिंदू वह है जो धर्म और दर्शन के सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। उन्होंने मुझसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा, मेरा वेदों के प्रति अत्यंत आदरभाव है। लेकिन क्या यह सच है कि आज हिंदू कहलाने वाला प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है।

उनकी दलील का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इसीलिए हिंदुत्व को जीवनशैली कहा जाता है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है कि किसी को कर्मकांडी होने की जरूरत नहीं है और आस्था रखने वाले लोगों के रास्ते में कोई बाधा नहीं बन सकता। सीजेआई ने यह भी टिप्पणी की, यदि कोई व्यक्ति अपने घर में एक दीपक भी जलाता है तो यह उसके धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है।

न्यायालय ने इससे पहले टिप्पणी की थी कि यदि व्यक्ति किसी संवैधानिक अदालत के समक्ष हर धार्मिक प्रथा या धर्म से संबंधित मामलों पर सवाल उठाना शुरू कर दें तो सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी और इसके कारण हर धर्म टूट जाएगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ कम रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत बन सकते हैं।

**वृष** — आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। अपने लक्ष्य को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज नई संपत्ति की खरीदी करेंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज व्यवसाय में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। शाम को अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह** — आज कारोबार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। युवा अपने करियर को लेकर सतर्क रहेंगे।

**कन्या** — आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। शाम के समय मन थोड़ा व्यथित रहेगा। सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में धन लाभ होगा। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। तय समय पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे।

**वृश्चिक** — आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेन-देन में चूक हो सकती है।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान होगा। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। घर में मेहमान आ सकते हैं।


**मकर** — आज आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र का तनाव दूर होगा। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन** — आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बेहतरीन है। स्वभाव में कुछ तीखापन रहेगा। महिलाएं काम को लेकर तनाव में हो सकती हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मई, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, द्वादशी 11.20 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-रेवती 22.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 148 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | 5 | | | 6 | | |
| | 2 | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 6 | | | | 3 |
| | | 1 | | | 7 | | 9 | |
| | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |



वैभव सूर्यवंशी में एक बेहतरीन प्रतिभा है। उसके हाथ बहुत तेज चलते हैं। वह बिल्कुल निडर बल्लेबाजी कर रहा है। उसके शरीर में डर का एक अंश भी नहीं है। वह निश्चित रूप से ऐसा खिलाड़ी जो लोगों का ध्यान खेल की तरफ खींचता है।
–कागिसो रबाडा

# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 14 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# कोलकाता ने बेंगलुरु को दिया 193 रनों का लक्ष्य, रिंकू पचासे से चूके

## आईपीएल-2026 : बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मैच, रघुवंशी ने सर्वाधिक 71 रन बनाए

**रायपुर, एजेंसी**

अंगकृष रघुवंशी (71), रिंकू सिंह (नाबाद 49) और कैमरन ग्रीन (32) की शानदार पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन ऐलन की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 23 रन जोड़े। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने फिन ऐलन आठ गेंदों में (18) को आउटकर आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पांचवें ओवर में जॉश हेजलवुड ने अजिंक्य रहाणे 13 गेंदों में (19) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कैमरन ग्रीन और अंगकृष रघुवंशी की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिये 68 रन जोड़े।

13वें ओवर में रसिख सलाम ने कैमरन ग्रीन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। पारी की आखिरी गेंद पर अंगकृष्ण रघुवंशी रनआउट हुये। कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर बनाया। अंगकृष रघुवंशी ने 46 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 71 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 49 रन बनाये। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम और जॉश हेजलवुड ने एक-एक विकेट लिए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी। एजेंसी

### प्लेआफ की स्थिति : जीटी, आरसीबी शीर्ष दो की दौड़ में, चेन्नई के पास भी मौका

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के चार स्थानों के लिए अब आठ टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है।

लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है।

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं। पीटीआई ने क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल आठ टीमों के समीकरणों का जायजा लिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब बुधवार को उसका सामना केकेआर से है जिसे जीतने पर उसकी प्लेआफ में जगह लगभग पक्की हो जाएगी। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। पंजाब किंग्स : खराब गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से पंजाब को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है लेकिन आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रनरेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा। गुजरात टाइटंस : चार साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात-501 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -481 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट

### मुंबई के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा पंजाब

**मुकाबला आज**

**धर्मशाला, एजेंसी।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, पर लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए।

**हाईलाइट**



एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में पीजीए चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के प्रैक्टिस राउंड के दौरान सातवें ग्रीन बंकर से हिट करते गैरी वुडलैंड। एजेंसी

### टेस्ट रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है।

# रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका



**41** वर्ष के हो चुके हैं पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**226** मैच में 143 गोल किए हैं पुर्तगाल के लिए, जो विश्व रिकॉर्ड है



**लिस्बन, एजेंसी।** पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांवों का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। इस साल की शुरुआत में सऊदी प्रो लीग में अपनी क्लब टीम अल नासर की तरफ से खेलते समय उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह एक अप्रैल को अटलांटा में पुर्तगाल और अमेरिका के बीच मैत्री मैच में नहीं खेल पाए थे। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है। अगर वह विश्व कप में खेलते हैं तो वह 2014 में मिशिगन में रियाल मैड्रिड की तरफ से मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर खेलेंगे।

रोनाल्डो इस तरह से अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं।

रोनाल्डो ने नवंबर में सीएनएन को बताया था कि यह विश्व कप ''निश्चित रूप'' से उनका आखिरी विश्व कप होगा। पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था। यह हार इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि रोनाल्डो को एक डिफेंडर को कोहनी मारने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। रोनाल्डो को दो मैच का प्रतिबंध झेलना पड़ा। पुर्तगाल ने वापसी करते हुए आर्मेनिया को 9-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की की।

## लीग में सबसे अधिक कमाने वाले हैं मेसी

**लंदन।** स्टॉर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी इंटर मियामी के साथ नए अनुबंध के तहत मेजर लीग सॉकर में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी बने हुए हैं।

एमएलएस प्लेयर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़े उस अनुबंध के विस्तार को दिखाते हैं जिस पर मेसी ने अक्टूबर में इंटर मियामी के साथ हस्ताक्षर किए था। नए अनुबंध के तहत उन्हें 28.33 मिलियन डॉलर (करीब 267 करोड़ रुपये) की रकम मिलेगी। जो नॉर्थ अमेरिकन लीग के अगले सबसे अधिक कमाने वाले खिलाड़ी से दोगुने से भी अधिक है। एफएएफसी के सोन ह्युंग-मिन दूसरे सबसे ज्यादा कमाने वाले खिलाड़ी हैं। मेसी 2023 में फ्लोरिडा फ्रैंचाइजी में शामिल हुए और उन्होंने 64 रेगुलर-सीज़न एमएलएस गेम्स में 59 गोल किए हैं, जिससे मियामी को 2025 में एमएलएस कप जीतने में मदद मिली। उन्होंने पिछले सीजन में 29 गोल के साथ लीग को लीड किया व अब तक खेले गए दो पूरे एमएलएस सीजन-2024 व 2025-में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर रहे हैं।

# हरियाणा के नाम रहा नंदिनी नगर दंगल

- सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**नवाबगंज (गोंडा)**

**अमृत विचार।** नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपन सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार देर शाम को पदक अलंकरण समारोह के साथ समापन हो गया। देशभर से पहुंचे पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना दबदबा कायम रखा।

फ्री-स्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती को मिलाकर हरियाणा ने 22 स्वर्ण पदक और कुल 700 अंक अर्जित कर प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के लगभग 1400 पहलवानों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में दर्शकों को कई रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले दंगल देखने को मिले। समापन अवसर पर महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



मेडल के साथ महिला पहलवान। अमृत विचार

### महिला वर्ग में उप्र ने दूसरा स्थान हासिल किया

महिला वर्ग में भी हरियाणा की पहलवानों का दबदबा पूरी तरह कायम रहा। हरियाणा की महिला टीम ने 6 स्वर्ण, 8 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की पहलवानों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

50 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंकुश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रचना (हरियाणा) को रजत पदक मिला, जबकि परवीन (हरियाणा) और इशिका (दिल्ली) ने कांस्य पदक जीते। 53 किग्रा वर्ग में निशु (हरियाणा) ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। हिमांशी (हरियाणा) को रजत पदक मिला। तन्नू (हरियाणा) और तानिया (दिल्ली) कांस्य पदक विजेता रहीं। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा की निशा ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। नैना (हरियाणा) रजत पदक पर रहीं। त्निश्का (दिल्ली) और खुशी (हरियाणा) ने कांस्य पदक हासिल किया। 57 किग्रा वर्ग में रीना (हरियाणा) ने शानदार दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश की काजल चौधरी को रजत पदक मिला। शिवानी और हंसिका लांबा (दोनों हरियाणा) ने कांस्य पदक जीते। 59 किग्रा वर्ग में सितो (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिमरन (हरियाणा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। खुशी चौधरी (उत्तर प्रदेश) और पूजा गहलोत (हरियाणा) कांस्य पदक विजेता रहीं। 62 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र की वैष्णवी दिलीप पाटिल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की अंजली को रजत पदक मिला। सारिका (हरियाणा) और प्रगति विनोद गायकवाड़ (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक हासिल किया। 65 किग्रा वर्ग में चंडीगढ़ की अंजली ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**नाराजगी** अनुबंध नहीं बढाने पर भड़के भारतीय हॉकी जूनियर टीम के कोच, विदेशी कोचों को तरजीह पर उठाये सवाल

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद मुझे हटाया गया : पीआर श्रीजेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के महान गोलकीपर और जूनियर टीम के मुख्य कोच रहे पी आर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के लिये महज 17 महीने बाद पद से हटाने को लेकर हॉकी इंडिया पर सार्वजनिक तौर पर भड़ास निकाली है हालांकि हॉकी इंडिया ने उनके आरोप को खारिज किया। सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक तल्ख पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें फिर कोच नहीं बनाया गया क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है।

श्रीजेश ने 'एक्स' पर लिखा लगता है कि मेरा कोचिंग कैरियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे। उन्होंने कहा मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में टिर्की ने कहा पी आर श्रीजेश का कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था। इसके बाद प्रोटोकॉल का पालन करके पद के लिये विज्ञापन दिया गया और कुछ नाम चुने गए। उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके चयन किया गया है। इसमें कहा गया प्रक्रिया के बाद एक योग्य कोच का चयन किया गया है जिसके नाम की घोषणा जल्दी ही की जायेगी। टिर्की ने कहा हमने श्रीजेश को हटाया नहीं है बल्कि उन्हें डेवलपमेंट टीम (भारत ए) का कोच बनने की पेशकश की गई थी। उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी नहीं माने। एक सूत्र ने बताया कि श्रीजेश को सीनियर पुरूष टीम का गोलकीपिंग कोच बनाने की पेशकश भी हुई थी। श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था और उन्होंने इस पद के लिए पुनः आवेदन किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टोन हैं जबकि महिला टीम के कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन हैं।



एक मैच के दौरान सलाह देते पीआर श्रीजेश। फाइल फोटो

### ये लगाया आरोप

टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहे श्रीजेश ने कहा हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच, जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।

### कार्यकाल 2025 में ही खत्म हो गया : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें पद से हटाया नहीं गया है बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था और उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके मेरिट के आधार पर नया कोच चुना गया है।

# भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत, सिंधु और लक्ष्य जीते

**बैंकॉक, एजेंसी :**

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, सिंधु डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।

**थाईलैंड ओपन**



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ 17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी।